सुप्रभात
रांची, मंगलवार
19.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 156



12 जब भारत में इतनी सुंदरता है, तो लोग क्यों जाते हैं विदेश : भाग्यश्री

# सभी रिकार्ड टूटे : एक दिन में सदन से 78 सांसद निलंबित

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की सुरक्ष में सेंध मामले को लेकर संसद के शीतकालीन सत्र में सोमवार को भी दोनों सदनों में भारी हंगामा हुआ। विपक्ष की मांग है कि पूरे मामले पर गृह मंत्री अमित शाह या फिर पीएम मोदी खुद बयान दें, हालांकि, सरकार ने साफ कर दिया है कि इस मामले पर जांच जारी है और उससे पहले कोई भी बयान देना उचित नहीं होगा। दोनों सदनों में इस मुद्दे पर सोमवार को इतनी तीखी नोकझोक हुई कि कुल 78 सांसदों को शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया।

**संसद का शीतकालीन सत्र**

इसमें लोकसभा के 33 और राज्यसभा से झारखंड की महुआ माजी समेत 45 सांसद हैं। इससे पहले दोनों सदनों से कुल 14 सांसद निलंबित किये जा चुके थे। कुल मिला कर अबतक 92 सांसद निलंबित किये जा चुके हैं। संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने सांसदों को निलंबित किया गया। निलंबन के मुद्दे पर विपक्षी सांसद केंद्र की मोदी सरकार पर जम कर भड़के। कांग्रेस ने कहा कि पूरा देश देख रहा है कि संसद में 'बुलडोजर' चलवाया जा रहा है और विपक्ष की आवाज दबायी जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अब सरकार बिना किसी बहस के महत्वूपर्ण बिलों को पारित करायेगी। यह और कुछ नहीं बल्कि तानाशाही है।

**1989 का टूटा रिकार्ड :** संसदीय इतिहास में लोकसभा में मौजूदा सत्र को छोड़कर सबसे बड़ा निलंबन 1989 में हुआ था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या पर ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट को संसद में रखे जाने पर सांसदों ने जमकर हंगामा किया था। उस समय तत्कालीन अध्यक्ष ने 63 सांसदों को निलंबित कर दिया था। चार अन्य सांसद निलंबित सांसदों के साथ सदन से बाहर चले गये थे। (शेष पेज 11 पर)

## महुआ माजी समेत राज्यसभा से 45, लोकसभा से 33 सस्पेंड, भड़का विपक्ष



**लोकसभा से निलंबित सांसद :** सदन की कार्यवाही बाधित करने और आसन की अवमानना को लेकर सोमवार विपक्षी दलों के 33 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। अनमें टीएमसी और द्रमुक के नौ-नौ, कांग्रेस के सात, आईयूएमएल के दो तथा रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, वीरुथलई चिरुथैगल काची (वीसीके) और जनता दल (यूनाइटेड) के एक-एक सदस्य शोमिल हैं।

### राज्यसभा से निलंबितों की सूची

सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्षी दलों के 34 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए तथा 11 सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित कर दिया। सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में हंगामे को लेकर विपक्षी दलों के 34 सदस्यों का नाम लिया। वे हैं कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, अमी याज्ञिक, नारणभाई जे राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्ति सिंह गोहिल, केसी वेणुगोपाल, रजनी पाटिल, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी और रणदीप सिंह सुरजेवाला। झामुमो की महुआ माजी। टीएमसी सुखेंदु शेखर रे, मो नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बड़ाइक, समीरुल इस्लाम। द्रमुक के एम शनमुगम, एनआर एलानगो, कनिमोझी एनवीएन सोमू, आर गिरिराजन। राजद के मनोज झा और फैयाज अहमद। माकपा के वी शिवदासन, जदयू के रामनाथ ठाकुर एवं अनिल प्रसाद हेगड़े। राकांपा की वंदना चव्हाण। सपा के रामगोपाल यादव, जावेद अली खान। अन्य सांसद- जोस के मणि और अजीत भुइयां।

### क्या बोलीं ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि सरकार डर गयी है और अगर इसी तरह विपक्ष के सांसद सस्पेंड होते रहे तो संसद में लोगों की आवाज उठायेगा कौन। बेहतर हो वो पूरी संसद ही सस्पेंड कर दें...। खुलेआम लोकतंत्र का मजाक उड़ाया जा रहा है।

पूर्व की सरकार ने हाथी उड़ा कर झारखंड को लूटा : हेमंत

# चौथी वर्षगांठ पर आठ हजार युवाओं को सरकारी नौकरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग, रांची।** सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को हजारीबाग के ईचाक प्रखंड के तेतरीय ग्राम में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार दिल्ली और रांची के बंद और एयर कंडीशंड कमरे से नहीं बल्कि गांव और पंचायत से चल रही है। जिस गांव में आने -जाने का रास्ता तक नहीं है, वहां अधिकारी पूरे दल-बल के साथ योजनाओं की पोटली लेकर पहुंच रहे हैं। आपको लाभान्वित करने का काम कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर सीएम ने करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही केंद्र और पूर्ववर्ती रघुवर सरकार के ऊपर जमकर निशाना भी साधा।

**आठ हजार को देंगे सरकारी नौकरी :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार के चार साल पूरा होने पर आठ हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। (शेष पेज 11 पर)



### पिछली सरकार ने केवल पैसे बर्बाद किये

सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में हाथी उड़ने और मोमेंटम झारखंड के जरिए झारखंड का पैसा बर्बाद हुआ। इसी बहाने जम कर लूट-खसोट भी हुई। वहीं मंत्री सत्यानंद भोक्ता में कहा कि पिछली सरकार हाथी उड़ने और मोमेंटम झारखंड के जरिये पैसा बर्बाद किया और डोभा बनाकर भी पैसे की बबार्दी की गयी। वर्तमान सरकार पंचायत में जाकर योजना को धरातल पर लाने का काम कर रही है। इस सरकार ने चार सालों में झारखंड में विकास की लंबी लकीर खींची है। वहीं आलमगीर आलम ने भी कहा कि 10 दिन के बाद झारखंड सरकार के 4 साल पूरे हो जायेंगे। अगर स्वच्छ विचार करके देखा जाए तो झारखंड सरकार के 4 साल बेमिसाल हैं।

झारखंड विधानसभा के बाहर पक्ष-विपक्ष दोनों का प्रदर्शन

# हंगामे के बीच 8111.75 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

- माननीयों के वेतन भत्ते में 50% तक होगी वृद्धि
- विपक्ष के हंगामे के कारण धुल गया प्रश्न काल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सोमवार को भारी हंगामे और शोर-शराबे के बीच 8111.75 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अनुपुरक बजट पेश किया। इसके पहले विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्न काल धुल गया। भाजपा विधायकों ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेसी सांसद धीरज साहू के ठिकानों से कैश बरामदगी और सीएम को ईडी की नोटिस को लेकर हंगामा किया।



भाजपा के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण के नेतृत्व में अन्य विधायक भी बेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। शोरगुल बढ़ता देख स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही साढ़े 12 बजे तक स्थगित कर दी।

प्रश्नकाल के दौरान जातीय सर्वेक्षण से जुड़े विधायक प्रदीप यादव के सवाल पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इस मसले पर सरकार जल्द फैसला लेगी। साढ़े 12 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू होने पर महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी ने झारखंड राज्य दिव्यांगजन अधिकार नियमावली 2018, झारखंड राज्य माता-पिता भरण पोषण और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण तथा कल्याण नियम 2014 और झारखंड जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड केयर एंड प्रोटक्शन रूल्स 2017 की प्रति को सभा पटल पर रखा। स्पीकर ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी। (शेष पेज 11 पर)

### जवाब आइटी को देना है कांग्रेस को नहीं

अमर बाउरी की बातों का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि धीरज साहू के यहां जो राशि मिली है, उसका जवाब आईटी देगा, न कि कांग्रेस पार्टी। उन्होंने कहा कि धीरज साहू का काफी लंबा-चौड़ा पारिवारिक व्यापार है। धीरज साहू कांग्रेस से सांसद जरूर हैं लेकिन उनके यहां मिली राशि पर कांग्रेस को जवाब देने की जरूरत नहीं। साथ ही ईडी के समन पर आलमगीर ने कहा कि ईडी को मुख्यमंत्री की तरफ से जवाब दिया जा रहा है। यह एक कानूनी प्रक्रिया है।

## धमाकों से दहलाने की साजिश में एनआइए ने आठ आतंकी दबोचे

- आइएसआइएस से जुड़े 19 जगहों पर छापामारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एएनआइ) ने सोमवार को कट्टरपंथी जिहादी आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस) के संबंध में देश में 19 से अधिक स्थानों पर छापे मारे। तलाशी के दौरान, आतंकवाद-रोधी जांच एजेंसी ने बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी, हथियार, संवेदनशील दस्तावेज और विभिन्न डिजिटल उपकरण जब्त किये। कर्नाटक के बेल्लारी में इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल से जुड़े आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। (शेष पेज 11 पर)

**झारखंड से तीन गिरफ्तार :** वहीं झारखंड के बोकारो और जमशेदपुर में तीन ठिकानों पर दिल्ली एनआइए और एटीएस की संयुक्त छापेमारी कर तीन लोगों को पकड़ा है। बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड के सुतरीबेड़ा में छापेमारी कर हाफिज असगर और अजहर कमाल से पूछताछ की। पूछताछ के बाद उनके घर से कुछ दस्तावेज बरामद कर अपने साथ ले गयी। उससे बिष्टुपुर स्थित सर्किट हाउस में पूछताछ की जा रही है। जांच टीम ने देर रात जमशेदपुर के आजादनगर और मानगो क्षेत्र में भी छापेमारी की। जांच टीम ने जुगसलाई में किराये के मकान में रह रहे आफताब पठान और शहबाज को पकड़ा है। एनआईए की टीम ने दोनों को जमशेदपुर परिसदन में रखा है और उनसे पूछताछ कर रही है। जमशेदपुर में 80 लाख रुपए गबन के आरोपी अहमद दिलकश और आशिफ अली ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। हालांकि इस संबंध में स्थानीय पुलिस कुछ भी बताने से इनकार कर रही है।

## गढ़वा में मुठभेड़, घायल थानेदार मेडिका में भर्ती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गढ़वा।** नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान गढ़वा में पुलिस की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गयी। मुठभेड़ में रंका थाना प्रभारी थाना शंकर प्रसाद कुशवाहा गोली लगने से घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती किया गया है। ऑपरेशन एडीजी संजय लाटेकर और आइजी अभियान अमोल वेणुकांत होमकर मेडिका जाकर जख्मी थानेदार का हाल चाल पूछा। बताया गया कि गढ़वा में ये मुठभेड़ प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के साथ हुई है। जानकारी के अनुसार गढ़वा पुलिस को सूचना मिली थी कि रंका के इलाके में झारखंड जनमुक्ति परिषद के नक्सली जमे हुए हैं। इसी सूचना का आलोक में गढ़वा पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया। इस अभियान के क्रम में नक्सलियों ने पुलिस को आता देख फायरिंग शुरू कर दी। (शेष पेज 11 पर)

### नक्सली मुठभेड़ में घायल थाना प्रभारी से मिले एडीजी अभियान, हौसला बढ़ाया

एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर की ने सोमवार को शंकर प्रसाद कुशवाहा से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। साथ ही उन्होंने डॉक्टर को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। इस दौरान सिटी एसपी राजकुमार मेहता और एसपी आनंद प्रकाश मौजूद थे।

इंडी गठबंधन की बैठक आज, दिल्ली में बोले लालू

## हमारा भविष्य उज्ज्वल है मोदी को उखाड़ फेकेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मंगलवार को होनेवाली आइएनडीए गठबंधन की बैठक में भाग लेने लालू, नीतीश, ममता समेत तमाम दिग्गज नयी दिल्ली पहुंच गये हैं। सोमवार को यहां पहुंचते ही लालू यादव ने नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ हुंकार भरी। उन्होंने कहा कि गठबंधन एकजुट है। इसका भविष्य उज्ज्वल है। हम सब एकजुट होकर नरेंद्र मोदी की सरकार को उखाड़ फेंक देंगे। वहीं झारखंड के सीएम हेमंत सोरन विधानसभा और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के कारण बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं। उनका प्रतिनिधि बैठक में रहेगा।



**गठबंधन की बैठक आज :** संसद के शीतकालीन सत्र के बीच विपक्षी दलों के के गठबंधन की चौथी बैठक मंगलवार को बुलायी गयी है। राजद प्रमुख लालू यादव के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव दिल्ली पहुंचे है। इससे पहले पटना में भी नरेंद्र मोदी को हराने वाले सवाल पूछते ही वह भड़क गये थे। (शेष पेज 11 पर)

# कराची में दाऊद इब्राहिम को जहर दिये जाने की अटकलें

## पाकिस्तान में इंटरनेट सेवा ठप, कोई पुष्टि नहीं, नजर बनाये हुए हैं भारतीय अधिकारी

एजेंसी

**कराची।** भारत का नंबर वन दुश्मन और मुंबई धमाके का मास्टरमाइंड भगोड़ा अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम कासकर (68) को जहर देने की खबर है। भारत से लेकर पाकिस्तान तक के सोशल मीडिया में गरम हैं। रविवार रात से ही दावा किया जा रहा है कि दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है और उसे कराची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस पूरे अस्पताल को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अपने कब्जे में ले रखा है और किसी को भी वहां जाने नहीं दिया जा रहा है। अस्पताल की उस फ्लोर पर दाऊद ही इकलौता मरीज है। शीर्ष अस्पताल अधिकारियों और उनके करीबी परिवार के सदस्यों को ही मंजिल तक पहुंच है। पाकिस्तान में इंटरनेट पर बैन ने इस अटकल को और बढ़ावा दिया है।

पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी का दावा है कि दाऊद को जहर दिये जाने की अटकल एक प्लान का हिस्सा हो सकता है। जहर दिये जाने का दावातो किया जा रहा है लेकिन कोई इसकी पुष्टि नहीं कर रहा। दाऊद 12 मार्च, 1993 के उन सिलसिलेवार विस्फोटों का मास्टरमाइंड है। मुंबई में उस धमाके में 257 लोग मारे गये थे और 713 अन्य घायल हुए तथा कई करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा था।



**मियांदाद भी कुछ बोलने से मुकरे :** इस बीच दाऊद इब्राहिम के समधी जावेद मियांदाद ने कहा कि वह दाऊद के बारे में कुछ भी नहीं कहेंगे। मियांदाद दाऊद इब्राहिम से जुड़ी खबर को कंफर्म करने से इनकार कर दिया। उन्होंने खुद को हाउस एरेस्ट करने की खबरों का भी खंडन किया। सूत्रों के मुताबिक मुंबई पुलिस अंडरवर्ल्ड डॉन के अस्पताल में भर्ती होने के बारे में उसके रिश्तेदारों से अधिक जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है। भारतीय अधिकारी दाऊद की तलाश में हैं। वह कराची में रहता है और अक्सर खाड़ी देशों की यात्रा करता रहता है।

**जो पुष्टि करेगा, उसकी शामत आयेगी : पाक पत्रकार**

वहीं पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी ने आशंका जतायी कि पाकिस्तानी सेना भारत को खुश करने के लिए दाऊद को निशाना बना सकती है। पाकिस्तान से बातचीत के लिए मोदी सरकार ने दाऊद को सौंपने की शर्त रखी है और अगर उसे मार दिया जाता है तो यह संदेश जायेगा कि पाकिस्तान ने भारत के दुश्मन को मार दिया। आरजू काजमी ने कहा कि अगर कोई इस खबर की पुष्टि करेगा या इसकी कोशिश भी करेगा तो उसकी शामत आ जायेगी।

**इंटरनेट डाउन होने से बढ़ी आशंका**

पाकिस्तान में दाऊद को जहर देने की खबर के बाद देश में हलचल तेज हो गयी है। पाकिस्तान में इंटरनेट सर्वर डाउन की खबर है। देश के कई बड़े शहर लाहौर, कराची, इस्लामाबाद में भी सर्वर डाउन है। इसके अलावा एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम भी नहीं चल रहा है। दुनिया भर की इंटरनेट, साइबर सुरक्षा और डिजिटल गवर्नेंस पर नजर रखने वाली संस्था नेटब्लॉक ने पाकिस्तान में सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर रोक लगाये जाने की पुष्टि की है।

## अधिक से अधिक निवेश राज्य सरकार का लक्ष्य: हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उद्योग विभाग, झारखंड सरकार एवं पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडर स्टैंडिंग (एमओयू) हस्ताक्षर सम्पन्न हुआ। मौके पर सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार ने राज्य में एक बेहतर उद्योग पालिसी बनायी है। राज्य सरकार का प्रयास है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित हों। उन्होंने कहा कि नई उद्योग नीति के तहत लगातार कई अच्छी और विश्वसनीय उद्योग संस्थानों द्वारा झारखंड में निवेश करने की इच्छा जाहिर की है। नयी उद्योग नीति के तहत निवेशक अब राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। पिछले कुछ महीनों में कई जाने-माने उद्योग संस्थाओं द्वारा जमशेदपुर सहित अन्य जगहों पर अपने कंपनी का विस्तार किया है। सीएम ने कहा कि राज्य में स्थापित उद्योग संस्थानों में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को मिले इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा नियम भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेशकों को एक बेहतर माहौल के साथ-साथ सुरक्षा भी मुहैया करायी जा रही है। वरुण बेवरेजेस लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रविकांत जयपुरिया ने मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि वरुण बेवरेजेस लिमिटेड एक भारतीय कंपनी है, जो पेप्सिको की बाटलिंग कंपनी के नाम से जाना जाता है।

## न्यूज डायरी

### कोरोना का नया वैरिएंट जेएन-1 मिला

**नयी दिल्ली।** देश में लगातार बढ़ रहे कोविड मामलों और भारत में कोविड के नये वैरिएंट जेएन- 1 का पहला मामला सामने आने के बाद केंद्र सरकार हरकत में आ गयी है। राज्यों को एडवाइजरी जारी कर कहा है कि कोविड की स्थिति पर लगातार निगरानी रखें।

### शराब घोटाला: एके को इडी ने 21 को बुलाया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है।

### एएसआइ ने सीलबंद लिफाफे में सौंपी रिपोर्ट

**इलाहाबाद।** ज्ञानवापी परिसर से जुड़ी पांच याचिकाओं पर 19 दिसंबर को कोर्ट में सुनवाई होनी है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला रिजर्व रख लिया था। जिला जज के आदेश के बाद कराये एएसआइ सर्वे के मामले में साइंटिफिक रिपोर्ट जिला अदालत में पेश कर दी गयी है।

### शीतलहर का अलर्ट तीन डिग्री गिरेगा पारा

**रांची।** राज्य में शीतलहर की चेतावनी जारी की गयी है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को कहा कि बुधवार तक राज्य के पश्चिमी और मध्य भाग में शीतलहर रहने की संभावना है। पूरे राज्य में पारा गिरना जारी है। गढ़वा में सबसे कम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### पहाड़ों पर बर्फबारी ने दिल्ली में बढ़ायी ठंड

**नयी दिल्ली।** राजधानी के तापमान में लगातार गिरावट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली समेत उत्तर भारत में ठंड का कहर और अधिक देखने को मिल सकता है। अगले दो-तीन दिनों में उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से भी नीचे जा सकता है।

### कांग्रेस का डोनेशन फॉर नेशन अभियान शुरू

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी की स्थापना के 138वें साल पर सोमवार को पार्टी के 'देश के लिए करें दान' अभियान की शुरुआत की। कहा कि इस अभियान में देश के नागरिकों के सहयोग से आम जन की प्रगति में मदद मिलेगी।

### पलामू : सड़क हादसे में प्रधानाध्यापक की मौत

**मेदिनीनगर।** पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ा में डालटनगंज-पंडवा मुख्य पथ पर सोमवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक शिक्षक की मौत हो गयी। शिक्षक की पहचान पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर स्थित बिरसा नगर निवासी अशोक कुमार तुड्डी के रूप में हुई है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष का सदन के बाहर हंगामा, धरना पर बैठे

# भाजपा ने इडी समन के मुद्दे पर सीएम को घेरा तो सत्ता पक्ष बोला-केंद्र जंगल बेचना बंद करे





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने सदन के बाहर हंगामा किया। विपक्ष ने ईडी के मुद्दे को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को घेरा। विपक्षी विधायक ईडी के डर से भागने वाले सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा दो और हेमंत सोरेन सरकार के चार सालों के कुकर्मों की सीबीआई जांच कराओ वाले पोस्टर पकड़कर हंगामा करते नजर आये। इसके अलावा भाजपा के विधायकों ने कांग्रेस का काला साम्राज्य, झारखंड को लूट खाने की झामुमो, कांग्रेस और राजद की बीमारी जैसे पोस्टर लहराये। बिरंची नारायण, शशि भूषण मेहता, अनंत ओझा, अमित मंडल, ढुल्लू महतो, नारायण दास, नीरा यादव और अपर्णा सेन गुप्ता सदन के बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

इधर, सत्ता पक्ष हाथ में हम है आदिवासी, हम है जंगल के मालिक, पूंजिपतियों को जंगल बेचना बंद करो, की तख्तियां लिये हुये थे। सत्ता पक्ष ने कहा कि आदिवासी-मूलवासी को जंगल से बेदखल करने की साजिश बंद करो। जंगल हम आदिवासियों का स्वाभिमान, इसे बेचना बंद करो जैसे पोस्टर के साथ सदन के बाहर धरने पर बैठे हैं। सत्ता पक्ष में मथुरा महतो, सुदीव्य कुमार सोनू, नीरल पूर्ति, सविता देवी, रामदास सोरेन और समीर कुमार मोहंती सदन के बाहर हंगामा कर रहे थे।

## गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने सदन में उठाया बेरमो को जिला बनाने का मामला

### गैरमजरुआ भूमि की रसीद काटने की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गोमिया विधानसभा क्षेत्र के आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गैरमजरूआ भूमि की रसीद नहीं कटने का मामला सोमवार को विधानसभा में उठाया। उन्होंने इसे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाते हुये कहा कि 2012 के पहले ऐसी भूमि पर रसीद कटता था, लेकिन, अब रसीद नहीं कटने से पिछड़े एवं अनुसूचित जाति के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन व्यक्तियों को भूमि उपलब्ध कराते हुये उनके नाम से कायम जमाबंदी को नियमित करने के लिए राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग ने 21 दिसंबर 17 द्वारा नीति निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि लगान रसीद निर्गत नहीं होने से आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



इधर, डॉ महतो ने शून्य काल में बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग की। उन्होंने सदन में कहा कि बेरमो अनुमंडल झारखंड राज्य का सबसे पुराना अनुमंडल है। वर्ष 1971 में गिरिडीह जिला से अलग होकर बेरमो अनुमंडल बनाया गया, जो हर दृष्टिकोण से जिला बनने की पूरी अहर्ता रखता है। बेरमो अनुमंडल में सात प्रखंड, 15 थाना और छह ओपी है। 2011 की जनगणना के अनुसार करीब 11 लाख 08 हजार 735 जनसंख्या है।

## मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर 21 दिसंबर को बैठक

### भाजपा विधायक बिरंची नारायण के सवाल पर सरकार ने दिया जवाब



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए चयन समिति की बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। विधानसभा में विधायक बिरंची नारायण के पूछे गये अल्प सूचित प्रश्न पर सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है। सरकार ने बताया कि 8 मई 2020 से झारखंड में 1 मुख्य सूचना आयुक्त और 5 सूचना आयुक्त का पद खाली है। नेता प्रतिपक्ष नहीं होने के कारण सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी। अमर बाउरी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद 16 नवंबर 2023 को चयन समिति की बैठक बुलाई गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई थी। अब 21 दिसंबर को यह बैठक होगी। सरकार को मुख्य सूचना आयुक्त के पद के लिए 63 और 5 सूचना आयुक्त के पद के लिए 354 आवेदन मिले हैं।

## एक महीने में दे दी जायेगी मुआवजा राशि: बन्ना गुप्ता





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन विधायक कमलेश सिंह के सवाल पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने आश्वासन दिया कि पलामू में वज्रपात में मारे गये लोगों के आश्रितों को एक माह के भीतर मुआवजा राशि दे दी जायेगी। दरअसल, विधायक श्री सिंह ने सरकार से पूछा कि पलामू में वज्रपात से मृत व्यक्तियों और पशुओं के लिए मुआवजा के भुगतान के लिए कुल 35 लाख 35 हजार 400 की राशि आवंटित करने के लिए पलामू उपायुक्त ने आपदा विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक आवंटन नहीं मिला है।

## 16 जिलों में होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया पूरी : आलमगीर



**रांची।** विधायक प्रदीप यादव ने सदन में 5 वर्षों से होमगार्ड के खाली पदों पर बहाली नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि बहाली नहीं होने के कारण राज्य के नौजवान अवसर से वंचित हैं। जिलों में पुलिस बल की कमी हो रही है। इस पर सरकार की ओर से मंत्री आलमगीर आलम ने जवाब दिया कि झारखंड के 16 जिलों में होमगार्ड की बहाली की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बाकी जिलों में बहाली की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही उन जिलों में बहाली हो जायेगी।

## झापा सीएनटी एक्ट के मूल प्रावधानों से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी: अंशु लकड़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पार्टी की केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता अंशु लकड़ा एक्का ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने अपने और अपने परिवार वालों के नाम से सैकड़ो एकड़ आदिवासी भूमि की खरीद राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में की है और उन्होंने न किसी थाना क्षेत्र की बाध्यता को माना है ना ही सभी संपत्तियों का सही विवरण अपने एफिडेविट में भी प्रकाशित किया है। केंद्रीय सचिव ने कहा कि आदिवासियों की सुरक्षा एवं सीएनटी एक्ट की मूल भावना को सुरक्षित रखने का झूठा वादा करने वाली झामुमो की सरकार अब सीएनटी एक्ट से थाना क्षेत्र की बाध्यता समाप्त करने का प्रस्ताव



पेश की है ताकि अवैध तरीके से खरीदी गई भूमि को वैध रूप दिया जा सके।

प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री अशोक भगत ने कहा कि झारखंड पार्टी सीएनटी एक्ट के मूल प्रावधानों से छेड़छाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके लिए सड़क से लेकर सदन तक झारखंड पार्टी आंदोलन करने के लिए कृत संकल्प रहेगी। कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने कहा कि वर्तमान जेएमएम की सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा रांची, बोकारो, धनबाद और दुमका में भी आदिवासियों को बहला फुसलाकर का कई एकड़ जमीन को अवैध तरीके से खरीदी गयी है। बालू, खनिज, कोयला, सभी की लूट इन्होंने मचा रखी है।

## लोकतंत्र के लिए खतरनाक है लोस और रास के 92 सांसदों का निलंबन: बंधु तिर्की

### मोदी सरकार में लोकतंत्र की परंपरा पर आघात गंभीर चिंता की बात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि 18 दिसम्बर सोमवार को लोकसभा एवं राज्यसभा की बैठक के दौरान संसद की सुरक्षा का मामला उठाये जाने के बाद जिस प्रकार से लोकसभा के 46 एवं राज्यसभा के 35 सदस्यों को निलंबित किया गया है वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। श्री तिर्की ने कहा कि अबतक संसद के



शीतकालीन सत्र के दौरान 92 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है और यह लोकतंत्र की मान्य परंपराओं पर आघात है जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा इस घटना को इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में दर्ज किया जायेगा।

श्री तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र की खूबसूरती यही है और इसका सबसे अच्छा पक्ष भी यही है कि पक्ष और विपक्ष अपनी बातों को प्रमुखता के साथ उठाता है और तभी निर्णय लिया जाता है, लेकिन 2014 में जब से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार काम कर रही है तभी से सहिष्णुता, संवेदनशीलता और आपसी विचार विमर्श की प्रक्रिया खत्म हो रही है। विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होने कहा कि संसद की नवीनतम घटनायें, देश के प्रति भारतीय जनता पार्टी का विश्वासघात है और इसे जनता अच्छी तरीके से देख रही है।

## झारखंड हाईकोर्ट ने भू-राजस्व विभाग में सीआई से सीओ के पद पर प्रमोशन पर लगी रोक हटायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राजस्व विभाग में सर्किल इंस्पेक्टर से सर्किल ऑफिसर के पद पर होने वाले प्रमोशन पर लगी रोक को सोमवार को हटा लिया। कोर्ट ने 16 सितंबर 2021 को सर्किल इंस्पेक्टर से सर्किल ऑफिसर पद पर प्रमोशन पर रोक लगाई थी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में सोमवार को राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए सर्किल इंस्पेक्टर से सर्किल ऑफिसर के पद पर राजस्व विभाग में प्रमोशन पर लगी रोक हटाते हुए राज्य सरकार को प्रमोशन की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई फरवरी 2024 निर्धारित की है।

**80 अफसरों को मिलेगा लाभ :** हाईकोर्ट के इस निर्देश के बाद झारखंड के करीब 80 सर्किल इंस्पेक्टरों, जो अंचल अधिकारी बनने की सभी अहताओं को पूरा करते हैं, उनका प्रमोशन हो पाना अब संभव हो पाएगा। ऐसे में इस फैसले के बाद सर्किल इंस्पेक्टरों में हर्ष का माहौल है।

## सिपाही से एएसआई में प्रमोशन के मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, आज भी होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड पुलिस के आरक्षियों (सिपाही) की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी। सोमवार को प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने बहस की। जिसके बाद अन्य प्रार्थियों की ओर से मंगलवार को बहस की जाएगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। अन्य प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय और सुभाशीष रसिक सोरेन अदालत में मौजूद रहे। याचिका में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को चुनौती दी गई है।

याचिका में कहा गया है कि पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गई थी। जिसे निरस्त किए बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नई सूची बनाकर बिना आपत्ति निराकरण और आरक्षण का पालन नहीं करते हुए प्रोन्नत कर दिया गया और पदस्थापन भी कर दिया गया।

## एक जनवरी से 26 हजार पीडीएस डीलर्स करेंगे हड़ताल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के 26 हजार पीडीएस डीलर्स एक जनवरी से हड़ताल पर चले जायेंगे। फेयर प्राईस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से इसका आह्वान किया गया है। एसोसिएशन की दस सूत्री मांगों के लिए डीलर्स आंदोलन करेंगे। एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने बताया कि सभी 24 जिलों में पीडीएस सेंटर इस दौरान बंद रहेंगे। सरकार के बार बार के आश्वासन के बाद अब पीडीएस डीलर्स छला हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन की मुख्य रूप से दस मांगे हैं। पिछले दो साल से राज्य के 26 हजार पीडीएस डीलर्स मांगों की पूर्ति के लिए प्रयासरत है। इसके पहले आंदोलन की रणनीति के लिए सोमवार को एसोसिएशन की ओर से बैठक का आयोजन किया गया, जहां आंदोलन की रणनीति बनायी गयी। श्री झा ने बताया कि सभी जिला के डीलर्स आंदोलन को समर्थन दे रहे हैं।

**लोगों की बढ़ेगी परेशानी :**

### डीलरों के हड़ताल पर जाने से बढ़ सकती है गरीबों की परेशानी

पीडीएस डीलर्स के आंदोलन में जाने से आम जनता को विशेष परेशानी होगी, जहां लोगों को कम दाम में अनाज मिल जाता है। वहीं, अनिश्चिकालीन हड़ताल से लोगों को खाद्यान्न संबंधी समस्याएं आ सकती है। बताते चलें यह हड़ताल देशव्यापी है। ऐसे में देश भर में इसका असर देखा जायेगा। देशभर के लगभग 5 लाख 33 हजार पीडीएस डीलर आंदोलन में शामिल होंगे।

**क्या है मांग :** अनुकंपा पर बहाली व्यवस्था फिर से शुरू की जाये। 2021 में कोविड के दौरान बांटे गये राशन का कमिशन दिया जाये। कुल 13 महीने का कमिशन दिया जाना है। पंद्रह साल से एक रूपया कमीशन ही दिया जा रहा है। महंगाई को ध्यान में रखते हुए इस राशि को तीन रूपया किया जाये। कमिशन प्रति किलो खाद्यान पर दिया जाता है। ई पॉश मशीन में टू जी सीम दिया गया। इसे फोर जी में बदलने की मांग एक साल से की जा रही है। नेटवर्क स्लो होने के कारण काम करने में भी परेशानी होती है। गुजरात सरकार की तर्ज पर तीस हजार रुपए मानदेय प्रति महीने की मांग है। ज्ञानदेव झा ने बताया कि इन मामलों में खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव और सचिव से आठ महीने पहले वार्ता हुई थी, लेकिन कोई निष्कर्श नहीं निकला।

## भाजपा महिला मोर्चा का प्रवास कार्यक्रम आज-कल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा है कि राष्ट्रीय प्रवास कार्यक्रम 19 और 20 दिसंबर को है। वह सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रवास दो दिवसीय है, जो प्रदेश के 27 जिलों में किया जायेगा। यह बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी पंचायत, मंडल विधानसभा के स्तर पर किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला मोर्चा से आने वाली महिलायें प्रत्येक जिले में कार्यक्रम क रेंगी। इसमें मंदिर दर्शन, स्वयं सहायता समूह की बहनों के साथ बैठक करेंगी। नव युवती मतदाता सम्मेलन, आंगनवाड़ी सेविका के साथ बैठक, मिलेट फूड कार्यक्रम, अस्पतालों में फल वितरण, लखपति दीदियों के साथ बैठक, लाभार्थी बहनों के साथ बैठक सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी जी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचने का कार्य महिला मोर्चा कर रहा है। इस अवसर पर महामंत्री डॉ सीमा सिंह, नीलम चौधरी एवं सोनी हेमरोम उपस्थित थीं।

## लैंड स्कैम मामला : व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की ओर से जमानत याचिका पर बहस पूरी, 20 को ईडी करेगी बहस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ जमीन खरीदने के मामले में जेल में बंद व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में विष्णु अग्रवाल की ओर से बहस पूरी हो गई है। अब 20 दिसंबर को ईडी की ओर से बहस होगी। सोमवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता एसडी संजय एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पक्ष रखा। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में विष्णु अग्रवाल के खिलाफ अब आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। विष्णु अग्रवाल मामले में निर्दोष है, उन्होंने गलत ढंग से जमीन की खरीदारी





नहीं की है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट में हुई।

दरअसल,18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बता दें कि 31 जुलाई 2023 को रात करीब 10:00 बजे ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की 1 एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है।

ईडी ने अपनी जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था। जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था. बाद में गंगाधर राय के पोते राजेश राय से यह जमीन खरीद बिक्री की गई थी।

## शीतकालीन सत्र : विशेष समिति के संयोजक रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रतिवेदन सदन में किया पेश

# सीएम का वेतन बढ़ कर होगा एक लाख, प्रतिवेदन पेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** शीतकालीन सत्र के सोमवार को सीएम, स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतकों, सचेतकों के वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं में वृद्धि से संबंधित प्रतिवेदन पेश किया गया। विशेष समिति के संयोजक रामचंद्र चंद्रवंशी ने यह प्रतिवेदन सदन में पेश किया। इस संबंध में गठित समिति और उसके द्वारा तैयार प्रतिवेदन में वेतन, भत्ते, अन्य सुविधाओं की समीक्षा और वृद्धि के निमित्त सुझाव दिये गये हैं। इसके मुताबिक वर्तमान में सीएम को वेतन के तौर पर 80 हजार रुपये का प्रावधान है। इसे एक लाख रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा समिति ने की है। मंत्री- राज्य मंत्री, उप मंत्री को 65 हजार के बजाये 85 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गई है। क्षेत्रीय भत्ते के तौर पर सीएम, मंत्रियों को 80 हजार के बजाय 96 हजार रुपये करने की अनुशंसा की गई है। इसी तरह आवास ऋण के तौर पर सीएम, मंत्री को 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर देय 40 लाख रुपये की सुविधा को 50 लाख रुपये किये जाने का सुझाव दिया गया है। प्रभारी भत्ता, सत्कार भत्ता में भी वृद्धि की अनुशंसा हुई है। हवाई एवं जलपोत यात्रा, उपस्कर एवं आवास की साज सज्जा के लिए पूर्ववत की व्यवस्था को बनाये रखने की अनुशंसा की गई है।

विधानसभा स्पीकर के लिये वर्तमान में प्रतिमाह वेतन के तौर पर



मिलने वाली राशि को 78 हजार रुपये के बजाय 98 हजार रुपये किये जाने की अनुशंसा की गई है। क्षेत्रीय भत्ता के तौर पर 80 हजार रुपये प्रतिमाह की राशि को 95 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की हुई है। सत्कार भत्ता को 60 हजार रुपये की जगह 70 हजार रुपये प्रतिमाह करने को कहा गया है। नेता विरोधी दल को वेतन के तौर पर मिलने वाली राशि को 65 हजार रुपये के बजाय 85 हजार रुपये प्रतिमाह करने की सिफारिश की गई है। क्षेत्रीय भत्ता को 80 हजार के बजाय 95 हजार रुपये प्रतिमाह, सत्कार भत्ता को 45 हजार के बजाय 55 हजार रुपये प्रतिमाह और अन्य सुविधाओं में भी वृद्धि की अनुशंसा की गई है। मुख्य सचेतक को वेतन के तौर पर 55 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 75 हजार रुपये प्रतिमाह, सचेतक को 40 हजार रुपये प्रतिमाह के बजाय 60 हजार रुपये प्रतिमाह किये जाने की अनुशंसा की गई है। इसके अलावा समिति ने यह भी अनुशंसा की है कि विधानसभा के सदस्यों को एक कंप्यूटर ऑपरेटर 35 हजार रुपये प्रतिमाह की व्यवस्था पर रखने की सुविधा दें। साथ ही एक ड्राइवर भी 30 हजार रुपये प्रतिमाह पर रखने की सुविधा मिले। इसके लिए विधायक अनुशंसा करेंगे।

**विशेष समिति में कौन-कौन शामिल :** गौरतलब है कि सीएम, स्पीकर, मुख्य सचेतक, सचेतक और अन्य के वेतनए भत्ता, सुविधाओं में वृद्धि के मामले में एक विशेष समिति पूर्व में गठित की गई थी। इसमें विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी को संयोजक, प्रदीप कुमार यादव, भानु प्रताप शाही, दीपिका पांडेय सिंह और समीर कुमार मोहंती को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा इसमें विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर, संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज सहित पांच अन्य पदाधिकारियों- कर्मियों को भी शामिल किया गया है।

स्पीड न्यूज

## रवि शंकर बने आर्म रेसलिंग एसो. आफ झारखंड के अध्यक्ष

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सीनियर मार्शल आर्ट प्रशिक्षक रवि शंकर को आर्म रैसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष एवं जामताड़ा निवासी फिजिकल एजुकेशन टीचर दीपक दुबे जो जामताड़ा ओलंपिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी भी है उन्हें महासचिव पद की जिम्मेदारी इंडियन आर्म रैसलिंग फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी मनोज नायर ने प्रदान की साथ ही दोनों नियुक्त पदाधिकारी पर पूर्ण विश्वास जताते हुए यह कहा कि भविष्य में झारखंड के सभी जिलों में आर्म रेसलिंग एसोसिएशन काफी बेहतर काम करेगा इसकी पूर्ण आशा है । आज गोलमुरी जमशेदपुर में राजेंद्र भवन में रवि शंकर को झारखंड आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने पर श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल बिस्टुपुर के फिजिकल एजुकेशन टीचर दयाल सिंह मेहरा ने बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर समृद्धि मिश्रा सोनी कुमारी आदित्य कुमार नाग मौसमी गोराई मनप्रीत सिंह मनीषा लखनपाल ज्ञानेश पुराण सुहानी कुमारी विशाल प्रधान लक्ष्य कुमार शिवा के साथ ही बहुत सारे खिलाड़ी और अभिभावक मौजूद थे रवि शंकर ने कहा कि न सिर्फ पूर्वी सिंहभूम और जामताड़ा बल्कि झारखंड के सभी जिलों में आर्म रेसलिंग एसोसिएशन की गठन की जा रही है और सभी 22 जिलों में आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का गठन किया जा रहा है और हमसे सभी जगह से खिलाड़ी जुड़ रहे हैं और बहुत जल्द राज्य स्तरीय रेफरी सेमिनार और ट्रेनिंग कैंप का आयोजन हम लोग जामताड़ा में करने जा रहे हैं।

## अयोध्या से आये पूजित अक्षत की चांडिल में की गयी पूजा-अर्चना



चांडिल। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत को मठिया मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विश्व हिन्दू परिषद के जिला कोषाध्यक्ष संजय चौधरी के अगुवाई में गाजे बाजे के साथ चांडिल के मुख्य सड़क में पदयात्रा करते हुए तांती बांध एवं चांडिल डैम रोड तक पद संचलन किया, रास्ते में पड़ने वाले सभी मंदिरों में रुक कर पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर राकेश वर्मा, संजय चौधरी, सुब्रत चटर्जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गोपेश्वर लाल दास इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आगाज



जमशेदपुर। सोमवार को गोपेश्वर लाल दास इंटर यूनियन वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ टाटा मोटर्स वॉलीबॉल ग्राउंड में शुरू हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन मोहन गंट और किरण नरेंद्रन के द्वारा गोपेश्वर लाल दास जी के फोटो पे पुष्प अर्पण कर किया गया। आज का पहला मैच आर सी एम यूनियन वेस्ट बोकारो और टाटा वर्कर्स यूनियन ब्लू के बीच हुआ जिसमें टाटा वर्कर्स यूनियन ब्लु 2–0 से विजयी हुई। दूसरा मैच जुस्को श्रमिक यूनियन गोलमुरी को प्रतिद्वंदी के ना आने के कारण विजयी घोषित किया गया। तीसरा मैच टाटा पावर एम्प्लोयी यूनियन और टिस्को मजदूर यूनियन के बीच हुआ जिसमें टिस्को मजदूर यूनियन 2–0 विजयी हुई। चौथा मैच टी सी कर्मचारी यूनियन 2–0 से विजयी हुई।

## रघुवर दास ओडिशा लौटे



जमशेदपुर। ओडिशा के महामहिम राज्यपाल रघुवर दास जी टाटानगर स्टेशन से सोमवार को पुरुषोत्तम ट्रेन से भुबनेश्वर के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान भारी संख्या में कार्यकर्तागण टाटानगर स्टेशन पहुंचे थे। मौके पर गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, राकेश सिंह, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, संदीप शर्मा बौबी, हन्नु जैन, गौतम प्रसाद, संतोष ठाकुर, अभिषेक आदि मौजूद थे।

# एबेन्यो और केबेडे ने 'स्टैंडअलोन 25के' के लिए 'वर्ल्ड बेस्ट' रिकॉर्ड अपने नाम किया



कोलकाता रन में दौड़ते टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन।



केबेडे रन फिनिश करते हुए।



एबेन्यो रन फिनिशि करते हुए।



रन बेस्ट करने वाली भारतीय महिला धावक।



रन में बेस्ट करने वाले पुरुष धावक।

**अंतिम परिणाम निम्नलिखित हैं:**

ओवरऑलइंटरनेशनल मेन :
डेनियल एबेन्यो (केन्या) 1:11:13 (नया इवेंट रिकॉर्ड)
विक्टर किप्रुतो टोगोम (केन्या) 1:12:26
टेस्फये डेमेके (इथियोपिया) 1:13:36
गौरव माथुर (भारत) 1:20:33

ओवरऑल इंटरनेशनल वीमेन :
सुतुमे असेफा केबेडे (इथियोपिया) 1:18:47 (नया इवेंट रिकॉर्ड)
यालेमजेरफ (इथियोपिया) 1:19:26
बेट्टी चेपकेमोई किबेट (केन्या) 1:21:43
रेशमा केवटे (भारत) 1:30:38
सीमा (भारत) 1:32:07

भारतीय पुरुष: सावन बरवाल 1:17:49
गौरव माथुर 1:20:33, असीम 1:42:08.
भारतीय महिलाएँ: रेशमा केवटे 1:30:38
सीमा 1:32:07, निरमाबेन ठाकोर भरतजी 1:32:40, तामसी सिंह 1:35:33, संघमित्रा महाता 1:35:54, श्यामली सिंह 1:38:27

### सावन और रेशमा ने टाटा स्टील कोलकाता 25के 2023 में भारतीय सम्मान हासिल किये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

कोलकाता। विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रोड रेस, टाटा स्टील कोलकाता 25के ने सोमवार को एक बार फिर इतिहास रच दिया, जिसमें केन्या के डैनियल सिमिउ एबेन्यो और इथियोपियाई सुतूम असेफा केबेडे ने पुरुष और महिला वर्ग में इवेंट रिकॉर्ड तोड़ दिए, जहां उन्होंने क्रमशः 1.11:13 और 1.18:47 के समय के साथ दौड़ समाप्त करने के लिए तेज गति का प्रदर्शन किया। संयोग से, जीतने का समय स्टैंडअलोन 25 के दौड़ के लिए वर्ल्ड बेस्ट साबित हुआ! हालांकि 25के वर्तमान में आधिकारिक विश्व रिकॉर्ड के लिए सूचीबद्ध दूरी नहीं है, स्टैंड-अलोन 25के दौड़ के लिए पहले विश्व सर्वश्रेष्ठ का रिकॉर्ड डेनिस किमेटो (2012) द्वारा 1:11:18 और मैरी जेपकोसगेई केटनी द्वारा(2010) 1:19:53 थे, दोनों केन्या के थे। पुरुष वर्ग में टाटा स्टील कोलकाता 25के का इवेंट रिकॉर्ड 1:12:49 की टाइमिंग के साथ केन्या के लियोनार्ड बारसोटन के नाम पर था, जबकि महिलाओं का रिकॉर्ड 1:21:04 की टाइमिंग के साथ बहरीन की डेसी जीसा के नाम पर था। आज की जीत के साथ, एबेन्यो और केबेडे प्रत्येक ने यूएस $100,000 की पुरस्कार राशि की दौड़ में $7500 का विजेता चेक और 3000 अमेरिकी डॉलर का बोनस प्राप्त किया। एबेन्यो के बाद दूसरे स्थान पर रहे विक्टर किप्रुतो टोगोम (केन्या) ने भी 1:12:26 के साथ पिछले इवेंट रिकॉर्ड को बेहतर किया, उसके बाद इथोपिया के टेस्फेय डेमेके (1:13:36) तीसरे स्थान पर रहे। यह दो अंतर्राष्ट्रीय पुरुष धावकों एबेन्यो और टोगोम के बीच एक रोमांचक दौड़ थी। दोनों ने शुरू से ही गति पकड़ी और एक दूसरे को कड़ी टक्कर देते रहे। एबेन्यो, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में बुडापेस्ट वल्र्ड्स (10,000 मीटर) और रीगा में वर्ल्ड हाफ-मैराथन चैंपियनशिप में दो महत्वपूर्ण रजत पदक हासिल किए थे, ने ज्यादातर मौकों पर 15के को पार करने के बाद 43:01 की टाइमिंग के साथ दौड़ का नेतृत्व किया था। हालांकि उस चरण के दौरान टोगोम ने उनसे आगे निकलने की कोशिश की, लेकिन एबेन्यो ने ऐसा नहीं होने दिया और 19के (59:12) के बाद अपनी गति बढ़ा दी और उसके बाद एकल दौड़ में भाग लेने के लिए टोगोम से अलग हो गए। जानकारी के लिए, एबेन्यो के ही देश के, प्रसिद्ध एलियुड किपचोगे को आधिकारिक तौर पर पिछले साल बर्लिन मैराथन में अपनी जीत के लिए 25के पर 1:11:08 का समय दिया गया था, जहां उन्होंने मैराथन के लिए विश्व रिकॉर्ड (2:01:09) बनाया था। जीत के बाद भावुक एबेन्यो ने कहा, भगवान की कृपा से मैं कोर्स रिकॉर्ड तोड़ने के लिए यहां कुछ विशेष करने में सक्षम था। मुझे यहां आमंत्रित करने के लिए मैं अधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। मैं यह जीत अपनी प्रेमिका को समर्पित करता हूं, जिनके समर्थन और प्रोत्साहन ने मुझे आज यहां तक पहुंचने में मदद की।

## अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की नयी कार्यसमिति की घोषणा

# डॉ ब्रजभूषण मिश्र अध्यक्ष और डॉ जयकांत सिंह जय बने महामंत्री

### नेपाल भाषा आयोग के अध्यक्ष गोपाल अश्क किये गये सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



गोपाल अश्क को सम्मानित करते डॉ मिश्र, प्रसेनजीत तिवारी व सहयोगी।



डॉ ब्रजभूषण मिश्र।



महासचिव डॉ जयकांत सिंह जय।

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के 27 वें राष्ट्रीय अअधिवेशन में नयी राष्ट्रीय कार्यसमिति की घोषणा की गई। सम्मेलन के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ ब्रजभूषण मिश्र अध्यक्ष और डॉ जयकांत सिंह जय महामंत्री बनाये गए हैं जबकि डॉ महामाया प्रसाद विनोद कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गए हैं। सोमवार को तुलसी भवन के चित्रकूट कक्ष में प्रातः 9 :00 बजे 'अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन' के 27वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल भोजपुरी साहित्य के मुर्धन्य साहित्यकारों द्वारा भोजपुरी के समर्थ लोक कलाकार, रंगकर्मी , लोक जागरण के संदेश वाहक एवं पद्मश्री भिखारी ठाकुर की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नेपाल भाषा आयोग के माननीय सदस्य श्री गोपाल 'अश्क' को आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ ब्रजभूषण मिश्र की अध्यक्षता तथा महामंत्री डॉ जयकान्त सिंह 'जय' के संचालन में काव्य गोष्ठी आरंभ हुई। गोष्ठी में विभिन्न रसों से ओतप्रोत कविताओं का पाठ हुआ। काव्य पाठ करने वाले कवियों में सर्वश्री कौशल मुहब्बतपुरी (मुजफ्फरपुर), सुभाष चन्द्र यादव (गोरखपुर), अरविन्द श्रीवास्तव (सारण), शिवान्ग्रह नारायण सिंह (छपरा), डॉ ओम प्रकाश राजापुरी (सारण), देवनाथ सिंह 'फौलादी'(विशाखापटनम), राम मनोहर 'माहिर विचित्र'(देवरिया), गुलरेज शहजाद (मोतिहारी), डॉ गोपाल ठाकुर (नेपाल), रंजीत पाण्डेय (नेपाल), डॉ मधुबाला सिन्हा(मोतिहारी), इं राजेश्वर सिंह (गोरखपुर) प्रमुख रहे। जबकि तुलसी भवन के न्यासी सह सम्मेलन प्रवर समिति के सदस्य अरुण कुमार तिवारी मुख्य रुप से उपस्थित रहे । इस दौरान स्वागत वक्तव्य प्रवर समिति के प्रसेनजित तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष डॉ अजय कुमार ओझा ने दिया। इसके पूर्व समापन सत्र में सम्मेलन के सताइसवें सत्र के लिए नये कार्य समिति तथा इसके मुख पत्र 'भोजपुरी सम्मेलन पत्रिका' के सम्पादन समिति की घोषणा कर दी गई।

**अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की नयी कार्य समिति :-**

पुनर्गठित प्रवर समिति :-
डॉ अर्जुन दास केशरी, सूर्यदेव पाठक 'पराग', रिपुसूदन श्रीवास्तव, डॉ हरेराम त्रिपाठी ' चेतन', गंगा प्रसाद अरुण, कनक किशोर, महेन्द्र प्र सिंह, डॉ कमलेश राय,प्रसेनजित तिवारी, डॉ सुभाष चन्द्र यादव, इं. राजेश्वर सिंह, डॉ सौरभ पाण्डेय, अरुण तिवारी, मधुबाला सिन्हा, भगवती प्रसाद द्विवेदी ( संयोजक)

अध्यक्ष - डॉ ब्रजभूषण मिश्र
कार्यकारी अध्यक्ष- डॉ महामाया प्रसाद विनोद
उपाध्यक्ष - डॉ विष्णुदेव तिवारी
हरेन्द्र कुमार, डॉ अजय कुमार ओझा
महामंत्री - डॉ जयकान्त सिंह 'जय'
साहित्य मंत्री - गुलरेज शहजाद
प्रकाशन मंत्री - ज्योतिष पाण्डेय
संगठन मंत्री - कौशल मुहब्बतपुरी
प्रचार मंत्री - राजेश भोजपुरिया
प्रबंध मंत्री - अंकुश्री
कला मंत्री - मनोज भावुक
कार्यालय मंत्री - दिलीप कुमार

कार्यकारिणी सदस्य -
सर्वश्री राम बहादुर राय,मूंगालाल शास्त्री, वीणा पाण्डेय 'भारती', माधवी उपाध्याय, अरविन्द श्रीवास्तव, डॉ रविकेश मिश्र, डॉ राजेश कुमार मॉझी, डॉ ओम प्रकाश 'राजापुरी', डॉ जगमोहन कुमार, डॉ विक्रम कुमार सिंह, प्रकाश प्रियांशु

मिडिया सेल-शिवानुग्रह नारायण सिंह, डॉ रंजन विकास, प्रमोद कुमार सिंह
विधि सलाहकार - चन्द्रशेखर सिंह
प्रदेश इकाई संयोजक - विनोद कुमार सिन्हा (छत्तीसगढ़), मनोकामना सिंह (झारखंड), उमाशंकर राय (कानपुर), हरेन्द्र कुमार सिन्हा (चंडीगढ़), संतोष कुमार महतो (पूर्वोत्तर भारत, असम)
भोजपुरी संघर्ष वाहिनी (संयोजक) - कुमार अजय सिंह (दक्षिण बिहार) लाखन सिंह (झारखंड)
भोजपुरी सम्मेलन पत्रिका (सम्पादक मंडल) : प्रधान संपादक - डॉ महामाया प्रसाद विनोद, संपादक - जितेन्द्र कुमार उप सम्पादक - दिलीप कुमार।

## भोजपुरी सम्मेलन ने अरविंद विद्रोही को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अरविंद विद्रोही को उनके बिरसानगर स्थित आवास पर जाकर सम्मानित करते डॉ ब्रजभूषण मिश्र, डॉ सुभाष यादव, प्रसेनजीत तिवारी, डॉ जयकांत सिंह जय व अन्य पदाधिकारी।

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ ब्रजभूषण मिश्र और महासचिव डॉ जयकांत सिंह जय ने 18 दिसंबर को संस्था की ओर से भोजपुरी और हिन्दी में व्यंग्य विधा के हस्ताक्षर अरविंद विद्रोही को उनके बिरसानगर स्थित आवास पर जाकर सम्मानित किया। विद्रोही कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे हैं इस लिए अधिवेशन की जगह उनके आवास पर जाकर सम्मेलन के पदाधिकारियों ने भोजपुरी साहित्य के उत्थान में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें शॉल ओढा कर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्रोही ने सम्मान को ग्रहण करते हुए सम्मेलन और उसके पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की ओर से डॉ सुभाषचंद्र यादव, राममनोहर माहिर विचित्र, नेपाल भाषा आयोग के सदस्य गोपाल अश्क, गोपाल ठाकुर विशेष रुप से मौजूद थे। जमशेदपुर के साहित्यकारों में गंगा प्रसाद अरुण, प्रसेनजीत तिवारी, संजय स्नेही समेत कई साहित्यकार उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RE-RDD/SD/HZB/39/2022-23 (2nd call)
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/39/05/2022-23 | प्रखण्ड चुरचू में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी –सह–अंचलाधिकारी / पर्यवेक्षीय / तृतीय / चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास एवं प्रखण्ड परिसर का विकास तथा विविध निर्माण कार्य। | 61200000.00 | 1224000.00 | 10000.00 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.01.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.01.2024 से दिनांक 16.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 313668 Rural Development(23-24)#D


## मानवसेवा के लिए सिख गुरुओं ने दी शहादत : रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शहीदी दिहाड़ा को संबोधित करते ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास।

**जमशेदपुर।** सिख गुरूओं ने मानवसेवा के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दे दी जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। सिख गुरूओं और संगत का देश की सेवा में अहम योगदान रहा है। रंगरेटा महासभा का नयी पीढ़ी को शिक्षा देने के लिए ऐसे समागम का आयोजन सराहनीय है। उक्त बातें उड़ीसा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड रंगरेटा महासभा के बैनर तले एग्रीको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित शहीदी दिहाड़ा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कहीं हैं। दास ने प्रधानमंत्री द्वारा सिख गुरूओं के सम्मान में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सिख गुरूओं के सम्मान में सिक्के और डाक टिकट जारी करवाने के साथ ही छोटे साहिबजादों के शहादत पर वीर बाल दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में गुरु तेग बहादुर,गुरु गोविंद सिंह,बाबा जीवन सिंह और चार साहिबजादों की शहादत पर प्रकाश डाला। दास ने देश की सुरक्षा में हमेशा अमूल्य योगदान देने के लिए सिखों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में सिख समुदाय के हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।मौके पर राज्यपाल रघुवर दास को रंगरेटा महासभा के अध्यक्ष मनजीत सिंह, झारखंड प्रदेश गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार शैलेंद्र सिंह,सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह और उद्योगपति राजीव दुग्गल द्वारा संयुक्त रूप से बाबा जीवन सिंह जी की स्मृति में बनाये गए प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट किया गया। वहीं समाज में अहम योगदान के लिए राजीव दुग्गल,सरदार शैलेंद्र सिंह,जसवंत सिंह (चंडीगढ़),सतपाल सिंह (तरन तारन पंजाब), भगवान सिंह, अमरजीत सिंह, तरसेम सिंह,तारा सिंह, दलवीर दिल्ली, कमलजीत कौर, कमलजीत कौर गिल, बलविंदर कौर,किरणदीप कौर,अमृत सिंह, सुखदेव सिंह मिट्ठू,जगतार सिंह,जसवंत सिंह संधू,साहब सिंह,जसवंत सिंह गिल, मलकीत सिंह आदि को भी स्मृति चिन्ह भेट किया गया।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में 13-14 जनवरी को होगा मारवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का दो दिवसीय ग्यारहवा प्रांतीय अधिवेशन मंथन बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में आगामी 13 एवं 14 जनवरी 2024 (शनिवार और रविवार) को होगा। इसकी तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। इस अधिवेशन मंथन में रांची से संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल और राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल भी शामिल रहेगी। साथ ही झारखंड के सभी जिले से लगभग 250 महिलाओं की आने की संभावना है। इस संबंध में सोमवार को महिला सम्मेलन की प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुशीला खीरवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इस अधिवेशन में नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष सत्र 2024-26 के लिए मंजू बगड़िया (करकेंद, धनबाद) को पदभार दिया जाएगा। साथ ही आगामी सत्र (2026-28) के लिए नये प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी। इसके अतिरिक्त अनेक सत्र होंगे जिसमें अनेक विषय पर चर्चा होगी। विगत दो वर्षों में शाखों द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाली सभी महिलाओं की ठहरने की व्यवस्था भी संस्था के द्वारा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल, सचिव प्रभा पाड़िया के नेतृत्व में प्रदेश की पूरी टीम के साथ जमशेदपुर शाखा की अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम भी कार्यक्रम को सफल बनाने में लगी हुई हैं। इस अधिवेशन को सफल करने के लिए महिलाओं को अलग-अलग विभाग देकर जिम्मेवारी बांटी जायेगी। सुशीला खीरवाल के अनुसार यह अधिवेशन 2 वर्षों में होता है इसलिए महिलाएं एक साथ मिलकर कहां हमारी क्या कमी रह गई है उसे कैसे सुधारा जा सकता है आदि विषय पर मंथन करती हैं।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
दूरभाष (मो०) सं०– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT** (3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II) (कि०मी० 97.515 (उदयपुरा) से कि०मी० 147.540-(भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि०मी० 97.515 (उदयपुरा) से कि०मी० 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन०एच०ए०आई०–75 अन्तर्गत मौजा:– रूपौधा, थाना:– सतबरवा, थाना नं0:– 249
पत्रांक– 832 (F) / भू०अ०, दिनांक– 12.12.2023

| क्र०सं० | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | रूपौधा | 6 | 278 | रैयती | टांड़–2 मकान | 1.5779 | 1 | अनार देवी, पति स्व० विशुन चौधरी | कुऑं–2 आम सागवान |
| 2 | | 22 | 172 | रैयती | टांड़–1 | 0.0642 | 2 | अशोक कुमार, विनोद कुमार, पिता रामनरेश महतो | विनोद कुमार, पिता स्व० रामनरेश महतो वो मसोमात चन्द्रावती कुंवर, पति अशोक कुमार आम महुगनी |
| 3 | | 32 | 23 | रैयती | टांड़–2 | 0.0625 | 3 | उमेश प्रसाद मेहता, पिता रामकृष्ण मेहता | |
| 4 | | 14 | 189/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0368 | 4 | जनार्दन महतो, पिता स्व० अमर महतो | |
| | | 17 | 190/P | रैयती | टांड़–2 मकान | 0.0935 | | तदैव | कुऑं–1 |
| 5 | | 43 | 194/P | रैयती | टांड़–2 पिलिंथ लेबल | 0.0050 | 5 | देवपाल महतो, पिता स्व० कामेश्वर महतो | |
| 6 | | 49 | 184/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0700 | 6 | नगु राम, पिता सहदेव राम | बालेश्वर राम, पिता स्व० नगु राम |
| 7 | | 10 | 28 | रैयती | टांड़–1 | 0.0187 | 7 | बुद्धदेव महतो, पिता मधेश्वर महतो | |
| 8 | | 14 | 191 | रैयती | टांड़–2 मकान | 0.1835 | 8 | राजेन्द महतो, पिता यदुवर महतो | |
| | | 17 | 190/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1014 | | तदैव | कुऑं–1 |
| | | 43 | 194/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0318 | | तदैव | |
| 9 | | 21 | 186/P | रैयती | टांड़–2 मकान | 0.1024 | 9 | राम सुन्दर महतो, पिता राम रहु महतो | सरयु महतो, संत कुमार महतो, पिता स्व० रामसुन्दर महतो, कृष्णदेव महतो, धनेश्वर महतो, पिता स्व० बृजमोहन महतो, राजकपूर मेहता, पिता स्व० जितन महतो चापाकल–1 |
| | | 33 | 187 | रैयती | टांड़–2 | 0.1378 | | तदैव | सरयु महतो, संत कुमार महतो, पिता स्व० रामसुन्दर महतो, कृष्णदेव महतो, धनेश्वर महतो, पिता स्व० बृजमोहन महतो, राजकपूर मेहता, पिता स्व० जितन महतो |
| 10 | | 28 | 153/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0611 | 10 | रामेश्वर महतो वो विन्देश्वरी महतो वो मुनेश्वर महतो वो सुदेश्वर महतो, पिता केश्वर महतो | रामेश्वर महतो, विन्देश्वरी महतो, सुदेश्वर महतो, पिता स्व० केश्वर महतो, बासदेव महतो, राजदेव महतो, गोपाल महतो, पिता स्व० भुनेश्वर महतो |
| 11 | | 49 | 184/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0577 | 11 | रूबी देवी, पति रणवीर प्रसाद, रणबीर प्रसाद, पिता शम्भु प्रसाद | |
| 12 | | 18 | 185/P | रैयती | टांड़–2 मकान–1 | 0.2364 | 12 | 1. विन्देश्वरी महतो, सुदेश्वर महतो, पिता स्व० केश्वर महतो, बासदेव महतो, राजदेव महतो, गोपाल महतो, पिता स्व० भुनेश्वर महतो | T.S.C 13/2013 न्यायालय में लंबित है। |
| | | 18 | 185/P | रैयती | टांड़–2 | | | 2. रामेश्वर महतो, विन्देश्वर महतो, सुदेश्वर महतो, पिता स्व० केश्वर महतो, विरबल महतो, बुधदेव महतो, पिता स्व० मधेश्वर महतो, प्रतिमा देवी, पति स्व० बालदेव महतो, बासुदेव महतो, राजदेव महतो, गोपाल महतो, पिता स्व० भुनेश्वर महतो | |
| 13 | | 49 | 183 | रैयती | टांड़–2 | 0.0862 | 13 | विन्धेश्वरी महतो वो भुवनेश्वर महतो वो सुदेश्वर महतो, पिता केश्वर महतो | विन्देश्वरी महतो, सुदेश्वर महतो, पिता स्व० केश्वर महतो, बासदेव महतो, राजदेव महतो, गोपाल महतो, पिता स्व० भुनेश्वर महतो |
| 14 | | 21 | 186/P | रैयती | टांड़–2 | 0.1350 | 14 | सरयु महतो वो जीतन महतो, पिता रामसुन्दर महतो | सरयु महतो, पिता रामसुन्दर महतो, राजकपूर मेहता, पिता स्व० जितन महतो एवं अन्य |
| 15 | | 10 | 24 | रैयती | टांड़–2 | 0.1581 | 15 | अज्ञात | दखल बिरजू राम, मोहन राम, बिनोद राम, पिता स्व० गोपाल मोची |
| 16 | | 10 | 26 | रैयती | टांड़–2 | 0.0217 | 16 | अज्ञात | दखल रामबेलास महतो, पिता रामरोहु महतो |
| 17 | | 30 | 10 | रैयती | टांड़–1 | 0.0291 | 17 | अज्ञात | दखल बिरजु राम, मोहन राम, बिनोद राम, पिता स्व० गोपाल मोची, राजकुमार राम, पिता स्व० जगदीश राम |
| 18 | | 14 | 189/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0417 | 18 | अज्ञात | सरयू महतो, संत कुमार महतो, पिता स्व० रामसुन्दर महतो, कृष्ण देव महतो, धनेश्वर महतो, पिता स्व० ब्रजमोहन महतो, राजकपूर मेहता, पिता स्व० जितन महतो |
| 19 | | 17 | 185/289 | रैयती | टांड़–2 | 0.0239 | 19 | अज्ञात | राजेन्द्र महतो, पिता यदुवर महतो |
| 20 | | 28 | 153/P | रैयती | टांड़–2 | 0.0006 | 20 | अज्ञात | दखल लालबहादुर महतो, पिता राजकुमार महतो |
| | | | | | कुल | 3.3370 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR.NO.313683 Palamu(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### चियांकी मुखिया समेत पूर्व प्रतिनिधियों ने किया नये थाना प्रभारी का स्वागत



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने शनिवार को सदर थाना में जाकर नये प्रभारी दीवाकर कुमार को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन सिंह, चियांकी मुखिया बिनको उरांव, पंसस अजित सिंह, मुखिया पति उपाध्याय सिंह, शिक्षक भरदूल सिंह, रविंद्र सिंह, पूर्व मुखिया सरजा आनंद कुमार, अवधेश विश्वकर्मा, महबूत अंसारी ने अपने क्षेत्र की समस्या को प्रभारी के समक्ष रखा। पूर्व जिप सदस्य अर्जुन सिंह ने कहा कि सदर क्षेत्र की जनता को नये थाना प्रभारी से काफी उम्मीद है। सदर क्षेत्र को अपराधमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण तैयार करने की जरूरत है। मौके पर मुखिया बिनको उरांव ने कहा कि सदर थाना क्षेत्र के ग्रामीण विकास कार्य में सहभागिता निभाते हैं। उन्होंने कहा कि नये थाना प्रभारी लोगों की समस्या का समाधान व अपराधमुक्त क्षेत्र बनायें ताकि लोग अमन चैन से रह सकें। मौके पर सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह ने कहा कि नये थाना प्रभारी जनता से समन्वय बनाकर काम करें। ताकि उन्हें अपराधमुक्त क्षेत्र बनाने में सहायता मिल सके। मौके पर ठकुराई सिंह, विनय सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

### विश्वनाथ बनें मंदिर निर्माण कमिटी के अध्यक्ष

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के ग्राम पांडेयपुरा हाई स्कूल के प्रांगण में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया अजय पावान ने की व संचालन रमेश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि मंदिर निर्माण के लिए कमिटी गठित की जाये। जिसमें विश्वनाथ भुईयां को मंदिर निर्माण कमिटी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके अलावे अशोक भुईयां को सचिव व राजू राम को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में बटु भुइयां, जगन्नाथ भुइयां, अमरेश भुइयां समेत कई लोगों को सदस्य बनाया गया। मौके पर सुरेश राम, दशरथ राम, भरदूल राम, परशु राम, मनोज भुइयां, रोहित राम, मिंटु राम, नीरज, जगदीश समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### गुरी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, 830 आवेदन हुए जमा



**विश्रामपुर (पलामू)।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी पंचायत मुख्यलायमे मे शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन अपर समाहर्ता सुरजीत सिंह, बीडीओ विक्रम आनंद,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया रौशीला देवी, प्रमुख रंभा कुमार व उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास,सिंचाई योजनाओं सहित कुल 830 आवेदन प्राप्त हुआ। अधिकाधिक आवेदन अबुआ आवास योजना का था। गुरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छटाओं को साइकिल खरीदने हेतु चेक प्रदान किया गया। मौके पर बीडीओ विक्रम आनंद ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर बीपीआरओ मुकेश कुमार, मुखिया पति घुरा बैठ, पूर्व पंसस गुड्डू पांडेय, ललित पांडेय, संजय दुबे, देवेंद्र सिंह, सुरेंद्र पाठक सहित कई लोग मौजूद थे।

### श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंचतत्व में विलीन



**हरिहरगंज पलामू।** मेन बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित श्याम सुंदर वैद्य रविवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। इसके साथ ही मंदिर से आने वाली श्लोक तथा भजन का मधुर आवाज सदा के लिए खामोश हो गई। पंडित श्याम सुंदर वैद्य का निधन शनिवार को 90 वर्ष की अवस्था में हुई थी। उनका अंतिम संस्कार बटाने नदी के तट पर किया गया। ज्येष्ठ पुत्र वृंदावन बिहारी शरण वैद्य ने मुखाग्नि दी। इससे पहले फूलों से सुसज्जित वाहन में पार्थिव शरीर को रखकर गाजे बाजे के साथ शव यात्रा निकाली गई। इसमें शहर के लोगों ने अपनी अपनी दुकानों को बंद कर हजारों की संख्या में शामिल हुए। दिवंगत पुजारी के अंतिम दर्शन करने के लिए दुर्गा मंदिर परिसर में शव को रखा गया। जहां श्रद्धालुओं ने पुष्पार्पण किया। यात्रा दुर्गा मंदिर से मेन बाजार, एनएच 98 से होते हुए, महावीर मंदिर, थाना रोड़ होते बटाने नदी घाट पहुंची। इस दौरान 100 यात्रा पर फूलों की बारिश होती रही। अंतिम यात्रा में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, समाजसेवी भोला गुप्ता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सरोज प्रसाद कुशवाहा, रॉबर्ट गुप्ता, पुरुषोत्तम जायसवाल, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कमलेश कुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, चंदन जायसवाल, मुन्ना विश्वकर्मा, सोनू जायसवाल, सन्नी गुप्ता, शिक्षक सुरेश सिंह, बीनू जायसवाल, अजय स्वर्णकार, एनसीपी नेता अजय सिंह, पूर्व 20सूत्री अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, अशोक सिंह, भीमसेन शर्मा, सुनील शौंडिक, अनूप, सत्यनारायण शौंडिक, विजय शौंडिक, राजू सिंह सहित हजारों लोग शामिल थे।

### सतबरवा : एकीकृत सहायक अध्यापक मोर्चा की बैठक संपन्न



सतबरवा पलामू। एकीकृत सहायक अध्यापक मोर्चा के बैनर तले प्रखंड क्षेत्र के सहायक अध्यापकों की बैठक बीआरसी कार्यालय के प्रांगण हुई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने झारखंड सरकार के द्वारा सहायक अध्यापकों के साथ वादा खिलाफी के विरोध में प्रदर्शन करते हुए 19 दिसंबर दिन मंगलवार को रांची में विधानसभा घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। घेराव कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। प्रखंड अध्यक्ष ललन साहू ने कहा कि झारखंड सरकार समय रहते चेत जाए और सभी सहायक अध्यापकों को वेतनमान दे अन्यथा सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में उग्र आंदोलन होगा। मौके पर अर्जुन मेहता, संजय कुमार यादव, सुनील गांधी, भीम साहू विदेशी साव, बिनोद चौधरी समेत कई सहायक अध्यापकों ने अपना अपना सुझाव दिया। मौके पर मो असगर, श्रवण राम, दिनेश विश्वकर्मा, हबीबुल्ला अंसारी राजेश महतो, लीलू सिंह, ओम प्रकाश सिंह, निरंजन कुमार, यशवंत कुमार, अजय पाठक, उर्मिला देवी, गीता देवी, करमचंद गांधी अशोक यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

### प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का लिया प्रभार



**हरिहरगंज पलामू।** उपायुक्त के निर्देश पर प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार ने सोमवार को हरिहरगंज नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार ग्रहण किया। सीटी मैनेजर अजमल हुसैन ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर सीटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, एलटीसी संजय राणा, विचित्रा कुमारी, लालमुनि कुमारी, साजदा अंजुम, रिशु कुमारी, अनिता, प्रीतम प्रफुल्ल एक्का, रविन्द्र कुमार, श्याम, विकास, विक्की सहित कर्मी उपस्थित थे।

### नेशनल पब्लिक स्कूल में होम साइंस की परीक्षा संपन्न, पिकनिक मनाया



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा के दौरान होम साइंस की परीक्षा संपन्न हो गई। शिक्षक तथा छात्रों ने साथ में बैठकर पिकनिक मनाते हुए वर्ष 2023 के अंतिम महीना की विदाई किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र मेहता, एमडी राजीव रंजन, प्रिंसिपल रवि रंजन वर्मा, शिक्षक विनोद कुमार, सुरेश कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर, कुंदन कुमार सिंह, रामी कुमारी, सोनी, शिल्पी, सुनीता, संध्या कुमारी, सपना, सपना मैम, आर्यन, आदित्य, नीतीश, दिव्यांशु, परवल कुमार, कौशल कुमार, पीयूष कुमार, अंशु कुमार, सोनू, तृप्ति, मुनि, रीना, अनमोल, भीम, आदर्श, राहुल, अभिषेक, चंचल, साक्षी, प्रीति, प्रिया, रागिनी सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## पलामू प्रमंडल में दूरसंचार का होगा सुधार : महाप्रबंधक

### झारखंड चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद ने मिलकर रखी बात

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक डेलिकेट झारखंड चैंबर के रीजनल उपाध्यक्ष आकर्ष आनंद के नेतृत्व में महाप्रबंधक से मिलकर शहर में दुरसंचार व्यवस्था की लचर व्यवस्था पर चर्चा की। मौके पर पलामू चेंबर के उपाध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल, रिंकू दुबे, अनवर हुसैन, राकेश सोनी एवं कई सदस्य शामिल थे। बैठक के दौरान दुरसंचार समस्याओं को सुना गया। सदस्यों ने अपनी ओर से सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सुझाव दिया। समस्या सुनने के बाद मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि अगले वर्ष 2024 की शुरूआत में बीएसएनएल की 4 जी सेवा एक नये रुप में मिलेगी और सुधार की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा। आगामी जुलाई 2024 तक पुरे झारखंड के प्रमंडल में 5 जी सेवा को चालु कर दिया जायेगा इसके लिए भारत सरकार द्वारा मनोनित ईसीजीयस तकनिक पर आधारित (आत्म निर्भर भारत के तहत) है। साथ ही बीएसएनएल डालटनगंज की सेवा को दुरुस्त करने के लिये आप्टीकल फाईवर के नेटवर्क को और विस्तार किया जा रहा है। बैठक में रांची व्यापार क्षेत्र के महाप्रबंधक उमेश प्रसाद साह ने बीएसएनएल ऐप और चाट जीपीटी नंबर 18004444 फोर असिस्टेंड ऑफ एफटीटीएच सर्विस सभी को अवगत कराया जिससे नई सेवा को चालू करने और शिकायत दर्ज करने की भी सुविधा उपलब्ध है। मौके पर झारखंड के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार, रांची के महाप्रबंधक उमेश प्रसाद साव, मनोज भोक्ता, सिविल के मुख्य अभियंता अखिलेश कुमार, डालटनगंज के उपमहाप्रबंधक राम कृपाल सिंह, सहायक प्रबंधक डालटनगंज कमलेश कुमार और सुनील कुमार मौजूद थे।

## पलामू का बेटा निखिल वायुसेना में बना फ्लाइंग आफिसर

खबर मन्त्र संवाददाता



परेड के बाद राजनाथ सिंह व अपने चाचा के साथ निखिल।

**विश्रामपुर।** पलामू जिला के रेहला थाना क्षेत्र के गोदरमा के सनातन विद्या निकेतन के निदेशक धनंजय पांडेय का पुत्र व झारखंड बिजली बोर्ड के पूर्व चेयरमैन विजय नारायण पाण्डेय का भतीजा निखिल कुमार पांडेय भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग आफिसर बना है। प्रशिक्षण के बाद 17 दिसंबर को हैदराबाद में वायु सेना अकादमी में आयोजित कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड में निखिल कुमार पांडेय सहित 213 कैडेटों को अधिकारियों के रूप में भारतीय वायु सेना में कमीशन किया गया। निखिल ने बताया कि जनवरी में उसका चयन एयर फोर्स के आफिसर में हुआ था। 17 दिसंबर को प्रशिक्षण समापन पर परेड आयोजित की गई थी। जिसमें देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी नवनियुक्त अधिकारियों का हौसला बढ़ाने का काम किया। निखिल ने बताया कि अपने पिता धनंजय पांडेय के प्रेरणा से वह प्रारंभिक काल से ही डिफेंस में जाने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा था। उसने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारण कर ईमानदार मेहनत के साथ काम करने पर कोई भी लक्ष्य को पाया जा सकता है। क्योकि ईमानदार मेहनत कभी बेकार नही जाता। निखिल ने कहा कि सफलता के लिए स्थान भी कोई मायने नही रखता बल्कि कही भी रह कर लक्ष्य पर फोकस करते हुए तैयारी करने से सफलता मिलती है। इसलिए यह जरूरी है कि उत्साह के साथ विद्यार्थी लक्ष्य का निर्धारण कर उसे प्राप्त करने की दिशा में लगे। अपने बेटे की सफलता पर निखिल के पिता धनंजय पांडेय ने कहा कि उन्हें भी डिफेंस में जाने की इच्छा थी, लेकिन वे नहीं जा सके। आज बेटे को भारतीय वायु सेना में आफिसर बनने से वह काफी खुश हैं।

## कमलेश सिंह ने विस में आपदा विभाग से आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की



मंत्री ने एक माह के अंदर आवंटन उपलब्ध कराने की बात कही

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विस क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में वज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा राशि भुगतान से संबंधित प्रश्न उठाया। उन्होंने कहा कि बज्रपात से मृत व्यक्तियों के आश्रितों के मुआवजा की राशि वर्ष 2023-24 में 28 लाख 36 हजार रुपये पलामू जिला को उपलब्ध कराया गया था, जिसका शत प्रतिशत व्यय किया जा चुका है। उन्होंने पूछा की क्या यह बात सही है कि पलामू जिले में वर्णित आवंटित राशि के व्यय के पश्चात वज्रपात में मृत व्यक्तियों एवं पशुओं हेतु मुआवजा के भुगतान के लिए 35 लाख 35 हजार 400 रुपये की राशि के आवंटन के संदर्भ में उपायुक्त, पलामू ने अपने पत्रांक-186, दिनांक 26.09.2023 के द्वारा सचिव, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से पत्राचार किया है। परन्तु 8 दिसम्बर, 2023 तक आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने जानना चाहा कि यदि उपर्युक्त उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वज्रपात में मृत व्यक्तियों के आश्रितों तथा मृत पशुओं के मालिकों को मुआवजे की राशि भुगतान कराने का विचार रखती है, हां तो कब तक नहीं तो क्यों? उत्तर देते हुए बन्ना गुप्ता मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि पलामू जिला में वज्रपात से मृत व्यक्तियों एवं पशुओं के मुआवजा से संबंधित याचित राशि का आवंटन राज्य कार्यकारिणी समिति के निर्णय के पश्चात कर दिया जायेगा।

विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रश्न पर उन्होंने एक महीना के अंदर पलामू जिला को राशि मुहैया करा दी जाएगी।

# विधानसभा में सरकार के खिलाफ पांकी विधायक डॉ शशिभूषण ने किया प्रदर्शन

### ईडी के डर से भागने वाले सीएम हेमंत सोरेन से की इस्तीफे की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



>> विधायक ने विधानसभा में उठाया किसानों के फसल नुकसान होने का मामला

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डा शशिभूषण मेहता ने झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में झारखंड सरकार हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रदर्शन किया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने ईडी के डर से भागने वाले सीएम से इस्तिफे की मांग की। विधायक ने कहा कि पलामू जिला परिषद के जिला अभियंता इसी माह में सेवानिवृत होनेवाले हैं। जिले के 167 पंचयत भवनों की मरम्मति के लिए लगभग 15 करोड़ की राशि का निविदा निकाला है। जबकि इसी वित्त वर्ष में 15वीं वित्त आयोग की राशि से पलामू जिला के लगभग सभी पंचायतों में भवनों का रंगरोगन, मरम्मति व सुंदरीकरण का कार्य लाभूक समिति के माध्यम से कराया गया। जिसका भुगतान अभी भी कई लाभूकों का लंबित है। कार्यपालक अभियंता नियमों को ताक पर रखकर वित्तीय घोटाला की नियत से एक वर्ष के अंदर किये गये कार्य का पुनः निविदा निकाला है। उन्होंने विधानसभा के सचिव से उक्त निविदा रद्द करते हुए घोटाले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना से निर्माणाधीन पेयजलापूर्ति योजनाओं में संवेदकों द्वारा अनियमितता की जा रही है। पांकी प्रखंड के कलस्टर संख्या आठ व मनातू के कलस्टर 23 के संवेदक हरिशंकर पांडेय व मनातू के कलस्टर 24 के संवेदक आरके कंस्ट्रक्शन के द्वारा निम्न स्तर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। बोरिंग की गहराई मानक के अनुसार नहीं की गई है। बिना वाटर डिस्चार्ज की जांच किये टंकी लगा दिया गया है। जिससे कई योजनाएं अभी से फेल हो गई है। स्टलर स्ट्रक्चर अनुमोदित वेट से कम का उपयोग किया गया है। फाउंडेशन से सरिया का उपयोग तय मानक से काफी कम किया गया है। उन्होंने विस में मांग किया कि विस उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर मामले की जांच दोषी संवेदक व पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाये। विधायक ने सवाल उठाा कि नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के द्वारा वर्ष 2022 में जार रिपोर्ट के अनुसार झारखंड के कुल 1395 बच्चे बच्चियां लापता हैं। जिनमें 652 लड़के व 743 लड़कियां हैं। प्रश्न के जवाब में कहा गया कि राज्य में वर्ष 2022 में लापता लड़कों की संख्या 262 है। लापता लड़कियां 432 है। कुल लापता 692 हैं। इनमें से कुल 210 लड़कों को बरामद किया गया है। 350 लड़कियां बरामद हुई है। कुल 560 बरामद किये गये हैं। वर्ष 2022 में अब तक बरामद नहीं हुए लड़कों लड़कियों की संख्या 134 है। विधायक ने सवाल किया कि मनातू प्रखंड के पंचायत डूमरी के ग्राम केदल, चिलबिलियाटांड, चिड़ीखुर्द, उलवार आदि गांवों के घरों में लुप्त प्राय परहिया जनजाति की महिलाएं व अबोध बच्चे पाये जाते हैं। सभी गांवों से बाहर हैं। जवाब में कहा गया कि जेएसएलपीएस के माध्यम से मानव तस्करी रोकने हेतू जागरूकात रैली निकालकर जागरूक किया जा रहा है। उक्त गांवों के सभी लोग गांव से बाहर नहीं हैं। विधायक ने विधानसभा में आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता से सवाल किया कि पांच, छह व सात दिसंबर को आये चक्रवात मिचौंग से झारखंड सहित पूरे देश में लगातार बेमौसम बारिश होने के कारण किसानों के फसलों को नुकसान हुआ है। जवाब में कहा गया कि सभी उपायुक्त से उतर प्रतिवेदन की मांग की गई है। प्रतिवेदन अप्राप्त है। विधायक के सवाल के जवाब में कहा गया कि राज्य आपदा मोचन निधि के दिशा निर्देश के आलोक में उचित निर्णय लिया जायेगा।

## गूरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की हुई बैठक, ज्ञान महायज्ञ कराने का निर्णय



**विश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर प्रखंड के गुरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में जनवरी 2024 में ज्ञान यज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। प्रस्तावित ज्ञान यज्ञ रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया जायेगा। यज्ञ की शुरूआत छः जनवरी से होगा। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित युवा समाजसेवी सह पूर्व विस प्रत्यासी विकास दुबे ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध हो जाता है। लोगों की धर्म में आस्था भी बढ़ती है। उन्होंने ज्ञान यज्ञ में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बैठक में शिवराज मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, शिवकुमार मिश्र, श्रीकांत मिश्रा,मुखराम तिवारी, विजयकांत तिवारी,आशीष मिश्रा, अखिलेश तिवारी, लालमोहन पासवान, डब्लू चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।**

## सोहरी चंद्रवंशी कॉलेज में समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सोहरी चंद्रवंशी कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। आयोजन छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया था। जिसमें कॉलेज के सभी सीनियर छात्र-छात्राओं को सम्मान पूर्वक विदायी दी गयी। कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, बीएससी एमएलटी बैच के छात्र-छात्रा शामिल हुये। रामचंद्र चंद्रवंशी विवि के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर कुलपति डॉ कल्याण कुमार, कॉलेज के प्राचार्य कौशल किशोर नागर, प्रो रेखा कुमारी, खुशबू सिंह, ज्योति जांगड़े, सरोज, आरमो, नेहा खेश, राहुल तिवारी, नम्रता प्रिति बेक, अर्पणा मिंज, सरस्वती भगत, अंकिता चौहान, अनुपमा भगत, सपना श्रीवास, विरेन्द्र पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## सीबीआई ने प्रधान डाकघर में छापेमारी कर 15 हजार घूस लेते कर्मी को किया गिरफ्तार



मेदिनीनगर। पलामू जिला में लंबे अरसे के बाद सीबीआई ने छापेमारी कर सफलता प्राप्त की है। सोमवार को सीबीआई की टीम प्रधान डाकघर में छापेमारी कर पोस्टल असिस्टेंट संजय कुमार गुप्ता को 15 हजार रूपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई की टीम जब प्रधान डाकघर में पहुंची तो उस वक्त शिकायतकर्ता से पोस्टल असिस्टेंट 15 हजार रूपये घूस ले रहे थे। जैसे ही पैसा अपने हाथ में लिया कि घात लगाये टीम के लोगों ने असिस्टेंट को दबोच लिया। गिरफ्तार डाककर्मी से पूछताछ किया जा रहा था। वहीं विभागीय प्रक्रिया पूरा करने के बाद असिस्टेंट को पकड़ा गया। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्यूरो ने पलामू में लंबे अरसे के बाद पोस्ट ऑफिस में छापेमारी की है। ज्ञात हो कि पोस्टल असिस्टेंट डाकघर में नियुक्ति को लेकर अभ्यर्थी से 25 हजार रूपये रिश्वत की मांग की थी। जिसमें शिकायतकर्ता 15 हजार रिश्वत दे रहा था। सीबीआई द्वारा छापेमारी किये जाने पर जांच के घेरे में और कई अधिकारी शामिल हो सकते हैं।

## थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने मुखिया द्वारा 100 रूपये प्रति ट्रैक्टर चालान का किया जांच

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत सुआ कौड़िया में वैद्य रूप से मुखिया द्वारा चालान काटा जा रहा है। सदर थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने चालान का जांच किया। आपको बता दे की सदर थाना क्षेत्र में कैटिगरी वन के तहत तीन बालू घाट का आवंटन जिला खनन द्वारा किया गया है। कौड़िया में मोलबी घाट और सुआ बिद्दवा घाट वही सदर प्रभारी दिवाकर कुमार ने थाना में योगदान देने के साथ ही निरीक्षण करने घाटों पर पहुंचे। वहां सभी ट्रैक्टरों का चालान चेक किया गया। सभी गाड़ी पर चालान मुखिया द्वारा दिया गया था जो सही पाया गया। इस मौके पर सदर थाना प्रभारी दिवाकर कुमार ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र में पंचायत को बालू घाट जिला खनन द्वारा मिला है इसमें हमने सभी ट्रैक्टरों को जांच किया तो पता चला कि चालान सही है। इस अभियान में एएस आई अभिमन्यु कुमार सभी ट्रैक्टरों को एक-एक कर चालान को बारिकी से देखें।

## हरिहरगंज में बाइक सवार तीन लोग घायल

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज थाना के समीप सोमवार देर शाम को अनियंत्रित होकर बाइक पलटने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक गोलू कुमार यादव को मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। डॉ अरुण कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से घायल गोलू यादव, सुरज यादव एवं कुंदन यादव बिहार के औरंगाबाद के बैजनाथ बिगहा गांव के रहने वाले है।

## राजहारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित



**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड के राजहारा पंचायत भवन परिसर में सरकार की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बीडीओ सुकेशनी करकेटा, बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष मनदीप मेहता, पंचायत के मुखिया आशा देवी और पंचायत समिति दिवाकर शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। शिविर में प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, मुखिया मनदीप मेहता नौडीहा पंचायत, मुखिया आशा देवी राजहरा पंचायत को शिविर में प्रशस्ति पत्र दिया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से अपील करते हुए बीडीओ ने कहा कि ग्रामीण सरकार द्वारा संचालित हो रहे योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें यह कार्यक्रम आपके सुलभता को लेकर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है आप इसका अवसर का लाभ ले।

## कर्नल कप : आखिरी लीग मुकाबले में काजीनगर ने पतरा कला को हराया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लीग चरण के आखिरी दिन भी दर्शकों रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच काजीनगर बनाम पतरा कला के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने गोल करने का कई प्रयास किए लेकिन कामयाबी काजीनगर टीम को मिला और काजीनगर ने बड़े ही आसानी से 3 -0 से मैच को अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व मैच शुरू होने से पहले मुख्य अतिथि महुअरी पंचायत पंसस बद्रीनारायण सिंह व सेवा निवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर संयम के साथ खेलने का अनुरोध किया।

## पचकेड़िया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के पचकेड़िया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पलामु जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, पाटन प्रमुख शोभा देवी, पचकेड़िया पंचायत की मुखिया बसंती देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रेमलता देवी, संगीता देवी, पाटन झामुमो अध्यक्ष रंजीत सिंह, उप प्रमुख अमरेश वर्मा, जल सहीया सरिता देवी, पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के समस्या संबंधी आवेदन प्राप्त किये गये। शिविर में मुखिया बसंती देवी ने सभी लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनपयोगी योजना का जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाने को कहा। वहीं पाटन बीडीओ ने सभी स्टॉल का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया । शिविर में सात महिला समुह के लोगों को सोलह लाख रुपए का चेक उपस्थित पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा दिया गया। शिविर में दस छात्र छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण के तहत पैंतालीस पैंतालीस सौ रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। सावित्री बाई फुले योजना के तहत तीन छात्राओं को पांच पांच हजार रुपए दिए गये। दो गर्भवती महिलाओं का गोद भराई एवं एक बच्चे का अन्नप्राशन किया गया। शिविर में बालविकास विभाग के द्वारा तीन साल से लेकर पांच साल के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। शिविर में बीपीआरओ कामेश्वर मेहता, आवास कोडिनेटर शीवम कुमार, पन्द्रहवीं वीत कोडिनेटर चितरांगद कुमार, मनरेगा बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, नाजीर दीवाकांत कुमार, लेखा सहायक दीपक तिवारी, एमओ सखी चन्द दास, इमाम हुसैन, विष्णु कुमार, किरण देवी, अनुपा एका, नन्द कुमार राम, पंचायत सचिव सुरेश सिंह, रोजगार सेवक अनुज पासवान, भरत मांझी, सीडीपीओ अनीता कुमारी, सुपरवाइजर सुनीता कुमारी, ओपरेटर राजेन्द्र कुमार सहित अंचल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया।

## पांकी प्रखंड कृषक मित्र संघ की बैठक संपन्न

### किसान मित्र अपनी मांगों को लेकर किसानों के साथ प्रदर्शन करेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड कृषक मित्र संघ की बैठक राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह ने की और संचालन उपाध्यक्ष बच्चू राम ने किया। बैठक में मुख्य रूप में जिला अध्यक्ष रंजन दुबे मौजूद थे। प्रखण्ड के सभी पंचायत से आए कृषक मित्रों ने भाग लिया। बताते चलें की दो वर्षों से सुखाड़ के कारण किसानों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सरकार किसानों के प्रति कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। वर्तमान की सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को बंद कर किसानों के साथ एक बड़ा धोखा किया है। झारखंड सरकार ने राज्य फसल बीमा योजना चालू किया है जिसमें पिछले वर्ष पलामू जिले से 128000 किसानों ने निबंध करवाया था। जिसमें आधे से भी कम किसानों का भुगतान हुआ। शेष किसानों का अभी भी भुगतान लंबित है। इस वर्ष खरीफ में भी 87000 किसानों ने निबंधन कराया है। खरीफ फसल छोड़ रवि फसल समाप्ति की ओर है लेकिन एक भी किसानों का भुगतान नहीं होना किसानों के साथ धोखा है। प्रति फॉर्म किसानों को निबंधन में 100 से 150 रुपया खर्चा होता है। 15 दिसंबर बीत गए लेकिन अभी तक धान अधिप्राप्ति केंद्र पलामू जिले में नहीं खोले गए। कुछ किसान अपना धान बिचौलिए के हाथ बेचने को मजबूर हैं। जिला अध्यक्ष दुबे ने कहा कि सभी बातों को गंभीरता से लेते हुए सरकार से मांग करते हैं कि अभिलंब किसानों को फसल बीमा योजना का भुगतान की जाए। अगर सभी किसानों का फसल बीमा योजना का प्रखंड में भुगतान नहीं होता है तो सभी किसान मित्र किसानों के साथ प्रदर्शन करेंगे।

स्पीड न्यूज

## रामपुर में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम



**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत में सोमवार को सरकार आपके द्वारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीओ देवराज गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, पूर्व जिप सदस्य सुनील मुर्मू, स्थानीय पंचायत के मुखिया आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जेएसएलपीएस महिला समूह को 26 लाख 50 हजार रुपए का चेक दिया गया। छात्र-छात्राओं को साइकिल खरीदने हेतु प्रतीकात्मक चेक दिया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने अबुआ आवास को लेकर अपने आवेदन जमा किए। आवेदन जमा करने को लेकर लंबी कतार देखीगई। मौके पर अलग-अलग 25 शिविर लगाए गए थे।

## हैप्पी स्ट्रीट के दूसरे संडे नृत्य संगीत से गुलजार रही सड़क

**बोकारो।** हैप्पी स्ट्रीट का दूसरा संस्करण भी फन डे के रूप में दिखा। सामूहिक योगाभ्यास नृत्य संगीत चित्रांकन जैसी कई स्पधाओं में लोगों ने खूब मजे किए। सामाजिक संगठनों की ओर से स्वास्थ्य और योग केंद्र लगाए गए थे। बोकारो महिला समिति की ओर से फूड स्टॉल पर लोगों ने कई तरह के व्यंजन बनाया। बीएसएल अधिकारियों से लेकर विभिन्न स्कूली बच्चों और भारी तादाद में आमलोगों ने कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत आदिवासी नृत्य और अन्य तरह के नृत्यों ने लोगों को खूब लुभाया। बड़े नगरों में रहनेवाले जहां एक तरफ प्रदूषण के खतरों का सामना करना पड़ रहा है वहीं बोकारो इस्पात सयंत्र के सहयोग से इस्पातनगरी में समाज के हर तबके के लोगों को हैप्पी स्ट्रीट के बहाने एक मंच पर लाने की पहल की गई है। इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की महफिल जमती है।

## फुटबॉल मैच के विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

**बोकारो।** एमजीएम हायर सेकेंडरी के फुटबॉल मैदान में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता 2023 के समापन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में डीडीसी कीर्तिश्री ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेलने से टीम भावना उत्पन्न होती है।

# शोषित पीड़ितों की आवाज थे विनोद बाबू

## मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने बिनोद बाबू की पुण्यतिथि मनाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को झारखंड के भीष्म पितामह एवं पुरोधा बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने धनबाद रेलवे स्टेशन स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। वही महुदा मोड में समाजसेवियों एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा बिनोद बिहारी महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर धनबाद मे मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि बिनोद बाबू शोषित-पीड़ित के आवाज थे। उन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में जोरदार संघर्ष किया। उनके चरणबद्ध आंदोलन को देखकर लाखों जानताओं ने सड़क पर उतरकर अलग झारखंड राज्य की नींव रखी। आज राज्य मिला लेकिन सही मायने में झारखंडियों को राज नहीं मिला हैं। बिनोद बाबू ने युवाओं को एक संदेश दिया था कि पढ़ो और लड़ो पढ़ने के साथ-साथ लड़ने की प्रेरणा दी। युवाओं को जागरूक और संघर्षील बनाकर हर आंदोलन को दिशा देने की रास्ता दिखाया। बिनोद बाबू लाल हरा-मैत्री के अगुवा रहे। दोनों झंडों के नेतृत्व में माफिया मुक्ति आंदोलन का नेतृत्व किया। वे अपने सिद्धांतों से कभी भी समझौता नहीं किया। समान विचारधारा वादी लोगों के साथ मिलकर शोषण मुक्ति की लड़ाई को तेज किया। माल्यार्पण कार्यक्रम में मायुमो जिला सचिव राणा चटराज, सृष्टि महतो, दीपक महतो, औरधेन्दु दत्ता, किशोर महतो, शंकर महतो मौजूद थे।

## जवाहर नगर गुरुद्वारा में मनाया गया गुरु तेग बहदुर का शहादत दिवस

बेरमो। फुसरो नगर परिषद जवाहर नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में सिक्खों के 9वें गुरु गुरु तेग बहादुर जी की शहादत की याद करते हुए शहीद दिवस मनाया गया। यहां सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर शाहिद दिवस मनाया। इस अवसर पर बेरमो के सभी आठ गुरुद्वारा के बाबा द्वारा तीन दिनों तक पाठ किया गया। इसके उपरांत सभी लोग सामूहिक रूप से लंगर ग्रहण किया। इस अवसर पर जवाहर नगर के सेवादार तरजेस सिंह ने बताया कि आज गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस मना रहे है। यहां से गोमिया तक के सभी आठ गुरुद्वारे के लोग एक साथ इसे मनाए है। बताया कि गुरु तेग बहादुर हिंदू धर्म की रक्षा के लिए सन 1675 में अपना बलिदान दिया पर मुगल बादशाह औरंगजेब के सामने शीश नही झुकाए। बताया कि गुरु तेग बहादुर जी को शहीद की चादर के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने अपना सारा जीवन मानवीय मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया था। मुगल बादशाह औरंगजेब ने तेग बहादुर जी पर इस्लाम धर्म को कबूलने के लिए काफी मजबूर किया थाए लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इस्लाम को स्वीकार नहीं किया। गुरु तेग बहादुर जी के साहस को देख कर औरंगजेब तिलमिला गया और गुरु तेग बहादुर जी से कहा कि वह इस्माल और मौत में से किसी एक का चुनाव कर लें। लेकिन उन्होंने मौत को स्वीकार करना मंजूर किया।

## शिव-काली मंदिर में हरिकीर्तन पर झूमे श्रद्धालु

**बेरमो।** अंबेडकर कॉलोनी ढ़ोरी स्थित शिव .काली मंदिर मे भगवान श्री राम विवाहोत्सव पर अखंड हरि .कीर्तन का आयोजन किया गया। 24 घंटे चले इस कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। हरे राम हरे कृष्ण की धुन पर श्रद्धालु झूमे। पुजारी विनोद तिवारी ने बताया कि कलियुग में कोई भी तन .मन .धन से शुद्ध नहीं है। ऐसे में केवल हरि नाम ही सत्य है।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एव सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियो द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02 गढ़वा**

ई–निविदा सूचना सं०–RDD/SD/GARHWA/14/2023-24
Tender ID- 2023_RDSPL_78377_1
CORRIGENDUM (शुद्धि पत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–**RDD/SD/GARHWA/14/2023-24, PR 312483 Rural Development (23-24)D** द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश कंडिका (क्रमांक) 03 एवं 05 में आंशिक संशोधन करते हुए पूर्व **NIT** के निविदा आमंत्रित की जाती है, शेष कंडिकाएँ यथावत् बनी रहेंगी।

3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–04.12.2023 से दिनांक–18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक के स्थान पर दिनांक–04.12.2023 से दिनांक–20.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय–20.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर दिनांक–22.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं.–02 गढ़वा।

PR.NO.313720 Rural Development(23-24):D

# चक्कर आने से स्कूल में बेहोश होकर बेंच से गिरा नौवीं कक्षा का छात्र, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर सिंबोसिस पब्लिक स्कूल में नौवीं क्लास का छात्र अजय कुमार साव पढ़ाई के दौरान अचानक बेंच से नीचे गिर गया। स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में छात्र को धनबाद के अशर्फी अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे शहीद निर्मल महतो कॉलेज अस्पताल भेज दिया। जांच करने के बाद डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया है। मृतक छात्र पुराना बाजार धनबाद का रहने वाला बताया जा रहा है। विद्यालय की प्रिंसिपल इंद्राणी घोष ने बताया कि छात्र क्लास में पढ़ाई कर रहा था, इस दौरान उसे अचानक चक्कर आने लगी। जिसके बाद वह बाहर बेंच में जाकर के बैठ गया। बेंच में बैठने के कुछ ही क्षणों के बाद वह बैंक से नीचे गिर गया। आनन-फानन में विद्यालय के द्वारा उसे धनबाद के अशर्फी अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टर ने उसे धनबाद शहीद निर्मल महतो चिकित्सा अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने जब उसकी जांच की तो छात्र की मौत हो चुकी थी। इधर इस घटना के बाद छात्रा के परिजनों का रो-रो करके बुरा हाल है।

## कसमार में सीढ़ी से गिरकर युवती की मौत

बोकारो/कसमार। कसमार थाना क्षेत्र के दुगार्पुर गांव के ललमटिया निवासी मंसूर अंसारी की 18 वर्षीय पुत्री हसिना खातून की मौत सीढ़ी से गिरकर हो गई। छज्जे पर सीढ़ी लगाकर कोई सामान चढ़ाने के दौरान सीढ़ी टूट गया और गिरने से हसीना के माथे पर गंभीर रूप जख्म हो गया। फौरन बोकारो सदर अस्पताल बोकारो ले जाया गया। जहां से रिम्स रांची रेफर कर दिया। रांची में इलाज के दौरान हसीना की मौत हो गई। रिम्स ओपी थाना द्वारा पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को सौंप दिया गया है। युवती की अगले माह सगाई होने वाली थी।

## बोकारो : करणी सेना ने स्व गोगामेड़ी को दी श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने स्व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को स्थानीय सेक्टर 2 सी स्थित श्री नर्मदेश्वर मंदिर के प्रांगण में भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर सेना के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह बोकारो जिला अध्यक्ष मधुकर सिंह जिला महामंत्री आनंद मोहन सिंह अनीता सिंह करणी सेना के अन्य प्रदेश व जिला पदाधिकारी महाराणा प्रताप विचार मंच के अध्यक्ष उदय सिंह अखिलेश सिंह मुकेश सिंह शैलेन्द्र सिंह समेत अन्य ने उनके प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सभी ने उनके साथ बिताये पलों को याद करते हुए उनकी पवन कृतियों का अनुसरण करने एवं उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुकर सिंह ने संचालन महामंत्री आनंद मोहन सिंह ने किया।

**Water Ways Division, Khunti**

e-Procurement Notice (1st Call)
Tender Reference No. WRD/WWD/KHUNTI-F2-02/2023-24
Date : 16/12/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Reconstruction of Culvert at Chainage 8.582 Km, Chainage 14.467 Km and Chainage 14.924 Km of LMC Under Latratu Reservoir Scheme. |
| 2(a) | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,02,77,941.25 (Rupees One Crore Two Lakhs Seventy Seven thousand Nine Hundred fourty One and Twenty Five Paise Only) |
| (b) | Bid Security (Rs.) | Rs. 2,05,600/- (Rupees Two Lakh Five Thousand Six Hundred Only) (Online-mode) |
| 3 | Cost of Tender Document | Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand only) (Online-mode) |
| 4 | Time of Completion | 11 months (355 Days) |
| 5 | Date of Publication of Tender on Website | 22.12.2023/From 03:00 pm |
| 6 | Last Date/Time for Submission of Bids Online | 09.01.2024 (Upto 5:00 PM) |
| 7 | Date of Opening of e-tender | 10.01.2024 (2:00 pm) |
| 8 | Name and address of Officer inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division, Khunti-835210 |
| 9 | Contact No. of Procurement Officer | 9430195452 |
| 10 | E-mail ID | eewwdkhunti@gmail.com |
| 11 | Help Line No. of e-Procurement | 9771437380 |

Note: Only e-tenders will be accepted
Note: Tender fee and EMD will be accepted by online mode only vide Lt. No. 120, Dt. 03.10.2023 of Dept. of Information Technology and e-Governence, Govt. Of Jharkhand
Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in

PR 313689 Water Resource (23-24)_D

Executive Engineer
Water Ways Division, Khunti

## कोयला खदान के अवैध मुहानों को बीसीसीएल ने बंद कराया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद में अवैध कोयला उत्खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है जहां पुलिस प्रशासन सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल प्रबंधन मौन है वहीं अब ग्रामीणों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। बाघमारा के रामकनाली थाना अंतर्गत चल रहे अवैध माइनिंग के खिलाफ ग्रामीण सड़क पर उतर कर, घंटो सड़क जाम कर बीसीसीएल और झारखण्ड सरकार के खिलाफ ग्रामीणों ने नारेबाजी की। बस्ती से महज 100 मीटर की दूरी पर कोयला तस्कर अवैध कोयला का उत्खनन कर रहे है। बीसीसीएल के द्वारा पहले माइनिंग चलाई गई थी,जो सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए पिलर छोड़ दिया गया था, लेकिन कोयला तस्कर उसी पिलर को अवैध माइनिंग कर रहे है,जिससे ग्रामीणों का जान का खतरा बन गया है। अगर इसे रोका नही गया तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वही सूचना मिलने पर बीसीसीएल के एजेंट संजय चौधरी घटना स्थल पहुँचे और चल रहे अवैध माइनिंग के मुहाने की भराई कर दी गयी है।

# बंदूक की नोक पर दो लाख की छिनतई

**● बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सोमवार को कतरास थाना क्षेत्र के लेडीडुमर पुल के पास तीन बाइक सवार अपराधियों ने अंडा व्यापारी से तगादा कर कर लौट रहे लगभग दो लाख रुपये बंदूक की नोक पर लूट लिया। भूक्तभोगी रुस्तम अली कुरैशी ने बताया कि वह बीरबल मंडल अंडा व्यापारी के पास काम करता है। बाघमारा से तगादा करके वापस लौट रहे थे। तभी लेडी डूमर के पास ओवरटेक कर तीन बाइक सवार नकाबपोश अपराधियों ने उसके बाइक को रोका और उसके सर पर बंदूक सटाकर रुपए से भरा बैग छीन लिया और उसके साथ मारपीट की। बाइक का चाबी भी छीन लिया। घटना संध्या 6.10 की है। घटना की सूचना कतरास पुलिस को दी गई। मौके पर कतरास पुलिस पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगालना शुरू किया, लेकिन किसी तरह का सुराग नहीं मिला। बताते चले की लेडी डूमर पुल के पास पहले भी कई बार छिनतई की घटना घट चुकी है।

## डीपीएस बोकारो में अंतर विद्यालय पेंटिंग प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में सहोदया की ओर से आयोजित अंतर विद्यालय पेंटिंग एवं पेंसिल स्केच प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष डॉ एएस गंगवार ने कहा कि एक कलाकार की सोच और उसकी दूरदर्शिता अपने.आप में अनूठी होती है। डॉ गंगवार सहित सहोदया के उपाध्यक्ष एवं जीजीपीएस सेक्टर 5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती चिन्मय के प्राचार्य सूरज शर्मा तथा निर्णायक के रूप में रांची से पहुंचे चित्रकार सीआर हेंब्रम एवं रामानुज शेखर ने कैनवास पर चित्रांकन कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। पेंटिंग के ग्रुप ए में यश राज वर्तिका सिंह एवं अनीषा ग्रुप बी में नंदिनी झा प्रीति कुमारी व पूजा ग्रुप सी में ऋद्धि चन्द्रा अर्पण गुप्ता व अनन्या कुमारी तथा ग्रुप डी में डॉली कुमारी अग्रिमा समर्थ व आराध्या चौधरी क्रमश प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। पेंसिल स्केच के ग्रुप ए में आशुतोष प्रसाद सिद्रा तरन्नुम व साहिबा कुमारी ग्रुप बी में समीर कुमार देव वर्षा कुमारी व सुषमा टुडू ग्रुप सी में रीता कुमारी अर्पित ओझा एवं पीयूष कालिंदी तथा ग्रुप डी में सुमन ठाकुर कुमार नवाब अली एवं गरिमा कुमारी ने क्रमश प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सहोदया के सचिव एवं एआरएस पब्लिक के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा ने सभी विजेता एवं उप विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## प्रांतीय कला संगम के विजयी प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

**कतरास।** सोमवार को राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में आयोजित कलासंगम में विजयी होने वाले बाल कलाकारों को सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सम्मानित किया गया। तबला वादन में शोभित मुखर्जी द्वितीय स्थान पर रहे एवं समूह गान में 11 भैया बहन ने अपना परचम लहराते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि विगत 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर तक राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद में प्रांत स्तरीय कला संगम हुआ था जिसमें पूरे झारखंड प्रांत के करेंगे 46 विद्यालयों के 946 भैया बहनों ने हिस्सा लिया।

# गोल्फ ग्राउंड में 101 जोड़ों का सामूहिक विवाह

## फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 जनवरी तक



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार 18 दिसंबर को सर्वधर्म सामुहिक विवाह समिति की बैठक समिति के चेयरमैन मंजीत सिंह की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की सर्वधर्म सामुहिक विवाह पिछले 10 वर्षों से लगातार गल्फ ग्राउंड धनबाद में बहुत भव्य एवं सफलतापूर्वक की जा रही है।इस वर्ष भी 17 जनवरी 2024 को 101 जोड़े का विवाह सभी धर्मों से जुड़े लड़के एवं लड़कियों का विवाह समिति के द्वारा की जा रही है।इस वर्ष के विवाह के लिए 40 फार्म भरे जा चुके हैं।आगामी पांच जनवरी तक फार्म भरने की अन्तिम तिथि रखी गई है। फॉर्म मिलने का स्थान बेकारबांध स्थित पंडित डेकोरेटर है। विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को न्योता दिया जाएगा। समिति के महासचिव भरतजी भगत ने बताया की सभी बच्चों को उपहार स्वरूप विवाह के बाद जरूरत की सामग्रियां भी दिया जाएगा।विवाह समारोह में शामिल होने के लिए धनबाद के सभी सामाजिक संस्था एवं सामाजिक कार्यकर्ता और गण्यमान्य लोगों को न्योता दिया जाएगा। ज्ञात हो कि 10 वर्षों के दौरान सर्व धर्म सामूहिक विवाह समिति द्वारा सामूहिक विवाहों में बहुत ही शानदार और भव्य व्यवस्था धनबादवासी एवं राज्य के अन्य जिलों के साक्षी देख चुके है। इन सारे ऐतिहासिक सामूहिक विवाहों के लिए समिति प्रशंसा के पात्र हैं। बैठक में द्वारिका प्रसाद तीवारी,संजय तिवारी, युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह,अशोक पंडित, तारक नाथ दास, दिनेश केशरी, लल्लू साव, राजेश मालाकार, विक्रम सिंह, गणेश शर्मा आदि मौजूद थे।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू**
दूरभाष (मो0) सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-II)
(कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI-75) खण्ड–2 कि0मी0 97.515 (उदयपुरा) से कि0मी0 147.540 (भोगू) तक 4 लेन पथ निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा :– बरवाडीह, थाना :– सतबरवा, थाना नं0 :– 129
पत्रांक– 832 (D) / भू0अ0, दिनांक– 12.12.2023

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | बरवाडीह | 2 | 265 | रैयती | टांड़–2 | 0.4934 | 1 | करम सिंह पिता खेबल सिंह वो रामवृक्ष सिंह पिता लट्टु सिंह वो मुंसी सिंह वो छवि सिंह पिता मंटु सिंह वो सेंडु सिंह वो मेधदेव सिंह पिता दरोगा सिंह वो फजलि सिंह पिता लालु सिंह वो सोमर सिंह पिता गद्दु सिंह | करम सिंह पिता– खेबल सिंह एवं अन्य |
| | | 2 | 266 | रैयती | टांड़–2 | 1.2626 | | तदैव | गोविन्द सिंह वो बली सिंह पिता– झाडु सिंह, विशुनी सिंह पिता– स्व0 किशुन सिंह, गजधारी सिंह पिता– स्व0 छवि सिंह एवं अन्य |
| | | 2 | 273 | रैयती | टांड़–2 | 0.9118 | | तदैव | बन्देव सिंह, सोभन सिंह पिता स्व0 फजीली सिंह, जमेदार सिंह, दीकदार सिंह पिता– स्व0 रामचन्द सिंह, दशरथ सिंह, मुनेश्वर सिंह, मनदीप सिंह, अजय सिंह पिता– स्व0 छठन सिंह एवं अन्य |
| | | 2 | 356 | रैयती | टांड़–2 | 0.7583 | | तदैव | वामदेव सिंह पिता– स्व0 रामवृक्ष सिंह, संजय सिंह पिता– स्व0 फुल.देव सिंह, करम सिंह पिता– खेबल सिंह, मेघदेव सिंह पिता– दरोगा सिंह, नेपाल सिंह, जयपाल सिंह पिता– स्व0 सेडु सिंह, शिवकुमार सिंह, भोला सिंह, अखिलेश सिंह पिता– स्व0 गोपाल सिंह |
| | | 2 | 372 | रैयती | टांड़–2 | 0.2582 | | तदैव | दशरथ सिंह, मुनेश्वर सिंह, मनदीप सिंह, अजय सिंह पिता– स्व0 छठन सिंह, सोभन सिंह, बनदेव सिंह पिता– स्व0 फजीली सिंह, जमेदार सिंह, दिकदार सिंह पिता– स्व0 रामचन्द्र सिंह एवं अन्य |
| | | 2 | 474 | रैयती | टांड़–2 | 0.0686 | | तदैव | जमेदार सिंह, दिकदार सिंह पिता– स्व0 रामचन्द सिंह, सोभन सिंह, बनदेव सिंह पिता– स्व0 फजीली सिंह, दशरथ सिंह, मुनेश्वर सिंह, मनदीप सिंह, अजय सिंह पिता– स्व0 छठन सिंह एवं अन्य |
| 2 | | 3 | 374 | रैयती | टांड़–2 | 0.0958 | 2 | करिमन सिंह पिता गंगा सिंह | राजेन्द्र सिंह पिता– स्व0 सुकन सिंह, इनरदेव सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, कपिलदेव सिंह पिता– स्व0 मोहर सिंह, नारायण सिंह, हरादयाल सिंह, मुकेश सिंह पिता– स्व0 बंधन सिंह |
| | | 3 | 364 | रैयती | टांड़–2 | 0.4801 | | तदैव | राजेन्द्र सिंह पिता– स्व0 सुकन सिंह, इन्देव सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, कपिलदेव सिंह पिता– स्व0 मोहर सिंह, नारायण सिंह, हरादयाल सिंह, मुकेश सिंह पिता– स्व0 बंधन सिंह |
| 3 | | 4 | 268 | रैयती | टांड़–2 | 1.0852 | 3 | करिमन सिंह पिता गंगा सिंह झरी सिंह वो कुंवर सिंह वो हरिहर सिंह पिता जीतन सिंह | राजेन्द्र सिंह पिता– स्व0 सुकन सिंह, इनरदेव सिंह, सुरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, कपिलदेव सिंह पिता– स्व0 मोहर सिंह, नारायण सिंह, हरादयाल सिंह, मुनेश्वर सिंह पिता– स्व0 बंधन सिंह, मोहन सिंह, सोहन सिंह, निरमल सिंह, उपेन्द्र सिंह पिता– स्व0 हरिहर सिंह, सुरज सिंह, सुरेस सिंह पिता– स्व0 झरि सिंह देवनारायण सिंह पिता कुंवर सिंह वो विनोद सिंह पिता स्व0 ईश्वर सिंह महेन्द्र सिंह पिता स्व0 कुंवर सिंह |
| 4 | | 5 | 262 | रैयती | टांड़–2 | 0.0300 | 4 | जगदेव सिंह पिता दूबराज सिंह लोचन सिंह पिता धनराज सिंह | रामजीत सिंह पिता– स्व0 महावीर सिंह अन्य खतियानी रकबा :– 0.0300 |
| | | 5 | 357 | रैयती | टांड़–2 | 0.0133 | | तदैव | खरिदन सिंह, भिखारी सिंह, राजेश सिंह पिता– स्व0 चरकु सिंह एवं अन्य |
| 5 | | 6 | 284 | रैयती | टांड़–2 | 0.1215 | 5 | जगन सिंह वो अर्जुन सिंह पिता लक्ष्मण सिंह महादेव सिंह सहादेव सिंह पिता रामा सिंह वो मुसमात बुधनीकुंवर पति रघु सिंह | नागेश्वर सिंह, वासदेव सिंह पिता– स्व0 सहादेव सिंह, पाण्डु सिंह, विशुनचन्द सिंह पिता– स्व0 पृथ्वी सिंह |
| 6 | | 7 | 368 | रैयती | टांड़–2 | 0.5426 | 6 | मसोमात धनपतिया पति जगमोहन सिंह वो लालधारी सिंह पिता हरिनाथ सिंह वो पहन सिंह वो महोसर सिंह वो पुरन सिंह पिता अमलधारी सिंह | भिखरी सिंह, मनबहाल सिंह, कन्हाइ सिंह, जगदीश सिंह पिता– स्व0 हरभजन सिंह, बली सिंह, गोविन्द सिंह पिता– स्व0 डाडु सिंह एवं अन्य |
| | | | | | कुल | 6.1214 | | | |

PR 313681 Palamu(23-24).D

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू।

उपायुक्त पलामू।

अपर समाहर्त्ता पलामू।

# कृषि में तेज वृद्धि

देश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देश के सबसे भरोसेमंद कृषि क्षेत्र में 4.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि वैश्विक प्रतिकूलताओं के बावजूद हुई है, जिन्होंने पूरी दुनिया के विकास को धीमा कर दिया है। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध की भी बड़ी भूमिका है, जिसके चलते पेट्रो उत्पादों के दाम कुलांचे भरते रहे हैं। जहां यह क्षेत्र देश में खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करता है वहीं रोजगार का भी बड़ा जरिया भी है। कृषि क्षेत्र से जुड़े उद्योगों में पूंजी निवेश बढ़ाकर अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। हालांकि, देश के शीर्ष अर्थशास्त्री भरोसा दिला रहे हैं कि देश की अर्थव्यवस्था अपने सात फीसदी के लक्ष्य को सहजता से हासिल कर लेगी। उन्हें विश्वास है कि अगली दो तिमाहियों में अर्थव्यवस्था बेहतर परिणाम देगी। देश का केंद्रीय बैंक भी भरोसा जता रहा है कि चौथी तिमाही तक देश की अर्थव्यवस्था अपनी पुरानी लय में लौट आएगी। सरकार को महंगाई के स्तर पर नियंत्रण के लिये अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है। रुपये के मूल्य में कमी तथा बढ़ी ब्याज दरें भी महंगाई रोकने के मार्ग में बाधक बनी हैं। इसके अलावा वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में मंदी के बावजूद भारतीयों की खपत बढ़ने से घरेलू बाजार में मांग बढ़ी है। इससे विदेशी निवेश में भी सुधार देखा जा रहा है। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था कोरोना के प्रभावों से मुक्त होकर यथाशीघ्र अपनी पुरानी लय में लौटेगी, जिससे रोजगार के अवसरों में वृद्धि से कोरोना काल में गरीबी की रेखा के नीचे जाने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार का प्रयास किया जा सके। तब बाजार में मांग व आपूर्ति का संतुलन कायम हो सकेगा। लेकिन जरूरी है कि देश के औद्योगिक क्षेत्र में अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण किया जाये ताकि निर्यात बढ़ाने की दिशा में भी पहल हो सके।

# स्वागत योग्य कदम

सदन के भीतर का धुंआ ही नहीं है वरन गिरफ्तारी के बाद उनके द्वारा लगाये गये नारे भी हैं, जो उनके उद्देश्य को बतलाता है। वे सामान्यजन हैं जो बेरोजगारी, मणिपुर, तानाशाही से सम्बन्धित नारे लगा रहे थे। सवाल यह है कि इस घटना के लिये जिम्मेदार कौन है? इस कांड के ठीक एक दिन पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह लगभग 75 साल पहले हुए देश के विभाजन और कश्मीर के मामले में नेहरू की गलतियां गिना रहे थे, जबकि सामने हुई घटना की जिम्मेदारी से वे बचते फिर रहे हैं। सिर्फ वे नहीं, मोदी भी। पूरी सरकार ही मुंह छिपा रही है। मोदीजी ने इस मामले पर अब तक कुछ नहीं कहा है। इसी तरह गृहमंत्री अमित शाह भी जवाबदेही निभाने में निराश कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस उनके अधीन है और सुरक्षा का जिम्मा उनके ऊपर है। इस मामले पर जब विपक्ष के लोगों ने संसद में सवाल उठाए तो उनके जवाब देने की जगह सांसदों का मुंह जबरदस्ती बंद कराया गया है। राज्यसभा में गुरुवार को विपक्ष ने 28 नोटिस इस मुद्दे पर बहस के लिए दिए थे। इसी तरह लोकसभा में भी एक दर्जन से ज्यादा इंडिया के सांसदों ने नोटिस देकर इस पर चर्चा की मांग की थी। लेकिन दोनों सदनों में किसी भी नोटिस पर सरकार ने चर्चा नहीं होने दी। और सवाल पूछने के जुर्म में 15 सांसदों को निलंबित कर दिया। इस पूरे प्रकरण में यक्ष प्रश्न यह भी है कि आखिर नौकरी और महंगाई जैसे मुद्दें कब से हैं? यह मुद्दा जितना संवेदनशील है उतना ही राजनीति से प्रेरित भी। इससे कोई दल अछूता नहीं है। सुरक्षा में सेंध पूरे देश के लिये चिंता का विषय है लेकिन इस विषय पर संवाद सधा और राष्ट्रहित में होना चाहिए न कि ऐस आचरण और व्यवहार का समर्थन किया जाना चाहिए। आज रोजगार को लेकर भी कई भ्रांतियां है। योग्यता आज भी नौकरी की मोहताज नहीं है।

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ हो



**प्रधानमंत्री** ने कहा था कि लोकसभा एवं राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के विषय पर चर्चा शुरू करने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री के अनुसार अलग-अलग समय पर चुनाव होने से देश में हमेशा मतदान जैसा माहौल बना रहता है, जिससे प्रशासनिक असुविधाओं के साथ ही आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया में भी बाधा पहुंचती है।

बात यहां तक तो ठीक है, लेकिन एक ठोस सवाल यह है कि लगभग दो अरब लोग साथ-साथ मतदान करेंगे तो इसके लिए पुख्ता व्यवस्था कैसे हो पाएगी। यह भी मान लें एक निश्चित अवधि में, मसलन 12 हफ्तों के दौरान, मतदान की प्रक्रिया चलती है तो भी क्या इसका प्रबंधन करना आसान होगा? क्या इसमें प्रशासनिक एवं मतों की गिनती आदि में आने वाली दिक्कतों का अंदाजा लगाया जा सकता है? चुनाव आयोग इन विषयों पर विस्तार से सब कुछ बतानें की स्थिति में होगा। दूसरी तरफ एक विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ से बढ? पर होने वाले कुछ नुकसान से जुड़ा पहलू भी उठाया जा सकता है। आर्थिक सुधार तेज गति से नहीं होने से अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान पहुंचता है? अर्थशास्त्री इस पर विस्तार से बता पाने की स्थिति में होंगे।

## निष्क्रियता का बहाना

तो क्या यह व्यावहारिक क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों बनाम उत्पादन नुकसान से जुड़ा विषय है, जो बाद में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव का कारण बनता है? क्या यह स्थिति ठीक है? अगर ऐसा नहीं है तो स्पष्ट नजर आने वाली एक मुश्किल परिस्थिति का दूसरा विकल्प क्या है?

पिछले दो दशकों से मैं लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव साथ कराने की वकालत करता रहा है। मेरे कई सुझाव प्रशासनिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक आधारों पर खारिज किए जा चुके हैं। मैं इन आपत्तियों की समीक्षा करना चाहूंगा।

पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है। राजनीतिक दलों का मानना है कि मतदाता सत्तासीन दलों के प्रति पूर्वग्रह से ग्रसित होंगे, खासकर तब जब उनमें कोई केंद्र में सत्तारूढ़ होगा। हालांकि पहली आपत्ति के संबंध में साक्ष्य पूरी तरह निष्कर्ष पर पहुंचाने वाले नहीं हैं। इसके बजाय यह दूसरी चिंताओं की तरफ इशारा करता है।



- मनोज शर्मा

> पहली बात तो सभी प्रशासनिक पहलू से जुड़ीआपत्ति संसाधनों की उपलब्धता से जुड़ी होती हैं। धन, मानव संसाधन और तकनीक की मदद से इनका समाधान किया जा सकता है। आधार परियोजना की तरह पांच वर्षों का इसी तरह का अभियान प्रशासनिक चुनौतियों से निजात दिला सकता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि राजनीतिक आपत्ति मतदाताओं के विरोध की सीमा से जुड़ा है।

मतदाता को नासमझ नहीं माना जा सकता। वे निवर्तमान सरकारों को सबक सिखाने के साथ ही लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के बीच अंतर और महत्त्व को भली-भांति समझते हैं। तीसरी आपत्ति सांविधानिक है, जो अधिक गंभीर है। इनके लिए संविधान में संशोधन की जरूरत होगी, जो कतई आसान काम नहीं होता है। अंत में मामला इस प्रश्न पर आकर टिकेगा कि साथ-साथ चुनाव कराने से संविधान के मूलभूत ढांचे में बदलाव आएगा या नहीं? मुझे ऐसा नहीं लगता, लेकिन कई दूसरे लोगों को ऐसा लगता है। केवल उच्चतम न्यायालय ही इसका निर्णय ले सकता है।

## अलग हो सोच

तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद हमें एक अच्छा एवं अनोखा समाधान चाहिए नहीं तो अनुच्छेद 370 की तरह ही हम इस विषय पर भी बहस करते रह जाएंगे। अगर ऐसा कोई समाधान निकलता है तो इसके तीन हिस्से हो सकते हैं। सबसे पहले चुनाव आयोग के पास ऐसी तकनीक उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे वह एक साथ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कार्य संपन्न कर सके। इसके साथ ही लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल मौजूदा 60 महीनों से बढ़ाकर 66 महीने किया जाना चाहिए। यह अतिरिक्त छह महीने चुनावों- दो महीने लोकसभा और चार महीने विधानसभा- के लिए होना चाहिए।

## कुछ बेहतर प्रयोग

तीसरे उपाय के रूप में एक क्षेत्रीय संसद की व्यवस्था होनी चाहिए, जो लोकसभा के सदस्यों का चुनाव कर सके। मैं इसके लिए भी पिछले दो दशकों से जोर देता रहा हूं। क्षेत्रीय संसद का चुनाव राज्य विधानसभाओं का एक समूह करेगा। इस क्षेत्रीय संसद में शुद्ध स्थानीय हितों को जगह मिलेगी क्योंकि लोकसभा सांसद अपनी भूमिका बिल्कुल अलग रूप में देखेंगे। ऐसी व्यवस्था तैयार करने के लिए यूरोपीय संसद से सीख ली जा सकती है।

अंत में, गहरे राजनीतिक सुधार को परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना उपयुक्त नहीं माना जा सकता है और कम से कम इसे परेटो सिद्धांत के चश्मे से देखना तो और गलत बात होगी। 19वीं शताब्दी में इटली के अर्थशास्त्री विलफ्रेडो परेटो ने कहा था कि एक जगह विकल्प से दूसरे विकल्प की तरफ बढ़ता है। तभी सही माना जा सकता है जब इस प्रक्रिया में किसी भी व्यक्ति को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता है।

सवाल यह भी है कि सरकारों पर अंकुश लगाने में इन बीच के चुनावों का बड़ा रोल होता है। आज पेट्रोलियम के बढ़ें मूल्य से आम लोग परेशान है महंगाई का एक बड़ा कारण है हिमाचल की हार का यह एक बड़ा कारण है। पांच साल तक अंकुशपूर्ण शासन की प्रकिया लोकतांत्रिक मूल्यों के लिये आवश्यक है। आर्थिक पहलू परविमर्श आवश्यक है और चुनाव सुधार से आर्थिक कठिनाई कम हो जायेगी अगर चुनाव फिनलैंड की तर्ज पर ऑनलाइन करा दिया जाए।

एक छोटी आबादी को छोड़कर दूसरे समूहों के लिए इस सिद्धांत का लक्ष्य हासिल करना लगभग असंभव है। दुर्भाग्य से सभी गैर-सुधारवादी इसी मानदंड का पालने करने की तरफ झुकाव रखते हैं। यह निष्क्रियता एवं पूर्ण बरबादी के लिए तैयार नुस्खे जैसा ही है।

## खास बात

### कानून की अवधारणा

**सोमसुदंरम शेखरम**

भारत में कानून का एक अविभाज्य एवं मौलिक चरित्र यह है कि किसी अपराध के लिए आरोपित किए गए किसी भी व्यक्ति को अपने ही खिलाफ गवाही देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। यह अवधारणा संविधान के उस खंड में प्रतिष्ठापित है जिसे बुनियादी ढांचा माना जाता है और जिसे बदला नहीं जा सकता है। फिर भी बीते दशकों में इसे बदलने की कोशिशें बारंबार हुई हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में बहुमत से दिए अपने एक निर्णय में स्पष्ट, तर्कसंगत एवं प्रभावी तरीके से कहा है कि मादक पदार्थ निरोधक कानून के तहत अधिकारियों के समक्ष की गई अपराध स्वीकृति को साक्ष्य के तौर पर नहीं पेश किया जा सकता है।

समाज के लिए पर्याप्त रूप से उकसाऊ माने जाने वाले मुद्दों पर बने कानूनों में खुद को दोषी न ठहराने के संवैधानिक सिद्धांत का उल्लंघन पाया जाता है। खासकर मादक पदार्थों के इस्तेमाल एवं आतंकवाद से लड? के लिए बने कानूनों में आसानी से ऐसे प्रावधान पाए जाते हैं जो आत्म-दोषीकरण के विरुद्ध मिले संवैधानिक संरक्षण को कमजोर करते हैं।

आत्म-दोषीकरण के खिलाफ संवैधानिक सिद्धांत समाज के लिए महत्त्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक घटक है। अगर कानून खुद को दोषी ठहराने की अनुमति देते तो कार्यपालिका आपराधिक मामलों को निपटाने और अपराधियों की धरपकड़ के दावे कहीं आसानी से कर देती। असली अपराधी तो बच जाते लेकिन गरीबों को बुरी तरह से प्रताड़ित कर अपराध कबूल करने के लिए बाध्य कर दिया जाता और उस मामले की फाइल भी बंद हो जाती। इस तरह अपराध का सिलसिला जारी रहता क्योंकि असली अपराधी तो कानून की गिरफ्त में आने से बचे रहते और अधिक संख्या में वारदात को अंजाम देते। लेकिन अपराध के हरेक मामले को अपराध स्वीकृति के दम पर हल करने का दावा किया जाता। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह बात सिद्ध भी हो चुकी है कि इंसानी दिमाग एक अपराध-स्वीकृति के लिए गलत स्मृति भी विकसित कर सकता है।भारत में साक्ष्य का कानून किसी भी तरह के दबाव, वादे या धमकी के बाद किए गए कबूलनामे में हैं।

# भौतिकवादी दृष्टिकोण

## विचार-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**पूर्ण** भौतिकवादी होने का सबसे बड़ा दंड यह है कि ईश्वर के प्रति मनुष्य की आस्था शिथिल हो जाती है। भौतिकवादी और ईश्वरवादी में परस्पर विरोध है। निश्चित है कि जो भौतिकवादी होगा, उसकी दृष्टि संसार तक ही सीमित रहेगी और जो ईश्वरवादी है उसकी दृष्टि संसार तक ही सीमित न रहकर लोक-परलोक, पाप-पुण्य, आत्मा और परमात्मा तक जायेगी ही।

खाओ, पीयो और मौज करो का सिद्धांत मानने और उस पर आचरण करने वालों को इतना अवकाश ही कब रहता है कि वे आत्मा-परमात्मा के विषय में कुछ सोच सकें। उन्हें तो खाने-पीने और मौज करने के साधन-सामग्री जुटाने में ही अपना सारा समय लगाना होगा। उनकी बुद्धि, उनकी विद्या और उनका सारा परिश्रम- पुरुषार्थ उन्हीं उपकरणों के संचय में यापन होता रहेगा; क्योंकि भौतिक ही सही, कोई भी उपलब्धि शक्तियों को केंद्रित कर क्रियाशील बनाये बिना नहीं हो सकती। खाओ, पियो और मौज करो की वृत्ति स्वाभाविक रूप से तृप्त ही नहीं होती है। भौतिकवादी कितना ही क्यों न कमाये, कितनी ही संपत्ति क्यों न संचित कर ले और कितने ही साधन क्यों न इकट्ठे कर ले, उसे संतोष अथवा तृप्ति हो ही नहीं सकती। इसके दो कारण हैं- एक तो यह वृत्ति स्वयं ही असंतोषिनी होती है, दूसरे भौतिक भोगों में तृप्ति कहाँ ? आज के साधन कल पुराने हो जाते हैं। नये साधनों की लालसा जाग पड़ती है और नये भी जल्दी ही पुराने हो जाते हैं। यह चक्र निरंतर रूप से रात-दिन चलता रहता है। ऐसी दशा में मनुष्य का पूरा जीवन खाओ, पीयो और मौज करो के साधन जुटाने में ही जुटा है।

**लोभ,** प्रेम या भय से स्वदेशी सरना्धर्म से नाता तोड़ विदेशी धर्म अपनाने वाले को चुनाव में जनजातीय आरक्षित सीट और अन्य आरक्षण का लाभ न देने की दिग्गज कांग्रेस नेता कार्तिक बाबू की पुरानी मांग को पद्म भूषण करिया मुंडा जी ने पुनः उठाई है।
– महेश पोद्दार, सांसद

## आपके ट्वीट

**हजारीबाग** 773 करोड़ से अधिक की 536 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। दो लाख से अधिक लाभुकों के बीच 238 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण हुआ।
– हेमंत सोरेन, सीएम झारखंड





**अन्नदाता** सड़कों-मैदानों में धरना दे रहे हैं,
और
झूठ टीवी पर भाषण!
किसान की मेहनत का हम सब पर कर्ज.है।
– राहुल गांधी, कांग्रेस

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

# स्वाधीनता आंदोलन के अप्रतिम योद्धा : बाबू रामनारायण सिंह

## व्यक्तित्व

(19 दिसंबर, महान स्वाधीनता सेनानी बाबू राम नारायण सिंह की 139 वीं जयंती पर विशेष)

**विजय केसरी**

स्वाधीनता आंदोलन के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य , लोकसभा में पृथक झारखंड के पहले उदघोषक, हजारीबाग के प्रथम सांसद, गौ सेवक,समाजसेवी, ग्राम सभा के पक्षकार बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन भारत की आजादी, देश की आजादी के बाद आजादी की रक्षा, समाजोत्थान को समर्पित रहा था। वे आजादी के पक्के दीवाने थे । आजादी उनके जीवन का मकसद बन चुका था । उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था । उनकी राजनीति का उद्देश्य सिर्फ देश हित था । सत्य और अहिंसा का प्रथम पाठ उन्होंने गांधीजी से ही सीखा था । इस धर्म का पालन उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक किया था।

आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोप होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी ।वे महात्मा गांधी की तरह चाहते थे कि आजादी के बाद सबसे अधिक अधिकार ग्राम सभाओं को प्राप्त हो। उसके बाद राज्य को अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद केंद्र को अधिकार प्राप्त हो। जबकि देश की आजादी के बाद इस विचारधारा पर देश चला ही नहीं। देश में एक अलग व्यवस्था काम में हुई। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में पुरजोर तरीके से ग्राम सभाओं को सबसे अधिक अधिकार दिए जाने की बात कही थी। क्रमशः प्रांत और केंद्र को ग्राम सभाओं से कम अधिकार मिले। लेकिन उनकी बातों को नहीं माना गया था। अगर देश उनके विचारधारा पर चला होता तब आज आजादी के 76 वर्ष बीत भी जाने के बाद भी देश के गांवों की स्थिति में बहुत कुछ फर्क नहीं दिख रहें हैं। विकास सिर्फ शहरों तक ही सिमट कर रह गया है।

देश की आजादी के संघर्ष बाबू राम नारायण सिंह आठ बार जेल गए थे । वे लगभग 10 वर्षों तक जेल में बंद रहे थे। उनकी जेल यात्रा 1920 से शुरू हुई थी। वे अंतिम बार 1942 में गिरफ्तार हुए और 1944 में रिहा कर दिए गए थे। वे झारखंड के पहले सांसद रहे, जिन्होंने लोकसभा में पृथक झारखंड के लिए 16 अगस्त 1956 को यादगार भाषण किया था। इस बात का जिक्र झारखंड के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक बलबीर दत्त ने अपनी पुस्तक 'कहानी झारखंड आंदोलन की' में जिक्र भी किया है।

उन्होंने देश की आजादी के बाद सत्ता की राजनीति से अलग हटकर समाज सेवा का मार्ग चुना था। वे पक्के गौ सेवक थे। वे खुद गायों को पालते और जब भी अवसर मिलता गायों की सेवा किया करते थे। वे गायों के संरक्षण और संवर्धन चाहते थे ।

गाय को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पशु मानते थे। वे देश भर में गायों की हो रही हत्या के प्रबल विरोधी थे। 1956 में उन्होंने गौ हत्या के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के मथुरा में भाषण दिया था। उनके भाषण का ऐसा असर हुआ कि मथुरा पुलिस ने 19 जनवरी 1956 को चतरा जिले के दंतार ग्राम से उन्हें गिरफ्तार कर मथुरा के जेल में डाल दिया था।

# लेटर टू एडिटर

## आकाश से उम्मीद

**बसपा** की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी के उत्तराधिकारी के रूप में घोषित कर बहुजन राजनीति को नए सिरे से धार देने का प्रयास किया है। वर्तमान में बहुजन राजनीति की दशा और दिशा पूरी तरह बिगड़ी चुकी है। निःसंदेह, यह निर्णय बहुजन राजनीति को जरूर प्रभावित करेगा और आने वाले समय में पार्टी की अग्नि परीक्षा भी होगी। – प्रियंका सिंह, रांची

## थोपे मुख्यमंत्री

**तीनों** राज्यों में सीएम के जो नाम आए वो वास्तव में शुद्ध नए और चौंकाने वाले रहे। इससे नए लोगों को मौका मिलेगा किंतु सरकार चलाने के लिए पर्याप्त अनुभवी व्यक्ति भी होना जरूरी है। विधायक दल के समक्ष पर्यवेक्षक हाईकमान के प्रभाव या दबाव में सहमति लेते हैं, तो इसे वास्तव में प्रजातांत्रिक रूप से सीएम का चयन नहीं कह सकते। बल्कि यह थोपे हुए सीएम?
– रवि, जमशेदपुर

# लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर आय कर के नये नियम को समझ लें

## आर्थिक



**अजयदीप बाधवा**

लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर आयकर के मामले में अभी इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल, दिल्ली ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह निर्णय आय कर के कई निर्णय को प्रभावित कर सकता है। इस निर्णय को जानने के पहले लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर आय कर के संबंधित नियम को समझ लें। जब भी हम अपने मकान या जमीन आदि को बेचते है तो इस पर कैपिटल गेन की गणना की जाती है। अगर यह लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन होना है तो उस पर हमें रियायती दर से आय कर देना होता है। जिस वित्तीय वर्ष में हमें यह लाभ होता है उस वित्तीय वर्ष के एक वर्ष पूर्व या उसके दो वर्षों के बाद तक अगर हम उस आय से कोई मकान या फ्लैट खरीदते हैं तो हमें उस लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर आय कर नहीं देना होता है।

अगर हम मकान खरीदने के स्थान पर उस आय से अगले तीन वर्षों तक कोई मकान का निर्माण करते हैं, तब भी उस आय पर हमें आय कर नहीं देना होता है। पर उपरोक्त लाभ को लेने की एक शर्त यह भी है कि हमें जिस वर्ष लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन हुआ है और अगर उस वित्तीय वर्ष के अंत तक अगर हम मकान खरीद या बना नहीं पाते हैं तो हमें उस आय की राशि को किसी बैंक की लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के विशेष खाते में जमा कर देना पड़ता है।



अब हम इस केस को देख लेते है जिसमें ट्रिब्यूनल का निर्णय आया है। इसमें कर दाता को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन हुआ, पर उस ने वित्तीय वर्ष के अंत तक इस राशि को विशेष बैंक अकाउंट में जमा नहीं किया। पर उस कर दाता ने इस लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की राशि से अगले दो वर्ष के अंदर नया मकान खरीद लिया। आयकर विभाग ने पर इस कर दाता को विक्रय के लॉन्ग टर्म लाभ पर छूट देने से मना कर दिया क्योंकि कर दाता ने लाभ राशि को वित्तीय वर्ष के अन्त तक विशेष खाते में जमा नहीं किया था।

कर दाता ने अपनी भूल को स्वीकार करते हुए ट्रिब्यूनल में अपील दायर की। ट्रिब्यूनल ने अपने निर्णय में कर दाता को राहत देते हुए निर्णय दिया कि चूंकि कर दाता ने लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन की राशि से दो वर्षों के अंदर नया घर खरीद लिया था, तो उसे इस लाभ पर आय कर नहीं लगने का लाभ मिलना चाहिए, भले ही उसने इस राशि को संबंधित वित्तीय वर्ष के अंत तक किसी बैंक के विशेष खाते में जमा नहीं किया था। ट्रिब्यूनल का यह निर्णय आने वाले समय में कई आय कर दाताओं को राहत दे सकता है और साथ ही ऐसे निवेश के निर्णय को भी प्रभावित कर सकता है।

**(लेखक कर विशेषज्ञ हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मुख्यमंत्री पहुंचे इचाक 536.608 करोड़ रूपया से 334 योजना का हुआ शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता


लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते मुख्यमंत्री।

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के बोधी बागी मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई योजनाओं का शिलान्यास किया। कुल मिलाकर 334 योजनाओं का शिलान्यास हुआ जिसकी प्राक्कलन राशि लगभग 536.608 करोड़ रूपया है एवं 202 योजना का उद्घाटन किया गया। जिसमें 236.233 करोड़ रूपया खर्च किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग में 113 योजनाओं का शिलान्यास हुआ जिसकी राशि 306.366 करोड़ रूपया वहीं इसी विभाग में 21 योजना का उद्घाटन किया गया जिसकी राशि 98.826 करोड़ रूपया है। भवन प्रमंडल में 18 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। जिसकी राशि 2.963 करोड़ रूपया वहीं इसी विभाग में 2 योजना का उद्घाटन किया जाएगा जिसकी राशि 0.544 करोड़ रूपया है। नगर निगम में 50 योजनाओं का शिलान्यास हुआ जिसकी राशि 62.286 करोड़ रूपया वहीं इसी विभाग में 78 योजना का उद्घाटन किया गया जिसकी राशि 25.713 करोड़ रूपया है। जिला परिषद में 28 योजनाओं का शिलान्यास हुआ जिसकी राशि 26.059 करोड़ रूपया वहीं इसी विभाग में 2 योजना का उद्घाटन किया गया जिसकी राशि 47.332 करोड़ रूपया है। लघु सिंचाई में 14 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिसकी राशि 12.001 करोड़ रूपया है।एनआरईपी में 9 योजनाओं का शिलान्यास किया गसा जिसकी राशि 1.304 करोड़ रूपया कि होगी। ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल में 30 योजनाओं का हुआजिसकी राशि 68.247 करोड़ रूपया वहीं इसी विभाग में 8 योजना का उद्घाटन किया गया जिसकी राशि 19.907 करोड़ रूपया है। पथ निर्माण विभाग 7 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिसकी राशि 56.572 करोड़ रूपया है, वहीं इसी विभाग में 7 योजना का उद्घाटन किया गया जिसकी राशि 37.113 करोड़ रूपया है। जिला शिक्षा में एक योजना का उद्घाटन हुआ जिसकी राशि 4.483 करोड़ रूपया की होगी। जिला समाज कल्याण विभाग में 65 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जिसकी राशि 1.813 करोड़ रूपया है। वहीं इसी विभाग में 83 योजना का उद्घाटन किया गया जिसकी राशि 2.315 करोड़ रूपया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा 16 स्टाल लगाया गया था। जहां लोगो को योजना योजनाओं का लाभ लेने के तरीके बताया गया। बोधी बागी मैदान में लगाए गए स्टाल में जिला स्वास्थ्य समिति, परिवहन कार्यालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता, आधार पंजीयन, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण, बैंक आफ इंडिया महलों, जिल मत्स्य, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, सामाजिक सुरक्षा, अनु सूचित जाति जन जाति, ग्रामीण विकास विभाग, जल जीवन मिशन, बिजली विभाग, जिला समाज कल्याण, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अबूआ आवास अर्सरिजन पेंशन का स्टाल लगाया गया था। कार्यक्रम में संथाली और नागपुरी नृत्य के कलाकारों ने अपनी कला का अद्भुत जलवा बिखेरा। मुख्यमंत्री के हाथों विभिन्न विभागों की ओर से करोड़ों के संपति का वितरण योग्य लाभुकों के बीच किया गया। जिसमें गुरुजी स्टूडेंट्स कार्ड,साइकिल की राशि, केसीसी, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, दिव्यांगत प्रमाण पत्र, मनरेगा, धोती साड़ी, लूंगी, सावित्री बाई फुले योजना, किशोरी समृद्धि योजना, वन पट्टा से जुड़े मामले, बिरसा सिंचाई कूप, जाति, आवासीय, आय, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, एसएचजी आई डी कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड में संशोधन का कार्य किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर आलम, श्रम नियोजन एवम उपभोक्ता मामलों के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, फागू बेसरा, बरही विधायक उमा शंकर अकेला, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बड़का गांव विधायक अंबा प्रसाद, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, डीसी नैंसी सहाय सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### हेमन्त झारखण्ड की गरिमा को नष्ट कर रहें है : रामलखन सिंह

**बरही।** बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राम लखन सिंह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विरुद्ध जनवरी माह में उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर करने की बात कही। बताया कि दस नवंबर को उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में उल्लेख किया था कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व चौपारण वन क्षेत्र में झारखण्ड के दूसरे इलाके के आदिवासी समुदाय के लोगों को बसा दिया है व अब उन्हें वनाधिकार कानून के तहत वास की भूमि पर पट्टा दिलाने का आश्वाशन देकर जंगल की जमीन पर अवैध रूप से अफीम की खेती करवाकर लोगों को गर्त में ढकेलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन देने के बावजूद मुख्यमंत्री ने अबतक कोई कार्रवाई नही किया है। इसके विरोध में वे न्याय के लिए उच्च न्यायालय में जाने के लिए बाध्य हो गए है।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा मे कराटे व योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन


शिविर मे हिस्सा लेते बच्चे।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्ट शितोरियों कराटे के तत्वावधान मे उत्क्रमित मध्य विद्यालय थाना चौक भुरकुंडा में कराटे व योग प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर मे सेंसाई कंचन दास और ब्लैक बेल्ट आस्था सिंह के द्वारा बच्चो को कराटे व योग के विभिन्न कला एवं योगासन बेसिक पंच, किक, जूडो, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, सेतुबंध आसन, उष्ट्रासन, पद्मासन, कपालभाती, अलोम विलोम के बारे मे बताया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक डमरू महतो ने कहा कि विद्यालय छात्र-छात्राओं के सतत विकास को ध्यान में रखते हुए योग एवं कराटे का कार्यशाला आयोजित कर रही है। इस प्रकार के आयोजनों से व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ बच्चों में आत्मबल का भी विकास होता है। शिविर में अंजलि, मेघा, रानी, रिया, निस्संचल, प्रिया सोनी, खुशी, अमृता, आशा, सुहानी सहित दर्जनो छात्र छात्रायें शामिल रही। मौके पर शिक्षक सतीश कुमार एवं अशोक कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### चरही में नौ दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में नौ दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया है। रामलीला मंडली भारत का प्रसिद्ध धर्म प्रचारक रामलीला मंडल है। इस मंडली में काशी, अयोध्या, वाराणसी, उतर प्रदेश के कलाकारों द्वारा आयोजन किया गया है। कलाकारों ने हिंदुसांस्कृतिक एवं जगत कल्याण के लिए आयोजन किया गया है। ताकि सनातन धर्म के लोगों में और भी जागरूकता फैल सके। इस रामलीला कार्यक्रम में श्रीराम चरित्र का शुरू से अंत तक का वर्णन किया जा रहा है। इसे देखने के लिए चरही सहित आस-पास के लोग आ रहे हैं। इस रामलीला में महिला, पुरुष की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। रामलीला कार्यक्रम की शुरूआत रात्रि 7 बजे से किया जाता है। जो 10 बजे रात्रि को समाप्त किया जाता है। कलाकारों का भोजन का प्रबंध ग्रामीणों के सहयोग द्वारा किया जा रहा है। रामलीला कार्यक्रम की शुरूआत 15 दिसंबर से किया गया है। जिसका समापन 23 दिसंबर को किया जाएगा।

### सीएमडी ने हजारीबाग के सभी परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**चरही।** सोमवार को सीसीएल के सीएमडी बी.बीरा रेड्डी चरही सीसीएल गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां पर स्थानीय अधिकारियों से परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लिया। उसके बाद अधिकारियों के साथ सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन साउथ, तापीन नार्थ, परेज, केदला वाशरी, झारखंड और केदला ओपेन काष्ट कोल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएमडी ने अधिकारियों से कहा परियोजना के खदानों में कोयला उत्पादन जोर-शोर से कराया जाय। इसके लिये परियोजना सभी विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। तथा कोलियरी में सुरक्षा पर भी ध्यान देने पर जोर दिया। कोलियरी के सड़कों को दुरूस्त करने की बात कही। तथा कोलियरी कर्मचारियों और कर्मियों के बारे में जानकारी लिया। और कहा कि कामगार और कर्मचारी कंपनी के रीढ़ हैं। इन्ही के बदौलत कंपनी आगे बढ़ रही है। इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। सीएमडी ने परियोजनाओं को देखकर काफी खुशी महसूस किया। उसके बाद पुनःगेस्ट हाउस पहुंचकर हजारीबाग एरिया के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिया। मौके पर हजारीबाग एरिया के जीएम केके सिन्हा, परियोजना पदाधिकारी एनके पांडेय, आरएन सिंह, एनके दूबे, एनके झा, बीके साहू, एरिया के अधिकारी एससी डे, एनपी सिंह, संजीव कुमार गुप्ता, दिनेश प्रसाद, सत्यप्रकाश राजदीप सहित हजारीबाग एरिया के सभी परियोजना पदाधिकारी, स्टाफ ऑफिसर सहित कई अधिकारी, पदाधिकारी, सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### पत्रकार अमित पाठक की माता के निधन पर कोयलांचल में शोक


मंजू देवी की फाइल फोटो।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा निवासी पंडित रामकुमार पाठक की पत्नी एवं पत्रकार अमित पाठक की मां मंजू देवी 53 वर्ष का देहांत रविवार की शाम रांची में इलाज के दौरान हो गया है। उनके निधन से कोयलांचल भुरकुंडा में शोक की लहर है। सोमवार को रिवर साइड गिद्दी दामोदर नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि अमित पाठक के पिता पंडित राम कुमार पाठक ने दी। स्वर्गीय मंजू देवी अपने पीछे दो बेटा, दो बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गई हैं। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। इधर उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, शंकर सिंह, भोला सिंह, पिंटू लाल, मुकेश कुमार, सुनील दुबे, बबलू सिंह, प्रशांत मुखर्जी, सुब्रतो घोषाल, राधे मोहन मिश्रा, राजन कुमार नायक, अनिल दुबे, अजय मेहता, राजू पासवान, विनय मेहता, राजेश अग्रवाल, संतन सिंह सहित कोयलांचल के पत्रकार और दर्जनों लोग शामिल हैं।

## डिस्कस थ्रो में सिमरन कुमारी ने जीता प्रथम पुरस्कार


सिमरन व अन्य।

**बरही।** संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग में विनोबा भावे विश्वविद्यालय का 25वां अंतर महाविद्यालय एथलेटिक मीट का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन विभावि के खेल निदेशक डॉ राखो हरि ने किया। प्रतियोगिता में बरही का एक मात्र डिग्री महाविद्यालय रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही की छात्रा सिमरन कुमारी ने डिस्कस थ्रो महिला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त की। सिमरन कुमारी के इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर सहित कॉलेज के डॉ संजय वर्णवाल, डॉ अरुणा रानी, डॉ ब्रह्मदेव मोदी, डॉ बद्री साव, डॉ अजय रविदास, डॉ अजय रंजन, डॉ संगीता चौधरी, डॉ अरुण रामानुज, डॉ गिरधारी यादव, डॉ अनिरुद्ध चन्द्र बसु, प्रो जागेश्वर यादव, प्रो सजंय बख्सी, डॉ अशोक कुमार, प्रो अब्बास, प्रो तमन्ना प्रवीण, डॉ अंजली कुसुम ओम, डॉ सरिता सिन्हा, प्रो बबिता कुमारी, डॉ सुषमा कुमारी, डॉ अजय प्रताप सिंह, प्रधान लिपिक दिनेश्वर प्रसाद यादव, नागेश्वर यादव, हरेंद्र सिंह, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, राजू, सुमित्रा, अर्चना, गामा कपरदार, शिवाली, विकास, संतोष, निर्मला, पार्वती, सुशील, रीना, निजामुद्दीन सहित सभी कर्मियों ने सिमरन कुमारी को बधाई देते हुए शुभकामना दिया है।

## नौ प्रस्तावों पर सहमति के साथ झारोटेफ का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन संपन्न

खबर मंत्र संवाददाता।


वार्षीक अधिवेशन में शामिल लोग।

**हजारीबाग।** झारखण्ड ऑफिसर्स एंड एम्पलायर्स फेडरेशन (झारोटेफ) का प्रथम अधिवेशन रविवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्थित विवेकानंद सभागार में सम्पन्न हो गया। अधिवेशन के विशिष्ट अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक गिरिडीह सुदीव्य कुमार सोनू, विधायक बगोदर बिनोद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। झारोटेफ के प्रांतीय अध्यक्ष विक्रांत सिंह और जिला अध्यक्ष धनबाद जय होरो ने मंच संचालन किया। अम्बा प्रसाद ने महिला कर्मियों के सेवा कालीन चाइल्ड केअर लिव पर समर्थन देते हुए कहा कि मातृशक्ति को दो-दो परिवार संभालना पड़ता हैं। इसलिए चाईल्ड केअर लिव आवश्यक हैं। विधायक सुदीव्य कुमार सोनू ने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकारी कर्मियों के हित की लड़ाई लड़ने और पुरानी पेंशन वापस लाने में झारोटेफ की अहम भूमिका है। विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हेमंत की सरकार हैं जो प्रदेश के उम्मीदों पर खरा उतरी हैं। विधायक बिनोद सिंह ने कल्याणकारी राज्य की अवधरणा को स्पष्ट करते हुए सरकार की योजनाओं की तरफदारी की साथ ही कर्मियों के जायज मांगों पर अपनी सहमति जताई। कार्यक्रम में अनुशासन को बनाये रखने में जिला अध्यक्ष रंजीत वर्मा, मुख्य संगठन सचिव रविन्द्र चौधरी और मीडिया प्रभारी मधुसूदन कुमार सिंह, जिला सचिव किशोरी महतो, उपाध्यक्ष विनय सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा अख्तरी खातून, अनूप मेहता की भूमिका अहम रही। राज्य के सभी जिलों से आये नवचयनित संघीय पदाधिकारियों को एक साथ प्रदेश अध्यक्ष विक्रान्त सिंह ने दायित्व निर्वहन का शपथ दिलाया। हजारीबाग जिला अध्यक्ष रंजीत वर्मा ने कहा कि प्रथम प्रांतीय अधिवेशन हजारीबाग जिला में होना हमारे लिए गर्व की बात हैं। इस तरह के कार्यक्रम सरकारी कर्मियों के मुद्दों को सरकार के पटल पर रखने में बहुत ही आसान तरीका हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राज्य उपाध्यक्ष मनोरंजन कुमार संगठन सचिव रौशन एलन मरांडी, मुख्य मीडिया प्रभारी अमित राम, समन्वयक प्रकाश कुमार, जिला सचिव किशोरी महतो कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार, जिला मीडिया प्रभारी मधुसूदन कुमार सिंह, भीखु पासवान, अनूप कुमार मेहता, उत्तम सिंह, अशोक कुमार यादव, रामबिलास पासवान आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## एक नजर में

### कांग्रेस का उद्देश्य है कि हर घर तक पहुंचे सरकारी योजना : अब्दुल मनान वारसी



**बरही।** प्रखण्ड के रानीचुंवा पंचायत में लोगों के लिये आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जरूरतमंदों की सहायतार्थ कांग्रेस पार्टी द्वारा एक स्टॉल लगाकर लोगों का सहयोग किया गया और उनका फॉर्म भरने से लेकर हर योजना से सम्बंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा की आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर को लेकर लाभुकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। रानीचुंवा पंचायत में पंचायत के लोगों ने भारी संख्या में अपने नजदीकी शिविर में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ उठाया। झारखण्ड़ सरकार के द्वारा पूरे राज्य में विभिन्न पंचायत और वार्ड में शिविर लगाकर सरकार के योजनाओं का लाभ जरूरतमंद व्यक्तियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, कांग्रेस पार्टी भी वैसे जरूरतमंद लोगों को जागरुक कर इस शिविर तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेगी। इस शिविर में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद वारिस संसारी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठु गोप, अमित जायसवाल, पंचायत अध्यक्ष राजदेव यादव, मनोज मंडल, गाजो टुड्डू, राजाराम बेसरा, बलराम चंद्रवंशी के अलावा कई कांग्रेसियों ने भी जरूरतमंद लोगों की सहायता की।

### आपकी योजना आपके द्वार शिविर में नहीं पहुंचे अधिकारी

**ईचाक।** इचाक प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 18 दिसंबर दिन सोमवार को आयोजन किया गया। लेकिन इस कार्यक्रम से अधिकारी नदारद रहे। पंडाल लग कर तैयार रहा। लेकिन पंचायत के शिविर में प्रखंड से पदाधिकारी नहीं पहुंचने के कारण कैंप में ना ही दीप प्रज्वलित हुआ और ना ही किसी को पौधा दिया गया। पौधा रखा रह गया। ग्रामीण अपना-अपना फॉर्म लेकर पहुंचे थे। लेकिन सभी को मायूस होकर लौटना पड़ा। किसी भी वस्तु का वितरण कैंप में नहीं हुआ। इस बाबत जब अलौंजा मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता से जानकारी ली गयी तो उन्होने बताया कि इचाक में आज के ही दिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम था। उस कार्यक्रम में अधिकारी चले गये और इस कैंप को दरकिनार कर दिया गया। मैं खुछ बीडीओ से दो दिन पूर्व मिला था। उनसे गुजारिश की थी इस कार्यक्रम का तिथि आगे बढा दिया जाय। लेकिन वे नहीं माने। जब अधिकारियों को यहां आना हीं नहीं था तो तिथि बढा देना चाहिए था। ग्रामीणों को परेशान करने की क्या जरूरत थी। अंततः कार्यक्रम का संचालन पंसस महेन्द्र पाण्डेय और अध्यक्षता पंचायत मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने किया। मौके पर संजय मेहता, पंचायत सेवक मनोज कुमार दुबे, बीईओ विनोद रवि, राजकुमार दास, शैलेन्द्र मेहता, सौरभ कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त बीईईओ नागदेव यादव को दी गयी विदाई

**कटकमसांडी।** पेलावल स्थित मध्य विद्यालय में एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त बीईईओ नागदेव यादव को सरकारी शिक्षकों ने भावभीनी विदाई दी व वर्तमान प्रभारी बीईईओ नागेश्वर सिंह का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह जिला शिक्षा अधीक्षक, हजारीबाग ने सेवानिवृत्त बीईओ श्री यादव के कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वस्थ रहने की कामना की। कटकमसांडी के वर्तमान प्रभारी बीईईओ नागेश्वर सिंह ने भी उनके साथ कार्यकाल के कुछ स्मरणीय पहलुओं का उल्लेख किया। मौके पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने इस भावुकतापूर्ण क्षण में सेवानिवृत्त पदाधिकारी के सहयोगात्मक एवं शिक्षक हित के दृष्टिकोण का स्मरण किया तथा भविष्य में उनसे मार्गदर्शन की अपेक्षा की। मुख्य अतिथि से शिक्षकों के कार्यों के यथाशीघ्र निष्पादन में संघ के माध्यम से भरपूर सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। वहीं बीपीओ गजाला परवीन ने भावी पारी के लिए शुभकामनाएं अर्पित की। सेवानिवृत्त शिक्षा पदाधिकारी ने अपने 33 वर्षों से अधिक के सेवाकाल का वर्णन किया। इस अवसर पर अजाप्टा कटकमसांडी द्वारा अतिथियों को बुके एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के सम्मान में मानपत्र भेंट किया। स्वागत भाषण मोहन राम व धन्यवाद ज्ञापन प्रीतम कुमार ने किया। इस मौके पर प्रकाश कुमार अग्रवाल ने अपने उद्गार व्यक्त किया तथा कलीम जी ने कविता के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मो. एकरामुद्दीन अंसारी, सुनील कुमार, रजाउल हक, कैलाश प्रसाद, सुबल दास, प्राणेश कुमार, मिहिर कुमार मिश्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मथुरा नगर से टाटीझरिया के रास्ते का पुल हुआ जर्जर

**टाटीझरिया।** प्रखंड के भराजो पंचायत क्षेत्र के भराजो गांव मथुरा नगर टोला से घुघुलिया केशडा होते हुए टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय जाने के रास्ते की स्थिती बहुत ही जर्जर है। रास्ते का पुल धीरे धीरे टूटते देखा जा रहा है इसी रास्ते सैकड़ों पैदल, दो पहिया, चार पहिया वाहनों का आवागमन होते रहता है। जिससे ग्रामीण और राहगीरों में चौक चौराहे पर सड़क की जर्जर अवस्था में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण कहते है की यदि समयानुसार जर्जर रास्ते वा पुल को नही बनाया गया तो यहां बहुत ही बड़ा जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। बताते चले की इसी रास्ते से कई नेता मंत्रीयो, प्रखंड कर्मियों, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियो का आवागमन प्रतिदिन होता रहता है। लेकिन अब तक मामले का संज्ञान किसी ने नहीं लिया। समाजसेवियों में अजीत कुमार, नारायण विश्वकर्मा, प्रभु यादव, बसंत प्रजापति, गोविंद प्रसाद, राजेश कुमार, प्रभु लाल संग कई ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए टाटीझरिया खबरमंत्र पत्रकार से कहा कि सबंधित विभाग से आग्रह है की जल्द ही इस मामले को संज्ञान में लेकर आम जनता की समस्याओ का समाधान किया जाय।

## कैथोलिक आश्रम स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन

● प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता


क्रिसमस गैदरिंग के अवसर पर मौजूद शिक्षक व छात्राएं।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम स्कूल में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के बीच स्किट, नृत्य एवं गीत का भव्य आयोजन किया गया। युवाओं ने भी गीत-संगीत में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को अतिथियों ने उपहार देकर पुरस्कृत किया। मौके पर फादर थॉमस ने प्रभु यीशु के जन्म संदेशों को सुनाते हुए कहा कि उन्होने मानव को प्रेम का संदेश दिया है। प्रभु यीशु ने कहा है कि अपने दिल को परेशान मत करो। प्रभु में विष्वास करो। कल के लिए उत्सुक न हों क्योंकि कल खुद के लिए चिंतित होगा। प्रत्येक दिन की अपनी बुराई पर्याप्त है। एक-दूसरे से प्यार करो। जैसा की मैंने तुमसे प्यार किया है। इसलिए तुम्हें एक-दूसरे से प्यार करना चाहिए। उन्होंने कहा की प्रभु यीशु ने अपने संदेशों में यह भी कहा है कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं। यहां तक की दुनियां के अंत तक। फादर थॉमस ने कहा कि पापियों एवं दुनिया की प्रलोभन से बचाने के लिए प्रभु यीशु मनुष्य रूप धारण किए और परिवार में जन्म लेकर परिवारिक जीवन को पवित्र किया। क्रिसमस गैदरिंग में भुरकुंडा, सयाल, सौदा डी, सेंट्रल सौंदा, गिद्दी व भदानीनगर, बासल क्षेत्र के सैंकड़ो लोग शामिल हुए। मौके पर प्राचार्य सेबेरन लकड़ा, फादर थॉमस, फादर बरनाबस खलखो, फादर जेवियर खलखो, फादर सेबरेन लकड़ा, पत्रिक मिंज, अनिल लकड़ा, सुधीर मिंज, रिनोईस गिद्ध, अमृत लाल, प्रमोद कुजूर, सुषमा टोप्पो सहित मसीही समाज के दर्जनों लोग मौजूद थें।

## हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाई जायेगी : राजेंद्र मुंडा


कंबल का वितरण करते समिति के लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आदिवासी मूलवासी विकास समिति देवरिया ने रविवार को जवाहरनगर पंचायत में गरीबो के बीच 600 कंबल का वितरण किया। साथ ही आगे भी ठंड से राहत पहुंचाने के लिए गरीबों के बीच कंबल का वितरण करने की बात कही गई। इस अवसर पर देरिया पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाजसेवी राजेंद्र मुंडा ने कहा कि बढ़ते कड़ाके की ठंड को देखते हुए समिति ने क्षेत्र के गरीब, असहाय और जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण करने का निर्णय लिया। ताकि गरीबो को ठंड से राहत मिल सके। उन्होंने कहा की हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाई जायेगी। मौके पर जवाहरनगर पंचायत के पुर्व मुखिया प्रदीप मांझी, पंसस प्रतिनिधि रॉबिन मुखर्जी, राजलाल मुंडा, राजू मुंडा, रवि कुमार, अशोक पाठक, सुष्मिता सिन्हा, संजू यादव, विक्कू रजक सहित दर्जनो लोग मौजुद थें।

## पूर्व विधायक शहीद मंजूरुल हसन खाँ मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-05 का हुआ भव्य आगाज

# हमें भाईचारे की भावना के साथ खेलना चाहिए : शहजादा अनवर

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अथिति।

**रजरप्पा।** चितरपुर के हरियाली मैदान में शहीद मंजूरूल हसन खां मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा क्रिकेट टूनार्मेंट सीजन-05 का भव्य आगाज किया गया। उदघाटन मैच सोनू 11 बनाम इस्लाम नगर जूनियर के बीच हुआ। मैच से पूर्व शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित किए गए। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मौजूद झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारणी अध्यक्ष शहजादा अनवर, विशिष्ट अथिति चितरपुर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, शहीद मंजूर हसन मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक जुल्फिकार अली खां, संस्थापक सदस्य असद खान एव अख्तर हुसैन मौजूद रहे। मौके पर मुख्य अथिति ने कहा कि स्व. खां गरीबों, असहाय लोगों की मसीहा थे। वे हमेशा गरीबों व अनुसूचित जाति, आदिवासी शोषितों के लिए लड़ते रहे। श्री अनवर ने पूर्व विधायक की जीवनी बताते हुए कहा कि मंजुर हसन खां जेल से नामांकन किए और चुनाव जीत गए। 16 मार्च की शाम पटना एमएलए फ्लैट में महाजनों के गुण्डों ने धोखे से गोली की बछौर कर दी। स्व. खां महाजनी आंदोलन के जनक थे। मंजुर जी की संघर्ष बेकार नही गई और महाजनी जूल्म का खात्मा हो गया। उन्होंने महाजनों के विरोध में लोगों को गोलबंद कर जुल्म को समाप्त करने में महती भूमिका निभाई। साथ ही उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। खेलों से शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। हमें भाईचारे की भावना के साथ खेल खेलना चाहिए। वही बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी खिलाड़ियों में खेल के प्रति ऐसी भावना देख मुझे बेहद अच्छा लगा। खेल किसी भी व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारता है। साथ ही संस्थापक ए. खान ने कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, खेलकूद से सिर्फ शरीर को ही फायदा नहीं होता बल्कि खेलकूद से टीम, वर्क, लीडरशिप, डिसिशन, मेकिंग, एबिलिटी, डेवलपमेंट होती है, ऐसे खेल प्रतियोगिता होते रहे इसलिये आयोजकों को प्रोत्साहित करने के लिए शहीद मंजूरूल हसन मेमोरियल फाउंडेशन ने ऑगेनाईजिंग कमेटी के मनोबल को बढ़ाने के लिए भेंट स्वरूप इन्हें टोपी पहनाकर सम्मानित किया। इससे पूर्व यहां पहुँचे अथितियों का बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर आयोजन कमेटी के अलावा सैकड़ो क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### बिमरला माइंस में तैयारी जोरों पर



**लोहरदगा।** 61वें खान सुरक्षा सप्ताह चाईबासा क्षेत्र के अंतर्गत 18 से 23 दिसंबर 2023 तक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत हिंडालको मिनिरल्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड द्वारा संचालित बिमरला बॉक्साइट माइन्स में बैठक आयोजित कर टीम गठित की गयी है। गठित टीम के सदस्यों के नेतृत्व में तैयारियां जोरों पर है। टीम में वरीय खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार को अध्यक्ष, सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे को उपाध्यक्ष, भूगर्भ शास्त्री मिहिर बरई को सचिव, सहायक इंजीनियर प्रमोद कुमार साहू को सह सचिव व सुजीत कुमार झा को कोषाध्यक्ष आदि बनाया गया है।

### महायज्ञ को लेकर यज्ञ समिति की बैठक



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के आदि देवी प्राचीन मंदिर भक्सो में श्रीश्री 1008 रूद्र महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति की बैठक रविवार को हुई। जिसमें आसपास के गणमान्य एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक में चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि 1101 कलशों के साथ कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की जायेगी। 20 दिसंबर को सुबह 9 बजे हरमू संगम छठ घाट से कलश उठाकर गांव नगर भ्रमण करते हुए पुन यज्ञ स्थल मंदिर आयेंगे। तत्पश्चात पूजन आरती के बाद भंडारा होगा। यज्ञ स्थल की शोभा बढ़ाने के लिए मीना बाजार रामदुला ब्रेक डांस आदि होगा। भंडारा रात्रि तक चलेगा। 26 को पूर्ण हवन व विदाई समारोह होगा।

### 71 टीवी मरीजों के बीच रागी लड्डू व फूड पैकेट का हिंडाल्को ने किया वितरण



**घाघरा।** हिंडालको ने सीएसआर के तहत घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को 71 टीवी मरीजों के बीच रागी लड्डू व फूड पैकेट बांटा। वितरण करने वालों में चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का, हिंडाल्को से रामवतार पासवान, अभय भारती, पूर्व मुखिया गीता कुमारी शामिल थे। चिकित्सा प्रभारी ने लोगों को नशापान से दूर रहकर दवा लेने और अपनी स्वास्थ्य जांच कराने तथा आवश्यक स्वास्थ्य सहायता व पोषण आहार के अलावे हिंडाल्को द्वारा मिले पोषण कीट लड्डू का उपयोग करने की बात कही। स्वास्थ्य विभाग के प्रखंड पर्यवेक्षक अमित प्रसाद ने आवश्यक परहेज व खान-पान की जानकारी दी। मौके पर बीटीटी सीमा देवी, खुशी कुमारी, स्वास्थ्य सहिया व स्वास्थ्य कर्मी टीबी मरीज व अन्य लोग उपस्थित थे।

### टाना भगत इंटर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका और कर्मी रहे हड़ताल पर



**घाघरा।** वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले सोमवार को घाघरा टाना भगत इंटर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका व शिक्षकेतर कर्मी विभिन्न मांगों को लेकर शैक्षणिक हड़ताल पर रहे। प्रोफेसर ने बताया कि झारखंड के वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने झारखंड के वित्त रहित संस्थानों के एकदिवसीय शैक्षणिक हड़ताल का आह्वान किया था। जिसमें पठन-पाठन के साथ कोई कार्य नहीं किया गया। शैक्षणिक हड़ताल कई मांगों को लेकर किया गया है। मौके पर प्रो विजय भगत, जहाआरा बानो, सगुफ्ता जबीन, अनूप शर्मा, बाबूनाथ भगत, रूपेश उराव, रंथु उरांव भी थे।

### डीएवी में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**गुमला।** डीएवी पब्लिक गुमला में गणित सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं करायी जा रही हैं। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में गणितीय अभिरुचि, तर्क क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित होगी। आज कक्षा तीसरी से लेकर पांचवीं के लिए मैथ रेस और प्ले कार्ड मेकिंग जैसी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। गणित के वरिष्ठ शिक्षक पीके मोहंती ने कहा की सुडोकू जैसे गणितीय गेम खेलने से किसी समस्या के समाधान के प्रति लॉजिकल सोच का विकास होता है। वहीं चंदन झा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य गणित के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना है। इसमें शैलेंद्र सिंह, प्रीतम भगत मिश्र, चंदन कुमार झा, संजीत कुमार जुटे हैं।

### महिला आरोग्य समिति की बैठक संपन्न



**गुमला।** महिला आरोग्य समिति की बैठक सोमवार को इस्लामपुर स्थित स्वास्थ्स केंद्र भवन में सहिया सय्यदा खातुन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहिया सय्यदा खातून ने कई एजेंडा पर चर्चा की। जिसमें सभी आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों में बच्चों को हैंड वाश करना तथा सफाई पर जागरूकता हेतु घूम-घूम कर काम करने की बात कही। जिसमें नगर परिषद से भी मदद ली जायेगी। महिला आरोग्य समिति की ज्योति वर्मा ने कहा कि सभी महिलाओं को सशक्त बनना है। सहिया पिंकी कुमारी ने महिला आरोग्य समिति को गर्भवती महिलाओं को एएनसी जांच पर जागरूक करने के लिए विशेष कर कहा। बैठव में अल्पना मिंज संजीदा खातून, संगीता देवी, परवीन, सबीना खातून, सुशाना लकडा, नगमा निगार, कैनात आरजू, रिंकी परवीन, सोनी देवी, शबाना खातून, शमिमा परवीन, रुकसाना खातून, शाहीन खातून, रिंकी देवी, संगीत देवी व अन्य बहुत सारी महिलाएं उपस्थित थी।

# सांसद धीरज साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी बर्दाश्त नहीं : वैश्य समाज

■ वैश्य समाज लोहरदगा के आजीवन संरक्षक हैं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला वैश्य समाज की एक बैठक हुई। जिसमें कहा गया कि 6 दिसंबर को राज्यसभा सांसद व इनके परिवार के प्रतिष्ठानों व आवास में आयकर विभाग ने छापामारी कर लगभग 350 करोड़ नकद बरामदगी की बात सामने आने के बाद विभिन्न राजनीतिक संगठनों से संबंधित लोगों द्वारा वैश्य समाज के अभिवावक सह राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को लक्ष्य बनाकर उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर व्यक्तिगत हमला किया जा रहा है, जो कि अक्षरशः गलत है।



बैठक में मौजूद समाज के लोग

**खास बातें :** अभी तक आयकर विभाग भी आधिकारिक बयान जारी कर बरामद रुपये को काला धन की श्रेणी में नहीं रखा है। अभी इसपर संपूर्ण कार्रवाई करते हुए कम से कम 6 माह की अवधि लगेगी। तब अंतिम निष्कर्ष आयेगा कि यह कालाधन है या सफेद। फिर ऐसी क्या परिस्थिति उत्पन्न हो गयी कि राजनीतिक संगठन के लोग स्वघोषित आयकर पदाधिकारी व न्यायाधीश की तरह धीरज साहू को अपराधी घोषित करने पर तुले हैं। अतः ऐसे गर्त में गिरकर राजनीति करनेवालों को हमारा समाज उन्हें सावधान करती है व चेतावनी देती है कि साहू परिवार या राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी नहीं करें अन्यथा हमारा सम्पूर्ण समाज ऐसे लोगों का पूर्ण बहिष्कार करेगी तथा राजनीतिक रूप से प्रेरित होकर विद्वेषपूर्ण बयान देनेवालों के ईट से ईट बजा देगी। सम्पूर्ण वैश्य समाज माननीय सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू एवं सम्पूर्ण साहू परिवार के साथ तन्मयता से सुदृढ़ रुप से इनके साथ खड़ी है।

# योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य: अश्विनी सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कैरो।** प्रखंड के नरौली ग्राम पंचायत बाजार टांड़ में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, उपप्रमुख मधुलिका रानी, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, प्रखंड सह अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो सहित अतिथियों ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत जेएसएसलपीएस के सदस्यों द्वारा बुक्के देकर किया गया।



कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को समाज की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और जागरूक करना है। चाहे मनरेगा हो, जमीन का मामला हो, रासन कार्ड, धोती साड़ी योजना, पढ़ने वाले बच्चों का जाति प्रमाण पत्र, साईकिल योजना, फूलों-झानो, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, बाल विकास सहित प्रखंड स्तर पे संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार के अलावे आम जनता तक इसकी लाभ पहुँचाना है। सरकार आम जनता की चिंता करते हुए वैसे लाचार ग्रामीण जिनका अबतक किसी तरह से आवास का लाभ नहीं मिला है उनको अबुवा आवास दिलाना है। कार्यक्रम में प्रमुख श्रीराम उरांव ने कहा कि सरकार आम जनता के लिए बहुत ही गंभीरता के साथ सोचती है और इसी का नतीजा है कि आज प्रखंड व जिला स्तर के अधिकारी आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर दूर करने का प्रयाश में लगी है।

### शिविर में बंटेगी परिसंपति, लाभुकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

# सीएम आज गुमला में, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लेंगे भाग

■ डीसी और एसपी ले रहे हैं तैयारी का जायजा

■ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक व पार्किंग व्यवस्था पुलिस ने जारी की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते एसपी।

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के मुरकुंडा पंचायत के छापर टोली गांव में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित राज्य के कई मंत्री व विधायक शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी जिला प्रशासन के देखरेख में अंतिम चरण पर है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व एसपी हरविंदर सिंह कार्यक्रम को लेकर स्वयं कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। हैलीपैड व अन्य कार्य लगभग पूरे कर लिये गये हैं। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लोगों के बीच परिसंपति का भी वितरण करेंगे। साथ ही योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में हजारों लोग शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में विधि व्यवस्था की भी तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा का व्यापक इंतजाम रहेगा।

**खास बातें :** सीएम के आगमन से मुरकुंडा पंचायत के लोगों में हर्ष है और वे मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न मांग रख सकते हैं। वहीं दूसरी ओर सीएम के कार्यक्रम को लेकर गुमला पुलिस प्रशासन ट्रैफिक व पार्किंग प्लान जारी किया गया है। थाना प्रभारी गुमला विनोद कुमार ने बताया कि 19 दिसंबर को मंगलवार के दिन गुमला नगर क्षेत्र में हाट बाजार लगाये जायेंगे। जिसे देखते हुए ट्रैफिक एवं पार्किंग प्लान तैयार किया गया है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन मुरकुंडा चौक से अंबागढ़ा जाने वाले मार्ग के बीच किया जाना है। जिसे मंगलवार (19 दिसंबर) के दिन आवागमन के लिए बंद किया जायेगा।

# युवाओं को रोजगार देने में विफल साबित हुई मोदी सरकार : गीताश्री

■ राजनीति के इस युग में युवाओं के कंधों पर अहम जिम्मेदारी : अभिजीत राज

■ लोहरदगा लोकसभा स्तरीय युवा कांग्रेस का मिलन सम्मेलन गुमला में संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा स्तरीय युवा कांग्रेस का मिलन सम्मेलन गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी के नेतृत्व में माहेश्वरी भवन में हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी शेषनारायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत शामिल हुए। गीताश्री ने कहा कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल साबित हुई।



कार्यकम को संबोधित करते अतिथि।

**खास बातें :** हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा मोदी सरकार ने किया था जो जुमला साबित हुआ। आने वाले चुनाव में इस देश के युवा इस सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। प्रदेश प्रभारी शेषनारायण ओझा ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव के लिए युवा कांग्रेस के हर पदाधिकारी अपने तीन तीन बूथ को मजबूत करने की जिमेदारी ले और हर बुथ पर मोदी सरकार की विफलताओं को उजगार करें। प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि आज पूरे देश में नफरत और घृणा की राजनीति हो रही है। राजनीति के इस युग में युवाओं के कंधों पर अहम जिम्मेदारी आ गई है कि वे देश में प्रेम और सौहार्दपूर्ण माहौल को खराब न होने दें। उन्होंने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने भी शांति और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए लगभग 04 हजार किलोमीटर की यात्रा की। उनके नेता ने नफरत के बाजार में प्यार की दुकान खोलने की बात कही है।

## ग्रामीण जरूरत अनुसार योजनाओं का चयन कर शिविर में दें आवेदन : बीडीओ

■ जारी प्रखंड के किताम में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जारी।** प्रखंड के मेराल पंचायत के किताम गांव में सोमवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये। शिविर में लाभुकों के बीच 31 कंबल, साड़ी व धोती तथा जेएसएलपीएस के तहत ज्योति मार्ग सखी मंडल सक्तार को 3 लाख और एकता सखी मंडल देबडीह को 3 लाख का परिसंपतियों का वितरण किया गया।

वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत सक्तार को 2 लाख और कामेश्वर साय बंजर को 2 लाख दिया गया। बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा



कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीण के बीच शिविर लगाया गया है। आप सभी ग्रामीण जो योजना जरूरी है उसका आवेदन दें, आपको उसका लाभ जरूर मिलेगा। प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने कहा कि सरकार आपकी सुविधा के लिए आपके घर द्वार में शिविर लगेगा।

## भाजपा की बैठक में माइक्रो डोनेशन अभियान पर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में मंडल अध्यक्ष जिला पदाधिकारी, प्रभारी की एक अति आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में रखी गयी। बैठक को संबोधित करते हुए मनीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा कामगार लोगों को जोड़ने पर बल दिया गया। आगामी 25 दिसंबर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में हर शक्ति केंद्र में मानना है। 26 दिसंबर को बाल दिवस के रूप में जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह



की जयंती मनानी है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में हर पंचायत में केंद्र सरकार के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। हमारे संगठन के लोगों का ज्यादा से ज्यादा सहभागिता हो, साथ ही संगठन चलाने के लिए अर्थ की आवश्यकता होती है। इसके लिए माइक्रो डोनेशन अभियान चला है ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ लें।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**डुमरी।** डुमरी स्टेडियम में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सभी विभागों ने अपने अपने स्टाल लगाकर ग्रामीणों की साहयता की। शिविर में 130 कंबल, सावित्री बाई फुले के 05,पेंशन प्रमाण पत्र 21, धोती साड़ी 42, साइकिल के लिए चेक 5, बिरसा सिंचाई कूप 11 का लाभ लाभुकों को प्रदान किया गया। मौके पर प्रमुख जीवंती एक्का, बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी, थाना प्रभारी रवि कुमार, मुखिया सहित प्रखंड सह अंचल के कर्मी सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### सीनी संस्था के 50 वर्ष पूरे, मना गोल्डेन जुबली

**रायडीह।** सीनी संस्था के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गोल्डेन जुबली समारोह सोमवार को बख्तर साय मुंडल सिंह स्टेडियम में मना। मौके पर जिलास्तरीय बालिकाओं का फुटबॉल प्रतियोगिता हुई। सीनी संस्था बच्चों के उत्थान के लिए कार्य करती है और अपने स्थापना के समय से ही बच्चों के बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए कार्य करती रही है। उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन गुमला, विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी गुमला मनोज कुमार, रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार थे। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ शरीर में स्वास्थ मन का वास होता है।

### पंचायतों की योजनाओं में भ्रष्टाचार चरम पर



**कुडू, लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के कुडू पंचायत अंतर्गत विकास योजनाओं में भारी गड़बड़ का मामला प्रकाश में आ रहा है। बिना ग्रामसभा एवम बिना योजना खोले किया जाता है कार्य एवम बाद में योजना खोल कर पैसे की निकासी कर ली जाती है। पंचायतों में समुचित विकास एवं रोजगार के लिए भारी रकम डाली जाती है पर इसका दुरुपयोग सीधा कुडू पंचायत में दिख रहा है। मामला कुडू पंचायत के साप्ताहिक बाजार टांड़ का है, जहां नाली निर्माण हो रहा है। वह भी पुरानी नाली में बनाया जा रहा है। लोगों ने जब इसकी जानकारी मांगी, तो संवेदक इधर-उधर की बात करने लगे। योजना के बारे में कोई सीधी जानकारी नहीं दी। मामले के बारे में पता चला कि इस योजना को लेकर कोई भी ग्राम सभा नहीं हुई है। न ही इसका योजना रिकॉर्ड खोला गया है तो आखिर ये कार्य हो कैसे रहा है।

**क्या कहती है मुखिया :** कुडू मुखिया सुषमा देवी ने बताया कि इस योजना के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। ये कार्य कैसे हो रहा है उन्हें कुछ भी नहीं पता।

**क्या कहते हैं पंचायत सेवक :** कुडू पंचायत के पंचायत सेवक रामसहाय टाना भगत का कहना है की ये कार्य 15वे वित की राशि से उनकी जानकारी में हो रहा है। इस कार्य के लिए उन्होंने मौखिक रूप से संवेदक को कहा है।

## शीला अग्रवाल विद्या मंदिर के बहनों की सरस्वती यात्रा संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के कक्षा 9 की बहनों को समाज के विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, सरकारी प्रतिष्ठानों की कार्यप्रणाली एवं वहां प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देने हेतु संबंधित संस्थाओं का भ्रमण कराया गया। विद्यालय की आचार्या मधुमिता शर्मा के नेतृत्व में बहनों को सरस्वती यात्रा के माध्यम से यह शैक्षिक भ्रमण कराया गया।



इस क्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की बस से उन्हें मिशन अस्पताल लोहरदगा का भ्रमण कराया गया। वहां पर बहनों को अस्पताल के जांच घर एवं एवं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गयी। बच्चों की व्यवस्था, पुरुष की व्यवस्था तथा महिलाओं की व्यवस्था अलग-अलग सुविधाजनक थी।

### जमीन पर दबंगों के कब्जा करने की एसपी से शिकायत

**गुमला।** भलदम चट्टी के रोशन पंकज बाड़ा ने पुलिस अधीक्षक गुमला को ज्ञापन सौंपकर अपने जमीन पर दबंगों के द्वारा कब्जा कर घेराबंदी किये जाने की शिकायत की है। जिस पर यथाशीघ्र रोक लगाने की उन्होंने एसपी से मांग की। रोशन पंकज बाडा ने कहा कि उसका जमीन गुमला सोसो मोड़ रोड किनारे है। जिसका खाता नंबर एक प्लॉट नंबर 57, 58, 60, 61 व 63 है। जिसका कुल रकबा तीन एकड़ 64 डिसमिल है। जमीन उनके नाम पर जमाबंदी है।

## चपका में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के चपका में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, उप प्रमुख शिवा देवी, मुखिया अग्नि उरांव, पंसस सीमा देवी शामिल हुई। इस क्रम में अबुआ आवास, मनरेगा, पेंशन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग, पशुपालन



विभाग, मत्स्य विभाग, वन विभाग समेत कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाये गये। आवश्यकतानुसार ग्रामीणों ने आवेदन भरकर संबंधित स्टॉलों में जमा किया। सावित्रीबाई फुले योजना, पेंशन पीपीओ, स्वास्थ्य विभाग योजना, जेएसलपीएस द्वारा महिला मंडल समूह को ऋण व अन्य कई लोगों को विभाग से परिसंपत्ति बांटी गयी।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता योजनाओं का पूरा लाभ लें : जिप सदस्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गगेया के मैदान में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि परमेश्वर भगत, बीस सूत्री उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, विधायक प्रतिनिधि वीरेंद्र उरांव, मुखिया बंधन उरांव, उप मुखिया सुषमा उरांव एवं



लाभुकों के बीच करीब 35 लाख की परिसंपत्ति बांटी गयी।

अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। वहीं जिप सदस्य राधा तिर्की ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीण जनता योजनाओं का लाभ लें सरकार द्वारा संचालित योजना ग्रामीण जनता का विकास के लिए कई तरह की कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है। जिसमें विधवा, वृद्धा, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना, पशुधन योजना, छात्र छात्राएं के लिये छात्रवृत्ति का और सावित्री बाई फुले योजना, महिलाएं फूलो झानो योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद व्यक्ति लें और आत्मनिर्भर बनें।

**खास बातें :** बीडीओ अशोक चोपड़ा ने प्रखंड की योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों का अलग अलग स्टॉल लगा हुआ है। आप सभी जनता को जिस भी चीज की जरूरत है। उसके लिए आवेदन प्रपत्र भर कर संबंधित विभाग के पदाधिकारी के पास आवेदन जमा कर दें। जिस पर त्वरित कार्रवाई कर योग्य लाभुकों को लाभ दिलाया जायेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि विभिन्न योजना के लाभुकों के बीच करीब 35 लाख रुपये तक का परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और अक्षत वितरण हेतु विहिप व बजरंग दल की समन्वय बैठक

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला जिले में होंगे कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिले के डुमरी, जारी, चैनपुर, पालकोट, बसिया व कामडारा प्रखंड में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या एवं अक्षत वितरण हेतु समन्वय बैठक संपन्न हुआ। बैठक में संघ, विहिप, बजरंग दल सहित अन्य संगठन के सदस्य शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के संयोजक मुकेश सिंह ने सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गुमला जिला के सभी प्रखंडों के लोग श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साहित हैं। 492



बैठक के बाद एकजुट विहिप व बजरंग दल के सदस्य।

वर्षों के संघर्षों, 77 से भी अधिक लड़ाइयां, 2 लाख से अधिक कारसेवकों के बलिदान के बाद अयोध्या में भगवान श्री राम का मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। हर सनातनियों को गर्व होना चाहिए। कलयुग काल में भगवान राम साक्षात अपने जन्मस्थली पर विराजमान होंगे। 21 और 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के अपने घर आने कि खुशी में हर हिंदू के घर दीपावली पर्व मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी बड़ी धूमधाम से की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### हंटरगंज के मजदूर की हरियाणा में मौत

**चतरा।** हंटरगंज के सोनबरसा गांव के एक मजदूर की मौत हरियाणा के रानीया शहर में घटे सड़क दुर्घटना में हो गई। मृतक मजदूर सूरज देव साव का पुत्र साजन कुमार है। साजन कुमार हरियाणा में दैनिक मजदूरी का काम करता था। 2 दिन पूर्व साजन कुमार अपने ड्यूटी पर जा रहा था। इसी दौरान सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। साजन कुमार का पोस्टमार्टम सिरसा के रानिया शहर के अस्पताल में किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक मजदूर के घर पर हाहाकार मच गया। मृतक मजदूर का शव सोमवार को उसके घर सोनबरसा गांव पहुंचा। शव गांव पहुंचते ही परिजनों के करुण चित्कार से पूरा माहौल गमगीन बन गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया चंदा देवी मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र कुमार उजाला पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट किया। मृतक मजदूर के अंतिम संस्कार में काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### शिविर में ग्रामीणों के बीच कंबल व धोती-साड़ी वितरित



**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के डोमचांच प्रखंड के जानपुर, कोडरमा प्रखंड के कोलगरमा, चंदवारा प्रखंड के चन्दवारा पश्चिमी, जयनगर प्रखंड के रूपायडीह एवं मरकच्चो प्रखंड के पुरनानगर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ ने राज्य सरकार की योजनाओं यथा, अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुान विकास योजना, श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त किये जाने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में साईकिल वितरण योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जॉब कार्ड, कंबल, ोती साड़ी समेत योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और आवेदन प्राप्त किये गये।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तरी पंचायत भवन सभागार में सोमवार को बीडीओ सना उस्मानी के निर्देश पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अयक्षता मुखिया रंजीत कुमार सिंह ने की। इस विशेष ग्राम सभा में वित्तीय वर्ष 2024/25 के योजना के निर्माण हेतु जीपीडीपी/एलएसडीजी अंतर्गत कुल 9 विषयों वैसे अकितम एक विषय को संकलप के रूप में पारित करना था। जिसमें सभी नौ विषयों पर ग्राम सभा में उपस्थित प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, उप मुखिया पुष्पा यादव, पंचायत सचिव खुशबू कुमारी, महेश कुमार पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, पंचायत की सभी सेविका, जल सहिया पंचायत के शिक्षाविद, समाजसेवी और बुद्धिजीवियों के साथ चर्चा करने के उपरांत सर्व समिति से विषय (4) जल पर्याप्त गांव को विशेष ग्राम सभा में पंचायत कार्यकारिणी में चयनित किया गया।

### नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को किया जा रहा है जागरूक



**मरकच्चो (कोडरमा)।** भारतीय लोक कल्याण संस्था कोडरमा के कलाकारों द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी देने के लिए प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से नाटक मंचन कर जागरूक किया जा रहा है। इसी दौरान सोमवार को ग्राम कारीखोखो शिविर में नाटक के मायम से कलाकारों द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत के ग्रामीणों को मिलने वाली सुविाओं, गांव के विकास के लिए सर्व सम्मति से योजनाओं का निर्णय, जरूरत मन्द लोगों को आवास, वृद्धा पेंशन समेत कई अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर कलाकार प्रिंस चन्द्र गुप्ता, योगेंद्र पांडेय, राम प्रवेश विन्द, देव् कुमार, सनोज कुमार, अंशु कुमारी, मंजू कुमारी, सनोज कुमार आदि मौजूद थे।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के अध्यक्ष बने कमलेश

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की आम बैठक शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई। इस बैठक में सत्र 2024 के नए पदाधिकारियों के चुनाव के लिए चुनाव संचालन समिति के संयोजक अजयकांत पाठक की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ। चुनाव संचालन समिति के संयोजक अजयकांत पाठक के साथ चुनाव संचालन समिति सदस्य ध्रुव केशरी, नंद कुमार गुप्ता, दीपक तिवारी तथा विनोद कुमार गुप्ता की उपस्थिति में सत्र 2024 के लिए जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया। मौके पर जायन्ट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी आदि लोग उपस्थित थे।

नक्सलियों के साथ पुलिस की मुठभेड़, रंका थाना प्रभारी शंकर को लगी गोली, रिम्स रेफर

# दो नक्सलियों के मारे जाने की संभावना पुलिस चला रही है सर्च अभियान : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा/रंका।** गढ़वा जिला अंतर्गत रंका थाना क्षेत्र के ढेंगुरा गांव के समीप स्थित जंगल में रविवार की देर रात्रि पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस घटना में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा घायल हो गए हैं। यह घटना रात्रि 11:00 बजे के बाद की बताई जा रही है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ढेंगुरा गांव के जंगल में



घायल थाना प्रभारी

नक्सलियों के छिपे होने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पाकर रंका थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ ढेंगुरा जंगल पहुंचे। पुलिस जैसे ही जंगल में पहुंची नक्सलियों ने गोली चलानी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस में भी मोर्चा संभाल लिया और दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से कई घंटों तक गोली चली। मुठभेड़ की इस घटना में रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को दो गोली लगी। एक गोली हाथ की कलाई में लगी और एक गोली उनको सीने में लगी थी। बुलेट प्रूफ जैकेट पहनने के कारण सीने में लगी गोली का असर नहीं हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मुठभेड़ में दो नक्सली भी मारे गए हैं। नक्सलियों के शव को खोजने के लिए तीन थाना रंका, रमकंडा और चीनियां थाना की पुलिस सर्च अभियान चला रही है। काफी दिनों के बाद इस क्षेत्र में नक्सलियों के होने एवं मुठभेड़ होने की खबर से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। एसपी इस पूरी घटना पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस का सर्च अभियान जारी है। इस संबंध में एसपी गढ़वा दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा को मुठभेड़ के दौरान कलाई में गोली लगी है। नक्सलियों के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान जारी है।

## नवादा में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

### अबुआ आवास व जॉब कार्ड को लेकर उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुन्दा(चतरा)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड के नवादा पंचायत के पंचायत सचिवालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख पति जयराम भारती, बीडीओ बिपिन कुमार भारती, मुखिया भरत यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर उद्घाटन किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अलग-अलग विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना। वही अबुआ आवास योजना, खाद्य सुरक्षा अधिनियम, सावित्रीबाई फुले योजना, समाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन, आजीविका, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना मनरेगा, वन विभाग, बाल विकास परियोजना, कृषि विभाग (किसान क्रेडिट कार्ड), श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, भूमि सुधार, 15 वीं वित्त, स्वास्थ्य एवं पोषण, निर्वाचन, पशुपालन, मत्स्य विभाग, बैंक, सीएससी, मनरेगा, पशुपालन एवं गव्य विकास, स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, बिजली विभाग, उज्जवला योजना समेत कई विभागों ने लोगो की समस्याओं का निष्पादन को लेकर आवेदन लिया।

बड़ी दिलचस्प की बात है की सबसे ज्यादातर आवेदन अबुआ आवास को लेकर आया है। वही शिविर में जेएसएलपीएस से सखी मंडल के बीच1 60,000 लाख रुपये का ऋण व सहायता राशि का चेक सौपा गया। वही सखी मंडल के सदस्यों के बीच आई कार्ड का वितरण किया गया। कुल 968 आवेदन प्राप्त हुवे जिसमें मौके पर 50% मामलें को निष्पादन कर दी गई। जबकी 50% आवेदन अभी लंबित हैं। जिसमें सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास को लेकर 968 आवेदन प्राप्त हुवे।

### थाना प्रभारी ने चलाया जागरूकता अभियान

**भवनाथपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम एवं डायन भूत कुप्रथा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वंसानी पंचायत के पंचायत भवन में प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार यादव ने जानकारी दी। मौके पर उन्होंने कहा कि आये दिन सड़क दुर्घटना में मौत की खबरें सुनने व देखने को मिल रही है, जिसमें अधिकतर दुर्घटनाएं बिना हेलमेट व शराब के नशे में वाहन चलाने से हो रही है। इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की जान बचा सकते हैं। जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते है तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहे। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे, वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे। वही डायन भूत कुप्रथा के बारे में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में लोग अशिक्षा व अंध विश्वास में पड़कर एक दूसरे को नुकसान के साथ साथ जघन्य हत्या तक करने को आतुर है डायन भुत सिर्फ एक अंध विश्वास है।

### मंडल सशक्तिकरण सह कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखंड के गिदीयाही शिव मंदिर परिसर में सोमवार को भाजयुमो रंका उत्तरी मंडल अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी के नेतृत्व में मंडल सशक्तिकरण सह कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत पं दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री सह मंडल सशक्तिकरण प्रभारी विकास तिवारी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार सत्ता में आने से लेकर अभी तक लगातार युवाओं को छलने का कार्य कर रही है। प्रतिवर्ष पांच लाख रोजगार एवं बेरोजगारी भत्ता का वादा कर सत्ता में आयी यह हेमंत सरकार युवाओं के प्रति अपनी जवाबदेही को भूल गई है। जेएसएससी से हिन्दी, मगही, भोजपुरी, अंगिका जैसी भाषा को हटाकर एवं जेएसएससी जैसे महत्वपूर्ण परीक्षा को रद्द कर लगातार युवाओं के भविष्य के साथ के खेलने का कार्य कर रही है। अब समय आ गया है हम सभी को आगे आना होगा।

## संत पॉल एकेडमी ने सूरत पांडेय स्कूल को किया तेरह रनों से पराजित

### सृजन पब्लिक स्कूल प्रतियोगिता से बाहर



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पंकज प्रभात व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन संत पल एकेडमी ने सूरत पांडेय पब्लिक स्कूल को 13 रनो से तथा आरके पब्लिक स्कूल ने सृजन डंडई को हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच से पूर्व गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सह चिकित्सक कुमार पंकज प्रभात और नसीम अख्तर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सूरत पांडेय पब्लिक स्कूल ने टस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। संत पल एकेडमी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ के 54 और पीयूष के 15 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में सात विकेट होकर 130 रनों का स्कोर खड़ा किया। सूरत पांडेय की ओर से शिवम ने तीन विकेट प्राप्त किया। 131 रनो के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी सूरत पांडेय दयानंद और आसिफ के 22-22 रनो की बदौलत 117 रन ही बना पाई। संत पल एकेडमी की और से उत्कर्ष ने तीन विकेट प्राप्त किया। वहीं दूसरे मैच में सृजन पब्लिक स्कूल डंडई की टीम ने अपने टीम में दूसरे स्कूल के खिलाड़ियों को शामिल किया जिसके कारण उन्हें प्रतियोगिता से बाहर करते हुए आरके पब्लिक स्कूल बंशीधर को विजय घोषित किया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल एकेडमी के ऋषभ तिवारी को मुख्य अतिथि डॉ. पंकज प्रभात, नसीम अख्तर, समिति के उपाध्यक्ष सह पर्यवेक्षक चंद्रभूषण सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा ने प्रदान किया। मौके पर डॉ. पंकज प्रभात ने कहा कि 30 साल पहले आप लोग की तरह ही हम भी इस मैदान में क्रिकेट खेला करते थे। आज आप लोगों का एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया है। जहां आप अपने खेल का प्रदर्शन कर सकते हैं। अगर आप लोगों को सूरज जैसा बनना है तो सूरज जैसा जलना होगा। जो बच्चे अच्छा खेलेंगे वह अच्छा पढ़ेंगे और उनका जीवन भी अच्छा होगा आप लोग मोबाइल से दूर रहें। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय, प्रवीण मिश्रा, अभिषेक, प्रिंस खान, नवनीत, अमित उपाध्याय, मनीष, विशाल, रंजीत कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




**चतरा।** स्थानीय कृषि विज्ञान केन्द्र चतरा में 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को हुई। बैठक अध्यक्षता निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र बिरसा कृषि विश्वविद्यालय काके रांची के डा. एस.कर्मकार ने की। बैठक में डॉ एच.सी. लाल, सहायक अध्यापक सह कनिय वैज्ञानिक, बिरसा कृषि विश्वविद्यालस, रांची, डा. बिनय कुमार, कनिय वैज्ञानिक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, एवं जिले के सभी कृषि संबंधित विभाग के पदाधिकारीयों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुरूआत करते हुए वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डा. रंजय कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए विगत वर्षो में किये गये कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में वैज्ञानिक इंजि. विनोद कुमार पाण्डेय एवं वैज्ञानिक धर्मा उराव ने अपने-अपने विगत वर्षो में किये गये कार्यो का प्रतिवेदन एवं वर्ष 2024-25 में किये जाने वाले संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र बिरसा कृषि विश्वविद्यालय काके रांची के डा. एस.कर्मकार ने कहा कि सरल शोध कार्य करने की सलाह दी।

डॉ कर्मकार ने कहा कि किसानों के दरवाजे तक तकनिकों को पहुचाने कार्य कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ही करते है जो काफी अहम है। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक किसानों के हीत को देखते हुए होनी चाहिए। कृषि विज्ञान केन्द्र तीन परपस पर कार्य करती है। पहला प्रशिक्षण दुसरा प्रत्यक्षण एवं तीसरा सुसाधन को जुटाना। कार्यक्रम में कनिय वैज्ञानिक डॉ एचसी लाल ने कहा कि किसानों की चेहने पर खुशी तक आ सकती है जब वो सब्जि की खेती पर जो दें। श्री लाल ने कहा कि झारखण्ड में एक तरह की जमीन नहीं है इसको ध्यान में रख कर प्रत्यक्षण करें उन्होने कहा कि जिस तरह से हमारे पूवजों ने हमें स्वास्थ्य मिट्टी दी थी हम भी कोशिश करें की आने वाली पिढ़ियों को स्वास्थ्य मिट्टी दें। कार्यक्रम में डा0 बीनय कुमार, कनिय वैज्ञानिक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची ने कहा कि किसान की आमदनी दो तरह से बढ़ सकती है पहला कम लागत हो और आमदनी ज्यादा हो इस पर ज्यादा ध्यान देकर प्रत्यक्षण करें वैज्ञानिक। डॉ बीनय ने कहा की अधिक आमदनी के लिए समुह में खेती करने काफी लाभ हो सकती है। अभी के किसान मजबुरी में खेती करते हैं पर ये सोच को बदलना होगा और शौख के सान खेती करनी होगी तभी आप आमदनी को दुगुना कर सकते हैं। कार्यक्रम को जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, डीडीएम नाबाड, एलडीएम एवं जिला पशुपालन पदाधिकारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल में उपेन्द्र कुमार सिंह मो0 जुनैद आलम शिवेन्द्र कुमार दूबे अभिजित घोष नवल किशोर अभिषेक घोष शामिल थे।

## एक नजर में

### डीसी ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का जायजा लेने चतरा प्रखंड के गंधरिया पंचायत व मयूरहंड प्रखंड के मयूरहंड पंचायत पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंच एक एक कर लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। तत्पश्चात कल्याण मंच पर पहुंच द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया और झारखंड स्टेट लाइलीहुड प्रमोशन सोसायटी के दीदियों के बीच आत्मनिर्भर बनाने हेतु चेक के माध्यम से राशि का वितरण,लाभुकों के बीच योजनाओं का स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों के बीच स्वेटर और जूता का वितरण किया व समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित गोदभराई रस्म में भी शामिल हुएं। वहीं प्रखंड सह अंचल कार्यालय मयूरहंड पहुंच मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी मयूरहंड साकेत सिन्हा से लिया।

### विाायक ने 35 हजार गैरमजरूआ भूमि मामले को सदन में उठाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक डॉ.नीरा यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान सदन में कोडरमा के 35 हजार गैरमजरूआ जमीन के क्रय विक्रय पर लगे रोक का मामला उठाते हुए सरकार को बताया की वर्ष 2011 में कोडरमा के तत्कालीन उपायुक्त के द्वारा बिना कोई वैज्ञानिक प्रतिवेदन के तथा बिना कोई जांच किये, एक निर्देश जारी कर जिले के 35 हजार एकड़ गैरमजरूआ खास भूमि की खरीद बिक्री, रसीद निर्गत, लीज अथवा बैंक में गिरवी रखने पर रोक लगा दिया गया था, जिसके कारण जिले के हजारों परिवार प्रभावित हो गए हैं, जबकि रोक लगाए गए भूमि की प्रकृति पूर्व के जमींदारों द्वारा जमींदारी प्रथा खत्म होने के बाद रिटर्न दाखिल नहीं करने का है, उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को बताया कि इसमे सैकड़ों खाता प्लॉट ऐसे भी हैं, जिसमे पूर्व के जमींदारों द्वारा रिटर्न भी दाखिल है, साथ ही रैयती जमीन को भी इसमे शामिल कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि आजतक तत्कालीन उपायुक्त के उक्त आदेश और बाद में सरकार के विभिन्न आदेशों में भी ऐसे मामलों में संदिग जमाबंदी का वाद खोलकर उक्त आदेश से प्रभावित लोगों के मामलों को निरस्त करने को कहा गया है, परन्तु वर्तमान समय में जिला प्रशासन और सम्बंध अंचल से ऐसे मामलों पर यान नहीं दिया जाना उन प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना शून्यता प्रतीत होता है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी लाभुकों की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पुरनानगर पंचायत में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत सचिवालय के समीप शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मुख्य रूप से मुखिया ललिता देवी, समाजसेवी देवनारायण यादव उपस्थित थे। शिवर में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाभुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में तकरीबन सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों ने आवेदन जमा करते देखे गये। शिविर में ग्रामीणों के द्वारा सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास व ोती, साड़ी, लुंगी, कम्बल व पौधा वितरण में देखा गया। शिविर में अबुवा आवास के लिए 456, बिरसा सिंचाई कूप के लिए 32, गुरु जी क्रेडिट कार्ड के लिए 56, आयुष्मान कार्ड के लिए 53, सर्वजन पेंशन 19, किसान क्रेडिट कार्ड के लिए 06, मुख्यमंत्री पशुान योजना 55 आवेदन दिए गए। वहीं 47 सखी समूह के बीच 1 करोड़ 47 लाख का वितरण किया गया। साथ ही 1050 धोती, साड़ी, लूंगी व 200 कम्बल का वितरण किया गया। वहीं वन विभाग के द्वारा 200 पौधों का वितरण किया गया।

### भाकपा माले के पूर्व महासचिव की 25वीं पुण्यतिथि मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के पानी टंकी रोड स्थित भाकपा माले पार्टी कार्यालय में पार्टी के पूर्व महासचिव का विनोद मिश्रा का 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि करते हुए एक मिनट मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अयक्षता प्रखंड सचिव तुलसी कुमार राणा ने किया। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप कुमार ने कहा कि कामरेड विनोद मिश्रा का पुण्यतिथि पर महान शहीदों और दिवंगत नेताओं की क्रांतिकारी मिशन के प्रति स्वयं को पुनः समर्पित करते हुए वर्तमान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कामरेड विनोद मिश्रा की क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ने का संकल्प लेना है।

बिनोद मिश्रा ने 1970 के दशक के आरंभ में भारी दमन और क्षिे के बाद पार्टी को पुनर्गठन का नेतृत्व किए थे। उन्होंने पार्टी का विस्तार करने के लिए जनता से घनिष्ठ रूप से जुड़ने और उसके हितों को बुलंद करने सर्वोच्च कार्यभार बनाने की अपील की थी।

स्पीड न्यूज

## सरयू में ऑटो पलटने से एक महिला की मौत

**सरयू।** सरयू टिओपी क्षेत्र अंतर्गत घासीटोला के तेहराटांड़ के समीप रविवार को संध्या में ऑटो पलटने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गया। वही मृतक महिला के पति तेतरा उरांव ने बताया कि हम लोग अपनी बेटी दामाद के घर गणेशपुर से आ रहे थे। इसी दौरान डाबरी से ऑटो से सरयू आने के क्रम में घासी टोला के तेहराटांड़ के समीप ऑटो असंतुलन होकर पलट गई जिससे मेरे पत्नी करियो देवी उम्र तकरीबन 57 वर्षी को माथे पर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गया। वही मौत के सूचना पाकर गारू थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया गया। वही थाना प्रभारी ने अग्रेषित कार्रवाई करते हुए ऑटो जेएच 01ई बी 9350 जप्त कर लिया गया। जब कि ऑटो चालक मौके से फरार हो गया।

## लाई में आंगनबाड़ी सेविका पद का हुआ चयन

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत अंतर्गत, ग्राम लाई में सोमवार को आंगनबाड़ी सेविका पद का चयन ग्राम प्रधान सुखलाल सिंह के अध्यक्षता में किया गया। वही सीडीपीओ अनिता कुमारी, इंदुमती कुमारी के नेतृत्व में लाई गांव के 6 उम्मीदवार ने अपने अपने आवेदन किया। वही सर्व सहमति से सुबन्ती देवी को चयन किया गया। इस मौके पर जिप सदस्य बुधेश्वर, मुखिया अंकिता देवी, गंगेश्वर उरांव, बाल सुंदर उरांव समेत कई अन्य ग्रामीण महिला पुरुष मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र मे बच्चों के बीच स्वेटर का किया गया वितरण



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम के टोला खैराही में आंगनबाड़ी केंद्र में ठंढ को देखते हुए सोमवार को नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण का कार्य आंगनबाड़ी सेविका सुहानी कुमारी एंव प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केन्द्र के पोषक क्षेत्र के नन्हें मुन्ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने बच्चों को उज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को बुनियादी शिक्षा दी जाती है और केन्द्र की सेविकाओं के माध्यम से शिक्षा के अलावा गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खान पान के बारे में विशेष जानकारी के साथ ही साथ केंद्र में वितरण किए जाने वालें पोषाहार का जायजा भी लिया। मौके पर कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## पूर्व उप प्रमुख ने सीओं से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की

**बालूमाथ।** बालूमाथ के पूर्व उप-प्रमुख सह भाजपा नेता संजीव सिन्हा ने बढ़ती ठंड को देखते हुवे अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि दिनों दिन ठंड का कहर बढ़ता ही जा रहा है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठंड में सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को होती है। ऐसे में अलाव ही उनका एकमात्र सहारा होता है। जिससे कि वह ठंड से बचने की कोशिश करते है। यदि अलाव की व्यवस्था की जाए तो लोगों को ठंड से राहत मिल सकती है। वही बाहर से आने वाले लोगों के लिए भी ठंड से बचने का सहारा मिल जाएगा। उन्होंने कसियाडीह तीनमुहान के समीप, मुरपा मोड़, पुराना भूटाली चाय दुकान, चेक नाका,थाना चौक, महावीर मंदिर, बाजार टांड, बड़ी मस्जिद, न्यू बस स्टैंड, टमटम टोला, बड़का बालूमाथ, कृष्णापुरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की मांग की है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लाधुप में लगा विकास शिविर

➲ विकास योजनाओ को धरातल पर उतारने में काफी अहम साबित हो रहा है कार्यक्रम : अनिता देवी

खबर मन्त्र संवाददाता



शिविर में लाभार्थी को स्वीकृति पत्र देते अतिथि।

**चंदवा।** राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस उद्देश्य के साथ हेमंत सोरेन सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण में सोमवार को प्रखंड के लाधुप पंचायत में विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जीप उपाध्यक्ष अनिता देवी, झामुमो केंद्रीय सदस्य पपन खान, प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, झामुमो नेता मो इजहार, मुखिया बिफई मुंडा, पंसस बुधन गंझू ने सयुक्त रूप से दीप प्रवजल्लित कर किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को जानकारी देते हुए जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम संचालित विकास योजनाओ को धरातल पर उतारने का काफी अहम साबित हो रही है। आमजनता शिविर के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाकर उठाएं। इस दौरान अतिथियों ने मनरेगा जॉब कार्ड, आवास योजना के चयनित लाभुकों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ कई बच्चियों को प्रदान किया व परिस्थितियों का वितरण किया। इसके अलावे दर्जनों लाभुकों व जरूरतमंदों के बीच धोती साड़ी/लुंगी व कंबल का वितरण भी किया। इसके उपरांत उपस्थित अतिथियों ने शिविर में मनरेगा, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आपूर्ति, पेंशन, विद्युत समेत अन्य विभाग के लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। स्टॉल में ग्रामीणों ने अपने अपने आवेदन जमा किये। मौके पर बीडीओ विजय कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, सीआई ऋषिदेव कमल, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, रोहित कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# कोचिंग संचालक का जलप्रपात में डूबने से मौत, शव के गांव पहुंचते ही छाया मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ चंदवा के रुद मूर्तिया गांव का निवासी था मृतक संतोष, रातू रांची में चलाता कोचिंग संस्थान



संतोष मेहता फाईल फोटो।

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के चेटर पंचायत अंतर्गत रुद मूर्तिया गांव से रांची रातू में कोचिंग चलाने वाले युवक संतोष कुमार मेहता की आकस्मिक मौत खूंटी जिला स्थित पंडिपुरिंग जल प्रपात में डूबने से हो गयी। अन्तःप्रेरणा के बाद सोमवार की दोपहर मृतक संतोष का शव पैतृक गांव रुद मूर्तिया पहुंचा। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया व गांव में मातम छा गया। दोपहर बाद परिजनों के द्वारा संतोष का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि सन्तोष कुमार मेहता पिता जयराम मेहता उम्र 30 वर्ष रांची के रातू में अध्ययन केंद्र नामक कोचिंग संस्थान चलाते थे। रविवार को अध्ययन केंद्र रांची से करीब 40 लोग पिकनिक मनाने पंडिपुरिंग जलप्रपात पहुंचे थे। इनमें केंद्र में पढ़ने वाले विद्यार्थी और शिक्षक शामिल थे। सभी एक बस में सवार होकर पंडिपुरिंग जलप्रपात पहुंचे थे। सेंटर के शिक्षकों ने बताया कि यहां कुछ लोग खाना बनाने में व्यस्त हो गए। कुछ लोग नदी में नहाने चले गए। संतोष कुमार मेहता और सेंटर के दो छात्र रितेश व अमन भी नदी में नहाने चले गए। इसी बीच संतोष अचानक पानी में डूबने लगे, यह देख रितेश व अमन उन्हें बचाने के लिए आगे बढ़े। उन्होंने संतोष का हाथ पकड़कर बाहर निकालने की कोशिश की, परन्तु इस क्रम में रितेश व अमन भी डूबने लगे। वहां नहा रहे अन्य लोगों ने दोनों को बचाया। लोगों ने संतोष को भी बचाने की कोशिश की,परन्तु वे पानी में अंदर डूब गए। सूचना पाकर पर्यटन मित्र वहां पहुंचे। उन्होंने पानी के अंदर जाकर संतोष को बाहर निकाला तब तक उसकी मौत डूबने से हो चुकी थी।

## प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताब पर बालूमाथ सुपरसिंग ने जमाया कब्जा



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर ग्राउण्ड में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट समापन हो गया। टूर्नामेंट के फाईनल मुकाबले में बालूमाथ सुपरसिंग की टीम ने हेरहंज की टीम को रोमांचक मुकाबले में 14 रनो से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया। इसके पूर्व सेमीफाइनल मुकाबला लोहरसी बनाम बालूमाथ के बीच खेला गया जिसमें बालूमाथ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 10 ओवरों में 3 विकेट खोकर 107 रन बनाए टीम की ओर से खेताब ने 22, आशीष 26 और ब्राउन ने 20 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए लोहरसी की पूरी टीम 10 ओवरों में 4 विकेट खेलकर 92 रन बनासकी और बालूमाथ ने यह मुकाबला 14 रनों से शानदार जीत हासिल किया। लोहरसी की ओर से सन्नी ने 42 रन और अंकित सिंह ने 25 रन की पारी खेली। इसके बाद फाइनल मुकाबला हेरहंज बनाम बालूमाथ सुपरकिंग्स के बीच खेला गया जिसमें बालूमाथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते रन बनाई टीम की ओर से रिपु ने 38 खेताब ने 23 ,अविनाश ने 12 रन बनाए जवाबी पारी खेलने उतरी हेरहंज की टीम 8 ओवरों में 5 विकेट खोकर 92 रन बना सकी और बालूमाथ ने यह मुकाबला 14 रनों से जीत लिया टीम की ओर से रौशन पाण्डेय ने 41 रन ,सोनू सिंह ने 34 रन और अमरदीप ने 21 रनों की पारी खेली। विजेता टीम बालूमाथ को 31 हजार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया और उपविजेता टीम हेरहंज की 15 हजार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया टूनार्मेंट में बेस्ट बॉलर का खिताब नंदन मुंडा ,बेस्ट बैट्समैन का खिताब रिपु वाटसन और मैन ऑफ द सीरीज खिताब को चुना गया आयोजन को सफल बनाने में मौके पर रहे पूर्व सांसद प्रतिनिधि रंजीत जायसवाल मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल हेरहंज मुखिया प्रीति कुजूर उपमुखिया राजबली यादव अध्यक्ष कोषाध्यक्ष समेत कमिटी के तमाम कार्यकर्ता सक्रिय दिखे।

## पुरुषों में गारू व महिलाओं में चंदवा बना जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता




विजेता टीम।

**लातेहार।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 का समापन आज किया गया। जिला स्टेडियम लातेहार में आयोजित दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप का समापन विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर व मेडल पहनकर सम्मानित कर किया गया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी लातेहार संजीत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी टीमें एक से बढ़कर एक टीम थी। विजेता और विजेता टीम के अलावा जो इस प्रतियोगिता के फाइनल में नहीं पहुंच सकी, उन्हें अगले वर्ष के लिए जमकर तैयारी करनी है। ताकि अगले वर्ष आप विजेता या उपविजेता का खिताब अपने प्रखंड का नाम कर सके। श्री कुमार ने सभी खिलाड़ियों को अनुशासन में रहकर खेलने की सलाह दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से मानसिक व शारीरिक विकास होती है। इस तरह के प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना एक बेहतर कार्य है। महिला वर्ग में चंदवा और बालूमाथ के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें दोनों टीमें निर्धारित समय में बराबरी पर रही। पेनल्टी शूटआउट में चंदवा ने बालूमाथ को 2-1 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। आज खेले गए पुरुष वर्ग के फाइनल मैच बरियातू और गारू प्रखंड के बीच खेला गया। इस मैच को पेनाल्टी शूटआउट के जरिए रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें गारू की टीम ने बालूमाथ को 3-2 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर अपना नाम अंकित किया। कार्यक्रम का संचालन वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में तरसीयूस कुजूर, जीवन किशोर मिंज, सुधीर खाखा, सुरेश उरांव, सुमित उरांव, अमित रंजना मिंज, सरिता एक्वा, अंकित तिर्की, मुकेश उरांव, कमलेश उरांव, आशीष कुमार समेत जिला खेल कार्यालय के कर्मी व प्रशिक्षक ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

### एक नजर में

## पीएलए की बैठक में दी गई स्वास्थ्य की जानकारी, निकली जागरूकता रैली

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा गांव में सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में सहिया पूनम देवी द्वारा पीएलए का बैठक किया गया। बैठक के पश्चात कई ग्रामीण महिलाओं ने भाटचतरा, झलकीटोला में जागरूकता रैली निकली। बैठक में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को मुख्य रूप से स्वास्थ्य से संबंधी जानकारी दी गई। उपस्थित कई सहिया व ग्रामीण महिलाओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तीयां लेकर रंग-बिरंगा सब्जियां खाएंगे स्वस्थ जीवन अपनाएंगे, भोजन में विविधता बने रहे मां बच्चों के चेहरे पर खुशी रहे, मां स्वयं के लिए तीन बार बच्चों के लिए एक बार बच्चे का स्वस्थ भविष्य बनाना है तो धात्री मां को दो बार अतिरिक्त भोजन खिलाना है, हरे पत्तेदार सब्जियां खाएंगे शरीर में खून बढ़ाएंगे, मां आयरन गोली खाएगी एनीमिया दूर भगाएगी, बीमारी से बचाना है तो गहरे रंग की फल एवं सब्जियां खाना है सहित कई नारा लगाते हुए आसपास के लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर संगीता देवी, मंजू देवी, उर्मिला देवी, दौलतिया देवी, पार्वती देवी, रिंकी देवी, सुनीता देवी, मनीषा देवी, सीमा देवी, कविता देवी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

## सम्मानित किये गये लातेहार के रविकांत भगत कहा-अपनी मिट्टी व भाषा से जुड़े रहना आवश्यक



सम्मानित होते रविकांत भगत।

**लातेहार।** लातेहार के कुड़ख व नागपुरी लोक गायक व अभिनेता रविकांत भगत को एक बार फिर सम्मानित किया गया है। इस बार ओटीटी प्लेफार्म वाउ सिनेमा ने उन्हें सम्मानित किया है। वाउ सिनेमा के सीइओ विनोद प्रभात ने रांची में उन्हें एक समारोह में सम्मानित किया। बता दें कि लातेहार के चंदवा प्रखंड के बारी ग्राम निवासी रविकांत भगत को उनकी कुड़ुख गायकी और अभिनय के लिए कई पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं। उन्हें झारखंड रत्न का भी पुरस्कार मिल चुका है। रविकांत ने अपनी मेहनत व लगन से झारखंड में एक अलग पहचान बनायी है और लातेहार जिले का नाम रोशन किया है। रविकांत ने कहा कि आज के इस दौर के युवा अपनी संस्कृति व विरासत से विमुख होते जा रहे हैं। अपनी भाषा व संस्कृति को बचाये रखने के लिए वे प्रयासरत हैं। उन्होने कहा कि अपनी भाषा से मीठी और कोई भाषा नहीं होती है। उन्होने कुड़ख भाषा में गीतों के कई ऑडिओ व वीडीओ एलबम बनाये हैं। उनका प्रयास है कि आज के आदिवासी युवक आधुनिकता के साथ साथ अपनी मिट्टी व भाषा से जुड़े रहे।

## भाजयुमो की बैठक में मंडल सशक्तिकरण पर जोर

➲ संगठन के कार्यो को पूरा करना हम युवाओं की जिम्मेवारी : छोटू राजा

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित भाजयुमो जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता।

**बरवाडीह।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक भाजयुमो बरवाडीह मंडल अध्यक्ष विकास सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गईं। बैठक में भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा और जिला उपाध्यक्ष सुमंत यादव ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सोच है कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंचे। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकताओं को इसके लिए पूरे तन मन से जुट जाने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य मंडल सशक्तिकरण पर बल देना हैं। कहा कि युवा शक्ति को हर कार्यो के लिए तत्पर रहने की जरूरत है, हम युवाओं पर ही सर्वाधिक जिम्मेदारी होती है, इसलिए संगठन के कार्यो को पूरा करने की हम युवाओं को हमेशा तैयार रहना चाहिए। बूथ की मजबूती से लेकर मंडल सशक्तिकरण अभियान में सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, और अपने मंडल को सशक्त करना है। मौके पर उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, महामंत्री प्रदीप सिंह, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार, महामंत्री हेमंत कश्यप, पारस जयसवाल, बंटी ठाकुर, पार्थ सरकार और मनोज यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में मानदेय एवं विकास योजनाओं में सहभागिता पर हुई चर्चा



बैठक में शामिल पंसस।

**चंदवा।** प्रखंड कार्यालय स्थित उप प्रमुख कक्षा में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने की। बैठक में पंचायत समिति सदस्यों को मिलने वाले मानदेय (भत्ता) एवं पंचायत में संचालित होने वाले विकास योजनाओं में पंचायत समिति सदस्यों की सहभागिता पर गंभीरता से चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उप प्रमुख श्री मिश्रा ने कहा कि पंचायत में संचालित होने वाले विकास योजना में पंचायत समिति सदस्य का अनुमोदन अनिवार्य होना चाहिए। मनरेगा मत से संचालित होने वाली योजनाओं की जानकारी पंसस को नही दी जा रही है, पंचायत में संचालित होने वाले विकास योजनाओं से भी पंचायत समिति को दूर रखा जा रहा है। प्रायः देखा जा रहा है कि पंसस के अधिकारों का हनन हो रहा है, जिसके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। वहीं अयूब खान, बलकु मुंडा समेत अन्य ने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों का अधिकार का अतिक्रमण किया जा रहा है। पंसस मद के अतिरिक्त किसी भी योजना में पंसस का अनुमोदन नही लिया जा रहा है। इसके खिलाफ संगठित होकर लड़ाई लड़ने की जरूरत है। बैठक के दौरान पंचायत समिति सदस्यों के द्वारा कई मुद्दो पर गंभीरता से चर्चा करते हुये निर्णय भी लिए गए। बैठक में पंसस अनिता देवी, लीलावती देवी, शंकर गंझू, नीलम देवी, मनीता देवी, लीलावती देवी, सुशीला टोपनो, संगीता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## गनेशपुर पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम स्थित पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बीडीओ सोमा उरांव, सीओ तृप्ति विजया कुजूर, प्रखंड उप-प्रमुख कामेश्वर राम, मुखिया परमेश्वर उरांव, पंसस पिंटू कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नागदेव उरांव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर पेंशन योजना, बिरसा आवास, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड नाम जोड़ना एवं सुधार, स्वास्थ्य,जमीन विवाद, मोटेशन, बिजली विभाग,15वीं वित्त योजना,जॉब कार्ड,बाल विकास सहित कई स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें ग्रामीणों द्वारा आवेदन जमा किया गया। इसके अलावा आयोजित शिविर में ग्रामीणों के बीच कई परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। जिसमें कंबल, धोती-साड़ी छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिये चेक का वितरण किया गया।

## बच्चों के बीच मुखिया ने किया स्वेटर का वितरण



**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत हरैया आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण करते पंचायत की मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने कहा कि पड़ रही कड़ाके की ठंड में आंगनबाड़ी केंद्र के नामांकित छोटे-छोटे बच्चों के बीच स्वेटर की जरूरत महसूस हो रही थी। सरकार के प्रयास से बच्चों के बीच स्वेटर उपलब्ध कराया जाना सराहनीय कार्य है। बच्चों के माता-पिता बच्चों को स्वेटर पहनाकर ही केंद्र भेजें। वार्ड सदस्य मुकेश कुमार समेत मौजूद अन्य लोगों ने भी सरकार के प्रयास से छोटे-छोटे बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्य की सराहना की। इस दौरान मुखिया ने आंगनबाड़ी सेविका विद्या रानी से आंगनबाड़ी केंद्र तक रास्ता की समस्या और किराया के मकान में चलाए जा रहे केंद्र की जानकारी ली। मुखिया ने बीडीओ के साथ सीओ से मिलकर समस्या निराकरण का आश्वासन दिया। यह भी कहा कि जबतक रास्ता नहीं मिल जाता तबतक विभाग को किराया के आंगनबाड़ी केंद्र के किराया का भुगतान विभाग की ओर से अवश्य करना चाहिए। स्वेटर पाकर बच्चे काफी हर्षित दिखे। मौके पर बसंती देवी, दमयंती देवी, सुबोध जायसवाल, नीलम देवी, दीपक कुमार, नीतू देवी, राहुल कुमार, सीमा कुमारी, अपर्ण कुमार, आद्या रानी समेत अन्य मौजूद थे।

# टोटी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



लाभुको स्वीकृति पत्र देते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत अंतर्गत स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोटी हेसला मे सोमवार को मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ रवि यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पुर्वक जानकारी दिया साथ ही सीओ नंदकुमार राम ने भी प्रवासी मजदूरों के लिए श्रम नियोजन और उसके लाभ तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड के लाभ के बारे में बताया। बीस सुत्री अध्यक्ष गंझु ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। शिविर मे निहायत जरुरत मंदो के बीच कंबल और धोती साड़ी का वितरण किया गया,सावित्री वाईफुले समृधि योजना का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया। जेएसएलपीएस की महिलाओं को आइडी कार्ड दिया गया, कृषको को बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन का सांकेतिक स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। साथ ही आन द स्पॉट जमीन के रसीद काटे गए, एव जाति प्रमाण पत्र व आवासीय प्रमाण पत्र बनाया गया। मौके पर राजस्व कर्मचारी समाजसेवी नन्दु उरांव, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी संदीप कुमार, राजुराम, नंदेव राम संजय यादव, 15वे वित पंकज पांडेय, आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, जन्म मृत्यु निबंधन हेतू सरफिनुश खलखो, उमा शंकर सिंह, पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, डॉ नौशाद आलम, स्वास्थ्य कर्मी संदीप कुमार, बलराम कुमार, अनुकिरण नगेशिया, ममता कुजूर सुनील कुमार रवि, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर, आरिफ अंसारी, मोहम्मद, बिरेन्दर उरांव, पंचम कुमार, सरफराज, सुखबिलाश कुमार, महेश यादव, संतोष प्रसाद, धीरज कुमार राणा, सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## बच्चों के बीच मुफ्त जूता-मोजा का वितरण



वितरण के मौके पर मंचासीन अतिथि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के जोगियाडीह ग्राम स्थित संत जूली मध्य विद्यालय परिसर में डाल्टनगंज कैथोलिक धर्मप्रांत के नवनियुक्त बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास के द्वारा 375 बच्चों के बीच जूते और मोजे का वितरण किया। विद्यालय की प्राचार्य सिस्टर पूनम ने बताया कि बच्चों को जूते-मोजे उपलब्ध कराने का कार्य गोवा स्थित स्ट्रीट प्रोविडेंस ट्रस्ट के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए बिशप मस्कारेन्हास ने कहा कि जूता-मोजा का वितरण ट्रस्ट के निदेशक डोनाल्ड फर्नांडिस की ओर से किया जा रहा है जो एक पुनीत कार्य है। उन्होंने बच्चों को समर्पित भावना से अपनी पढ़ाई कर उज्ज्वल भविष्य बनाने और नशा से बिल्कुल दूर रहने की सलाह दी ।एक अन्य कार्यक्रम में बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास ने हेरहंज प्रखंड के लात गांव स्थित ज्ञान प्रकाश मध्य विद्यालय में 215 बच्चों के लिए जूते और मोजे का वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने उनके सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच संचालन शिक्षक संतोष लकड़ा ने किया। प्राचार्य सिस्टर पूनम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सेंट जॉन कैथोलिक चर्च चर्च के पल्ली पुरोहित फादर वाल्टर हेमरोम, फादर प्रदीप पन्ना, फादर ज्ञान प्रसाद, सिस्टर मंजू, सिस्टर सुमानी, अनिल कुजूर, आभा तिग्गा, अनीता कुजूर किरण तिर्की, रंजीत मौर्य, अर्चना, प्रकाश गिद्ध, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जेएसएससी की कार्यशैली से नाराज छात्र समन्वय समिति ने निकाली आक्रोश रैली

## एसडीएम के माध्यम से आयोग व राज्य सरकार को सौंपा मांग पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा लगातार परीक्षाओं को स्थगित करने, रद्द करने एवं नई बहाली नहीं निकालने के विरोध में छात्र समन्वय समिति ने सोमवार को आक्रोश रैली निकाली। समिति सदस्य छात्रों ने रैली निकाल शहर भ्रमण करते हुए समाहरणालय परिसर पहुंच आयोग एवं सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रों ने आक्रोश रैली एसपी कॉलेज के परिसर से निकाल पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त के माध्यम से आयोग एवं सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र में जेएसएससी के कार्य कार्यपद्धति में सुधार एवं पारदर्शिता लाने के संबंध में मांग पत्र सौंपा। रैली का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि बार-बार परीक्षा स्थगित करने से अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। जेएसएससी ने छात्रों को गुमराह करने का काम किया है।आयोग के साथ कदम ताल मिलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी छात्रों को गुमराह करने का काम कर रहे है। छात्र नेता श्री हेम्ब्रम ने कहा कि 7 सालों से अभी तक कोई वैकेंसी भी नहीं निकली है और जो निकली थी वह भी रद्द हो गई है। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति चेतावनी देते हुए कहा कि जेएसएससी और राज्य सरकार को सचेत करना चाहते हैं कि राज्य के छात्र के भविष्य को देखते हुए उनकी अपेक्षा अनुरूप स्थानीयता एवं नियोजन नीति को परिभाषित करते हुए नियुक्तियों की दिशा में सार्थक एवं साकारात्मक पहल करे, अन्यथा समन्वय समिति उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। छात्र नेता राजीव बास्की ने आयोग के कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए सुधार करते हुए छात्रहित मे पारदर्शिता अपनाते हुए नियुक्तियां पूरी करने का मांग किया। छात्रों ने एसडीएम कौशल कुमार के माध्यम से मांग पत्र आयोग एवं राज्य सरकार को सौंपा। इस अवसर पर सुलिश किस्कू, परिमल मरांडी, संजय हांसदा, सुजीत किस्कू, अंकित टुडू, मानवेल सोरेन, रौशन सोरेन आदि शामिल थे।





रैली निकालते छात्र एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपते छात्र

# एक ही परिवार के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या

## रिश्तेदार से जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। घटना भराही ओपी क्षेत्र के अंतर्गत सकरपुरा वार्ड-5 की है, जहां रविवार रात एक ही परिवार की एक महिला समेत तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतकों की पहचान सूर्य नारायण शाह (50), अनीता देवी (46) और प्रद्युम्न शाह (25) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सूर्य नारायण शाह का अपने ही बड़े भाई रामनारायण शाह से कई सालों से जमीन विवाद चल रहा था। इसे लेकर दोनों पक्षों में कई बार मारपीट की घटना में हुई थी। जमीन विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। स्थानीय लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। मृतक सूर्य नारायण शाह को दो बेटे थे। बड़े बेटे सुशील कुमार उर्फ रमन की दो शादियां थीं। उसकी पहली पत्नी इसको छोड़कर दूसरी शादी रचा ली। वहीं, छोटे बेटे प्रद्युम्न की तीन शादियां थीं। पति-पत्नी में अक्सर मारपीट हुआ करता था। घरेलू कलह की वजह से पहली दो पत्नी इनको छोड़कर चली गई। इसके बाद इन्होंने पांच माह पहले तीसरी शादी की थी, जिसको इन्होंने एक सप्ताह पूर्व मायके के पहुंचा दिया था। मृतक सूर्यनारायण शाह की छोटी बेटी रेणु कुमारी ने बताया कि उनके पिता से उनके बड़े पापा रामनाराण शाह का जमीन विवाद चल रहा था। उनके परिवार के कोई भी लोग हत्या के बाद देखने के लिए भी नहीं आया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही एसपी राजेश कुमार, एएसपी प्रवेंद्र भारती, पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर तहकीकात कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने तीनों मृतक के शव को ट्रैक्टर से पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया है। एसपी राजेश कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस हत्या में कई एंगल निकलकर सामने आ रहा है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। एफएसएल और डॉग स्क्वॉयड टीम को बुलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और इस घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना कम करना उद्देश्य : थाना प्रभारी

**इटखोरी।** क्षेत्र में बढ़ते सड़क दुर्घटना को रोकने का प्रयास पुलिस-प्रशासन के द्वारा लगातार किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर सोमवार को इटखोरी थाना के थाना प्रभारी बिनोद कुमार और पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली ने सभी पेट्रोल पंपों पर सड़क सुरक्षा को लेकर पोस्टर चिपकाकर लोगों को जागरूक किया।

# एसबीआई पटना मेराथन में अंजू बॉबी जॉर्ज ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की

खबर मन्त्र संवाददाता




**पटना।** दिनांक 17/12/2023 को पटना के गाँधी मैदान में बिहार को नशा मुक्त बनाने हेतु प्रथम पूर्ण मेराथन का आयोजन किया गयो यह आयोजन एसबीआई पटना मंडल के सहयोग से मद्य निषेध विभाग, बिहार सरकार ने कियो यह मेराथन 4 वर्गों अर्थात 42, 21, 10 और 5 किलोमीटर में आयोजित की गई इस भव्य आयोजन की मुख्य अतिथि एथलीट अंजू बॉबी जोर्ज ने उपस्थित सभी धावकों का हौसला बढ़ाया।

स्टेट बैंक का प्रतिनिधित्व उप प्रबंध निदेशक महेश कुमार शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल शिव ओम दीक्षित, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार) सत्यब्रत महापात्र, महाप्रबंधक (निरीक्षण) नरेश कुमार रहेजा, एवं बिहार सरकार का प्रतिनिधित्व एस.सिद्धार्थ, ए.सी.एस (होम), बिनोद गुंजियाल , ए.सी.एस (निषेध एवं उत्पाद), बी.राजेंद्र प्रधान सचिव (सामान्य प्रशासन) ने कियो इस पूर्ण मेराथन में देश विदेश के लगभग दस हजार धावकों ने हिस्सा लिया और सुनील कुमार, मद्य निषेध मंत्री, बिहार सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में विजेताओं को सम्मानित किया गया।

पटना में हुई इस प्रथम पूर्ण मैराथन का प्रयोजन भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने किया और एसबीआई समूह की कंपनी एसबीआई लाइफ ने भी इस कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## नीतीश कुमार और जीतन राम मांझी का हुआ आमना-सामना

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी को एक दूसरे का धुर विरोधी माना जाता है। आए दिन ही जीतन राम मांझी और नीतीश कुमार एक दूसरे को लेकर बेहद तल्ख टिप्पणियां करते रहते हैं। लेकिन अब यही दो नेता इत्तेफाक से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में आमने-सामने आ गए। लेकिन जब दोनों नेता एक दूसरे के सामने आए तो दोनों ने एक दूसरे का शालीनता से अभिवादन किया। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली जाने के लिए इंडिगो फ्लाइट में चढ़े तो वहां बीजेपी नेता शाहनवाज हुसैन और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी फ्रंट सीट पर बैठे मिले। मांझी को देखते ही दोनो नें एक दूसरे का हाथ जोड़कर अभिनंदन किया।

## स्काई ब्लू होटल के कमरा न 0 406 में

# एक युवक की पंखे से झूलती लाश पाई गई



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज सुबह की घटना गोड्डा जैसे क्षेत्र के लिए एक बहुत ही दुखद घटना के साथ हुई है। कल रात्रि 10/30 में मधुसूदन कुमार नाम के एक युवक जो रामगढ़ थाना क्षेत्र के बाघमारा ग्राम जिला दुमका का रहने वाला बताया गया है वो आकर स्काई ब्लू होटल जो गोड्डा स्टारबैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा के ऊपर हटिया चौक पर अवस्थित है जिसमे कमरा नंबर 406 में आकर ठहरता है। रात्रि में उसने पंखे से झूल कर अपनी जान दे दी अभी तक जो सूचना प्राप्त हुई है। सुबह उसके कमरे में होटल अटेंडेंट के जाने पर देखा गया कि वो पंखे से झूल कर आत्म हत्या कर चुका है स्थानीय नगर थाने को इसकी सूचना दी गई और पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की तहकीकात और जांच कर रही है। रजिस्टर में लिखा नाम वा पता के सत्यता की जांच होनी बांकी है पुलिस मामले की तह तक पहुंचने के बाद ही पता चल पाएगा की ये हत्या है या आत्महत्या?

## पेज 1 का शेष

### सभी रिकार्ड टूटे...

विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित : 11 अन्य सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया है। वे हैं जेबी माथेर हिशाम, एल हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जीसी चंद्रशेखर, बिनय विश्वम, संतोष कुमार पी, एम मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और एए रहीम।

### हंगामे के बीच...

**बेल में पहुंचे विपक्षी सदस्य :** इसके पहले विपक्ष के हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण की सूचनाएं ली गयी। 500 करोड़ किसका है, सदन में वेल पर विपक्ष की नारेबाजी होती रही। शून्य काल की कार्यवाही शुरू होने पर फिर से भाजपा के विधायक वेल में पहुंचे। इस पर स्पीकर ने विपक्ष से सदन की गरिमा बनाये रखने का आग्रह किया। साथ ही कहा, आसन को उत्तेजित ना करें। **वेतन वृद्धि का प्रस्ताव :** इसी बीच सीएम हेमंत सोरेन सदन में पहुंचे। वेतन भत्ता समिति के संयोजक भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने समीक्षा के बाद प्रतिवेदन पेश किया। इसके तहत सीएम, स्पीकर, नेता प्रतिपक्ष, मुख्य सचेतक व सचेतक आदि का वेतन-भत्ता 50 प्रतिशत तक वृद्धि की जायेगी। सीएम का वेतन अब एक लाख व स्पीकर का वेतन 98 हजार कर दिया गया है। इसी प्रकार अन्य पदों के लिये भी वेतन वृद्धि की गयी है। कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दल सदन के बाहर नारेबाजी कर रहे थे। सांसद धीरज साहू प्रकरण से लेकर सीएम को ईडी नोटिस पर विपक्ष जवाब मांग रहा था। वहीं, सत्ता पक्ष भी विपक्षी रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### हमारा भविष्य उज्ज्वल...

हम लोग चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। अभी हम सबका लक्ष्य एक है। जिन राज्यों में रिजनल पार्टियां मजबूत हैं वहां भाजपा है ही नहीं, भाजपा उन्हीं राज्यों में है जिनमें कोई क्षेत्रीय दल नहीं है। बता दें कि 19 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की यह चौथी बैठक है। पहली बैठक 23 जून को पटना में हुई थी। दूसरी बैठक बेंगलुरु और तीसरी बैठक मुंबई में हुई थी।अब जब पांच राज्यों के विधानसभा के चुनाव के नतीजे आ गये हैं तो इंडी गठबंधन के नेता फिर से बैठक करने जा रहे हैं। चौथी बैठक छह दिसंबर को होने वाली थी लेकिन टल गयी थी। **नेता का फैसला चुनाव बाद :** बैठक से पहले तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि इंडिया' गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद किया जायेगा। गठबंधन में नीतीश कुमार के चेहरे को लेकर पूछे गए सवाल पर तेजस्वी यादव भी अटक गये। उन्होंने कहा कि हम सभी का एक ही मकसद है कि फिरकापरस्त ताकतों को रोकना है। गरीबी, महंगाई, किसानों और मजदूरों पर जिन लोगों ने लाठी चलवाई उन सब लोगों को हम लोग सत्ता से बेदखल करेंगे।

### चौथी वर्षगांठ पर...

29 दिसंबर को सरकार के चौथे स्थापना दिवस पर लोगों सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने 11 लाख गरीबों का राशन कार्ड खत्म किया। हमारी सरकार ने चार साल में 20 लाख हराकार्ड बनाकर राशन दिया। 20 वर्षों में विपक्षियों की सरकार ने खजाने को लूटने और अपनी जेबों में भरने का काम किया है। सीएम ने कहा कि झारखंड में स्थापित सभी निजी और सरकारी फैक्टिरियों में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिए कानून बना दिया गया है। इन कंपनियों में 40 हजार से कम तनख्वाह पानेवाले सभी लोग स्थानीय बहाल होंगे।

### धमाकों से दहलाने की...

एनआइए ने देश में आइइडी धमाकों के जरिये दहलाने की साजिश को विफल कर दिया। एजेंसी ने कहा कि यह छापे में महाराष्ट्र के मुंबई और पुणे और दिल्ली में मारे गये थे। एनआईए की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि छापे के दौरान सल्फर, पोटेशियम नाइट्रेट और बारूद जैसी विस्फोटक सामग्री के साथ-साथ प्रस्तावित हमलों के डिटेल वाले डॉक्यूमेंट और हथियार भी बरामद किये गये हैं। नकदी और डिजिटल डिवाइस भी मिला है। गिरफ्तार होने वाले लोगों में बल्लारी मॉड्यूल का नेता मिनाज भी शामिल है। उसे मोहम्मद सुलेमान के नाम से भी जाना जाता है।

### गढ़वा में मुठभेड़...

दोनों ओर से दर्जनों राउंड फायरिंग हुई है, आशंका है कि जेजेएमपी के नक्सलियों को भी गोली लगी है। इस मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके को घेर कर गढ़वा पुलिस नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चला रही है। गढ़वा पुलिस ने पलामू से सटे हुए सीमावर्ती इलाके को भी सील कर दिया है। पलामू के जोनल आईजी राजकुमार लकड़ा मुठभेड़ की सूचना पाकर घटनास्थल की ओर रवाना हो गये हैं। बताया गया कि मुठभेड़ जेजेएमपी के कमांडर टुनेश का दस्ते से हुई।

# प. सिंहभूम : सोनुआ के पहाड़ी रास्ते से बम बरामद

## आईईडी को सुरक्षाबलों ने किया निष्क्रिय



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने सोनुआ थाना क्षेत्र में 3 आईईडी बम बरामद किया। जिसे बम निरोधक दस्ते के सहयोग से मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित सोनुआ थाना कुदाबुरु जंगली और पहाड़ी रास्ते में सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए पूर्व में नक्सलियों ने 5 किलोग्राम के 2 और 4 किलो 1 आईईडी को बरामद किया और बाद में उसी जगह विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया। गौरतलब हो कि बीते 10 अक्तूबर से भाकपा माओवादी नक्सली संगठन भाकपा माओवादी नक्सली नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन, कांड़े, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्वनी, अपने रास्ते के सदस्यों के कोल्हान के जंगलों में भ्रमणशील होने पर पुलिस और सीआरपीएफ जवान गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरु, तिलायबेड़ा, बोयपाईससाग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्रों तथा टोटों थाना क्षेत्र के हुसिपी,राजाबासा,तुम्बाहाका, रेंगडा, पाठतोरब, गोबुरु, लुईया एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियों की धरपकड़ के लिए सर्च ऑपरेशन चला रही। इस अभियान में चाईबासा पुलिस के अलावा कोबरा बटालियन 209,203,205 बटालियन के अलावा ,झारखंड जगुआर सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197, 157 ,174, 193 ,134, 26 बटालियन का टीम संयुक्त अभियान में शामिल है।

## दहेज प्रताड़ना के मामले में पति दोषी करार, दो साल सजा, जुर्माना

**दुमका।** दहेज प्रताड़ना के मामले जेएम वन विजय कुमार यादव की न्यायालय ने सोमवार को पति को दोषी करार देते हुए 2 साल सजा एवं जुमार्ना की सजा सुनाया है। अदालत ने दहेज में बाइक की मांग करने व मारपीट के मामले में शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के कालीचुआ निवासी शत्रुघ्न मिर्धा को दो साल की सजा एवं 5 हजार रुपये जुमार्ना किया है। मामले में छह गवाहों की गवाही गुजरी। केस में पैरवी पदाधिकारी एसआई सुधीर ठाकुर थे। पीड़िता का पक्ष सहायक लोक अभियोजक खुशुबद्दीन अली रख रहे थे। जानकारी के अनुसार दर्ज प्राथमिकी में विवाहिता कनकलता मिर्धा ने बताया कि दोनों की शादी हिन्दू रीति-रिवाज से वर्ष 2007 में हुई थी। वर्ष 2013 में दोनों से एक लड़का हुआ। उसके बाद पति द्वारा बाइक के लिए 75 हजार रुपये दहेज की मांग की जाने लगी। इंकार पर आरोपी पति मारपीट करने लगा। प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने न्यायालय में परिवारवाद दायर की। न्यायालय के आदेश पर मामले में शिकारीपाड़ा थाना में 3 मार्च 2016 को मामला दर्ज हुआ। मामले में पुलिस थाना कांड संख्या 31/16 में भादवी की धारा 498(ए),323,3/4के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



चेक प्रदान करते बीडीओ व अन्य

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय के कैलान पंचायत के शिवाजी मैदान में सोमवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, मुखिया सुकनी देवी एवं समाजसेवी रामप्रताप यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस मौके पर जेएसएलपीएस समूह के 12 आजीविका महिला सखी मंडल के बीच चक्रीय निाि के तहत 3 लाख 60 हजार रूपये का चेक प्रदान किया। वहीं 7 लोगों को पेंशन से स्वीति पत्र, पांच छात्राओं को साइकिल के लिए 4500 का चेक, पांच छात्राओं को सावित्रीबाई फुले, 8 लोगों को जब कार्ड दिया गया।

40 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। शिविर में 1338 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि आपके योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गांव गांव और पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है।

शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया।

जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि, 15वें वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए।

मौके पर बीपीओ तहमिद, सीआई विभूति नारायण सिंह, पंचायत सेवक सतीश सिंह, अजीत सिंह, भुनेश्वर सिंह, नीरज कुमार, जयराम, परमानंद ठाकुर, दयानन्द प्रजापति, गणपत राम, पंकज कुमार, शशि कुमार, राकेश रजक, दया शंकर सिंह, सुनील तिवारी, राजमोहन यादव, भीम यादव, सूर्यदेव यादव, अनिल यादव, श्याम विहारी यादव, रिंकी कुमारी, अजीत यादव, नगीना यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के बनियाडीह पंचायत में सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। एस डी ओ राजीव कुमार,बी डी ओ सह सी ओ आलोक वरन केसरी,प्रमुख कुंदन कुमार महतो,मुखिया गीता देवी,पंचायत समिति पति सुबोध यादव,झामुमो अध्यक्ष लंबोदर महतो,गोपाल यादव आदि ने ग्रामीणों से कहा कि सरकार की यह सोच है कि इस



शिविर के माध्यम से प्रत्येक निवासियों को किसी न किसी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराई जाए।जो ग्रामीण जिस योजना के योग्य होंगे उन्हें हर परिस्थिति में योग्यता के आधार पर लाभ मिलेगा।पिछले वर्षों के शिविर और गांव भ्रमण के क्रम में सबसे अधिक वृद्धावस्था पेंशन की मांग की जा रही थी। लेकिन अब लगभग वह समस्या दूर हो चुकी है। अब लगातार आवास की मांग हो रही है। अभी शिविर में प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास के लाभुकों का आवेदन ऑनलाइन किया जा रहा है। जो योग्य होंगे निश्चित रूप से उन्हें आवास मुहैया कराई जाएगी। मनरेगा, राजस्व, आपूर्ति, बाल विकास, जे एस एल पी एस, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पशुपालन, श्रम आदि विभागों के स्टॉल पर कर्मी संबंधित आवेदकों का आवेदन ले रहे हैं। सबों के आवेदन पर सुनवाई की जाएगी। शिविर में कई ग्रामीणों के आवेदन पर सुनवाई करते हुए ऑन द स्पॉट निराकरण भी किया गया। सखी मंडल की 23 सखी मंडल की सदस्या को 57 लाख रुपए का डेमो चेक दिया। 25 सदस्या को परिचय पत्र उपलब्ध कराया गया। एक भी बच्चों का अन्नप्राशन और दो महिला की गोद भराई नहीं की गई। छह छात्रों को 4500 रुपए की दर से डेमो चेक दिया गया। 18छात्रों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया। 148 छात्रों के गुरुजी क्रेडिट कार्ड का आवेदन ऑनलाइन किया गया। गया।120 ग्रामीणों का रक्तचाप मलेरिया, शुगर आदि की जांच की गई। 116 ग्रामीणों को मुफ्त दवाई वितरित की गई। 20ग्रामीणों को ग्रीन कार्ड दिया गया। 20 किसानों ने फल, फूल का पौधा के लिए आवेदन दिया। 28 पशुपालकों को चयन पत्र दिया गया, 80 पशुपालकों को पशु के लिए दवाई दिया गया।

## 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर लालू यादव का आया बयान

**पटना।** दिल्ली में मंगलवार को आइएनडीआइए गठबंधन की बैठक होने वाली है। उससे पहले आरजेडी प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद का बयान सामने आया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोबारा केंद्र में सरकार नहीं बनाने देंगे। आरजेडी प्रमुख ने अपने छोटे बेटे और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले पटना एयरपोर्ट पर संवाददाताओं से कहा कि हम इंडिया ब्लॉक की बैठक के लिए जा रहे हैं और हम किसी भी कीमत पर नरेंद्र मोदी को केंद्र में सरकार बनाने की इजाजत नहीं देंगे।

स्पीड न्यूज

## पीएम आज स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागियों से करेंगे संवाद

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को रात 9:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 के ग्रैंड फिनाले के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्रतिभागियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

## नेपाल के त्रिभुवन विवि ने बनाया कीर्तिमान

**काठमांडू।** नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय ने सोमवार को एक साथ 73 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को दीक्षांत समारोह में शामिल करके नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज कराने का दावा भी पेश किया है।

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**नयी दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर इस घटना की स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग की गयी है। वकील अबू सोहैल ने वकील श्रुति बिष्ट के जरिये दायर याचिका में कहा है कि 13 दिसंबर को हुई इस घटना ने संसद की सुरक्षा की पोल खोल दी है। याचिका में मांग की गयी है कि इस घटना की सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करायी जाये।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। फिलहाल किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। श्रीनगर, पुंछ, किश्तवाड़, कारगिल समेत दोनों प्रदेशों के कई हिस्सों में भूकंप के झटके लगे हैं।

## अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने अपने मुख्यालय में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक दिवस मनाया। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के अल्पसंख्यक छात्र विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत में अल्पसंख्यक आबादी बढ़ रही है। इसके विपरीत हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में उसकी स्थापना के समय 22 प्रतिशत से अधिक अल्पसंख्यक आबादी वहां पर रहती थी, लेकिन अब वहां पर मात्र 4 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी सिमट कर रह गयी है। बांग्लादेश में भी 22 प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी थी, लेकिन अब मात्र साढ़े नौ प्रतिशत इस समय मौजूद है।

# श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आयेंगे 50 परंपराओं के संतों समेत 13 अखाड़ों के प्रमुख

### 16 जनवरी से शुरू होगा पूजन



**अयोध्या (हि. स.)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने सोमवार को ट्रस्ट के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के रामघाट पत्थर कार्यशाला स्थित संवाद केंद्र में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान के नवीन मंदिर के लिए 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन प्रारम्भ होगा। यह 22 जनवरी यानी प्राण प्रतिष्ठा तक चलेगा। उसके बाद 24 जनवरी से 48 दिनों का उत्तर भारत की परंपरा के अनुसार मंडल पूजन होगा। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी से आमजन रामलला के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जहां भगवान विराजमान हैं, वहां दर्शन पूजन बंद करने पर विचार चल रहा है। ताकि, भीतरी कार्य अतिशीघ्र पूरे हो सकें।

उन्होंने बताया कि आगामी 15 जनवरी तक ट्रस्ट की ओर से की जा रहीं सभी तैयारियां पूरी हो जायेंगी। कहा कि समारोह में विभिन्न प्रदेशों के 150 परंपराओं के साधु-संतों समेत 13 अखाड़े और छह दर्शन परंपरा के शंकराचार्य आदि शामिल होंगे। करीब चार हजार संतों को आमंत्रित किया गया है । इसके अलावा 2200 गृहस्थों को भी निमंत्रण दिया गया है। ट्रस्ट महासचिव राय ने कहा कि काशी विश्वनाथ, वैष्णोदेवी जैसे प्रमुख मंदिरों के प्रमुखों, धार्मिक व संवैधानिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा, केरल की अम्मा, योग गुरु बाबा रामदेव समेत सिने स्टार रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, माधुरी दीक्षित, अरुण गोविल, निर्देशक मधुर भंडारकर समेत प्रमुख उद्योगपतियों में अनिल अंबानी, मुकेश अंबानी, रतन टाटा के पुत्र, प्रख्यात चित्रकार वासुदेव कामत, इसरो निदेशक नीलेश देसाई समेत तमाम विशिष्ट हस्तियां समारोह की साझी होंगी। उन्होंने बताया कि अयोध्या के तीन से अधिक स्थानों पर अतिथियों के ठहरने के उचित प्रबंध किये गये हैं। ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बताया कि स्वास्थ्य और आयु कारणों से पूर्व गृह मंत्री लाल कृष्ण आडवाणी और वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी नहीं आ रहे हैं। दोनों परिवार के बुजुर्ग हैं और उनकी आयु देखते हुए न आने का निवेदन किया गया, जिसे दोनों महानुभावों ने स्वीकार किया है।

## राममंदिर में लग रहा मकराना का संगमरमर

**एजेंसी**



**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अयोध्या में होने जा रहा है। राम मंदिर निर्माण में एक पत्थर इस्तेमाल हो रहा है, जो मकराना पत्थर कहा जाता है। ज्ञात हो कि मकराना के इस पत्थर का इस्तेमाल दुनिया के सात अजूबों में से एक ताजमहल में भी हुआ था।

मकराना के पत्थर को मकराना मार्बल कहते हैं। मकराना का संगमरमर बाकी सारी मार्बल से बेहतर क्वालिटी और बेहतर रंग का होता है। राजस्थान के डीडवाना जिले में मकराना क्षेत्र पड़ता है, वहां यह पत्थर पाया जाता है। सामान्य मकराना संगमरमर की कीमत 80 रुपये से लेकर 1500 रुपये प्रति स्क्वायर फीट तक होती है। मकराना संगमरमर को दुनिया की सबसे बेहतरीन क्वालिटी की संगमरमर माना गया है। इसकी चमक और इसकी गुणवत्ता दुनिया भर में प्रसिद्ध है। संगमरमर के लिए इससे बेहतरीन पत्थर पूरी दुनिया में उपलब्ध नहीं है।

# भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनाया : नरेंद्र मोदी

## पीएम ने स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रथम चरण के निर्माण का किया लोकार्पण



**वाराणसी (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को चौबेपुर उमरहा स्थित सात मंजिल स्वर्वेद महामंदिर धाम के प्रथम चरण के निर्माण का लोकार्पण किया। विहंगम योग संत समाज के 100वें वार्षिकोत्सव समारोह में भाग लेने आये प्रधानमंत्री ने विहंगम योग के प्रणेता सदाफल देव महाराज की 135 फीट ऊंची मूर्ति की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने संतों के साथ मंदिर परिसर में भ्रमण भी किया और इसके बारे में जानकारी ली।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वर्वेद मंदिर भारत के सामाजिक और आध्यात्मिक सामर्थ्य का एक आधुनिक प्रतीक है। मंदिर की दीवारों पर स्वर्वेद को बड़ी सुंदरता के साथ अंकित किया गया है। वेद, उपनिषद, रामायण, गीता और महाभारत आदि ग्रन्थों के दिव्य संदेश भी इसमें चित्रों के जरिये उकेरे गये हैं। मंदिर एक तरह से अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि संतों के सानिध्य में काशी के लोगों ने मिलकर विकास और नवनिर्माण के कितने ही नए कीर्तिमान गढ़े हैं। सरकार, समाज और संतगण सब साथ मिलकर काशी के कायाकल्प के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद मंदिर बनकर तैयार होना, इसी ईश्वरीय प्रेरणा का उदाहरण है। इस मंदिर की दिव्यता जितना आकर्षित करती है, इसकी भव्यता उतना ही अचंभित भी करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां 25 हजार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी और विश्वास है कि इस महायज्ञ की हर एक आहूति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा।

मोदी ने स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन के बाद संबोधन की शुरुआत दोहे के साथ की। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जो सदियों तक विश्व के लिए आर्थिक समृद्धि और भौतिक विकास का उदाहरण रहा है। भारत ने कभी भौतिक उन्नति को भौगोलिक विस्तार और शोषण का माध्यम नहीं बनने दिया। भौतिक प्रगति के लिए भी हमने आध्यात्मिक और मानवीय प्रतीकों की रचना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति को निशाना बनाया गया। देश अपनी विरासत पर गर्व करना भूल गया था। अब समय का चक्र बदल गया है। देश अब गुलामी की सोच से मुक्त हो रहा है। गुलामी के कालखंड में अत्याचार हुआ। देश आधुनिकता में भी तेजी से बढ़ रहा है।

### पहले लोगों को सरकार के पास जाना पड़ता था, अब सरकार खुद गरीबों के पास जा रही : नरेंद्र मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मॉडल ब्लाक सेवापुरी बरकी में आयोजित विशाल जनसभा में वाराणसी सहित पूरे प्रदेश को 19,150 करोड़ की 37 परियोजनाओं की सौगात दी। जनसभा में प्रधानमंत्री ने बनारस रेल इंजन कारखाना में निर्मित 10 हजारवें रेल इंजन को राष्ट्र को समर्पित कर वंदेभारत एक्सप्रेस, इंदारा-दोहरीघाट मेमू और डीएफसी पर चलने वाली दो मालगाड़ियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जनसभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने काशी सांसद खेल प्रतियोगिता 2023 के प्रतिभागियों और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी किया, प्रतिभागियों के लाइव खेल कार्यक्रम देखे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन्हें योजनाओं का लाभ मिला है, उन्हें ये विश्वास हुआ है कि उनका जीवन अब और बेहतर होगा। पहले लोगों को सरकार के पास जाना पड़ता था, अब सरकार खुद गरीबों के पास जा रही है।

# आइएनडीआइए की बैठक से पहले केजरीवाल से मिलीं ममता बनर्जी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आइएनडीआइए की अगली बैठक के लिए दिल्ली में विभिन्न दलों के नेता पहुंचने लगे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी रविवार को गठबंधन की बैठक के लिए दिल्ली पहुंच गयी थीं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर सोमवार को मुलाकात की। ममता बनर्जी की केजरीवाल से यह मुलाकात बेहद अहम मानी जा रही है। बता दें कि मंगलवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक होनी है। इस बैठक में सीट बंटवारे से लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आइएनडीआइए के प्रधानमंत्री उम्मीदवार का फैसला 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद किया जायेगा। दरअसल, विपक्षी गठबंधन की बैठक में भाग लेने के लिए ममता बनर्जी तीन दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगी।

ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में सीटों के बंटवारे के सवाल पर पत्रकारों से कहा, किसी को बिल्ली के गले में घंटी बांधनी चाहिए। अगर उनके पास वास्तविक चीजें हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है। लेकिन, पश्चिम बंगाल में, उनके पास है केवल दो सीटें। मैं बातचीत और चर्चा के लिए तैयार हूं।

# केंद्र ने कोविड 19 को लेकर राज्यों को जारी किया परामर्श



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने हाल ही में कोविड 19 संक्रमण में हुई वृद्धि और इसके एक नये वेरिएंट जेएन-1 का देश में एक मामला आने पर राज्यों को परामर्श जारी किया है। राज्यों से अपने यहां कोविड 19 की स्थिति पर लगातार नजर बनाये रखने और नियमित तौर पर जिला स्तर की स्थिति को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी परामर्श में राज्यों से कहा गया है कि पर्याप्त संख्या में आरटीपीसीआर टेस्ट होने चाहिए और पॉजिटिव मामलों की जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए उन्हें भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आइएनएसएसीओजी) प्रयोगशाला में भेजना चाहिए।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस संबंध में पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने इस बात को रेखांकित किया है कि राज्य और केंद्र सरकार के बीच लगातार सहयोग के चलते कोविड 19 के प्रसार की दर लगातार कम बनी हुई है। लेकिन, कोविड 19 वायरस का प्रसार जारी है और इसका व्यवहार, भारतीय मौसम की स्थिति और अन्य सामान्य रोगों के प्रसार के चलते सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बना हुआ है। इससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए गति बनाये रखना बहुत जरूरी है।

# डाकघर विधेयक-2023 को मिली संसद की मंजूरी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा ने सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 पारित कर दिया। राज्यसभा से इस विधेयक को पहले ही पारित किया जा चुका है। इसके साथ ही विधेयक को अब संसद की मंजूरी मिल गयी है।

संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि डाक विभाग अंत्योदय की अवधारणा को पूरा करने की दिशा में सराहनीय काम कर रहा है। अब इसकी भूमिका बदल गयी है और उसके अनुसार बदलाव भी आवश्यक हैं। डाक विभाग अब बैंकिंग और अन्य सेवायें प्रदान कर रहा है। विधेयक में बदलाव इस दिशा में सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में डाक सेवाएं, डाकघर और डाकिये केवल पत्राचार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सेवा मुहैया कराने वाले संस्थान में बदल गये हैं। इन सालों में डाकघर एक तरह से बैंक बन गये हैं।

विधेयक को पारित किये जाने के दौरान शोर-शराबा होता रहा। बीच में कार्यवाही स्थगित की गयी। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधेयक के अनुसार नये अधिनियम देश में डाकघरों के कामकाज को नियंत्रित करने और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के वितरण के लिए डाकघरों को एक नेटवर्क में विकसित करने की सुविधा के लिए एक सरल विधायी ढांचा प्रदान करने की दृष्टि से लाया गया है।

### संसद का शीतकालीन सत्र

#### जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) संसद से पारित

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 को संसद से मंजूरी मिल गयी। राज्यसभा में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को दोनों विधेयक पर चर्चा और पास करने के लिए सदन में प्रस्तुत किया।

#### सांसदों का निलंबन संविधान और लोकतंत्र पर हमला : खड़गे

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि 47 सांसदों को निलंबित कर मोदी सरकार ने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को तार-तार कर दिया है। खड़गे ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि पहले संसद में घुसपैठ और अब मोदी सरकार ने 47 सांसदों को निलंबित कर संसद और लोकतंत्र पर हमला किया है। यह सरकार संसद को विपक्ष विहीन करने की दिशा में काम कर रही है, जिससे वह लंबित विधेयकों को बिना चर्चा के संसद के दोनों सदन से पास करवा ले।

#### विपक्ष न करे राजनीति : राम कृपाल

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद राम कृपाल यादव ने कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंध के मुद्दे पर विपक्ष को राजनीति नहीं करनी चाहिए। यादव ने सोमवार को संसद भवन परिसर में हिंदुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए कहा कि संसद में इससे पहले भी सुरक्षा में चूक के मामले आये हैं।

# कांग्रेस ने की जनसहयोग से धन जुटाने के अभियान 'डोनेट फॉर देश' की शुरुआत

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को जनसहयोग से धन जुटाने के अभियान डोनेट फॉर देश की शुरुआत की। उन्होंने 1.38 लाख रुपये स्वयं इसमें दान किये। अभियान की शुरुआत कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के आवास 10 राजाजी मार्ग, नयी दिल्ली से शुरू की गयी। इस दौरान कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, पार्टी महासचिव नेता के.सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश और कई अन्य पार्टी नेता मौजूद थे।

## पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को जमानत मिली

**रावलपिंडी।** रावलपिंडी की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार पूर्व संघीय मंत्री फवाद चौधरी को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत ने पूर्व मंत्री को रिहा करने और दो लाख रुपये का जमानत बांड जमा करने का आदेश दिया। पाकिस्तान के समाचार चैनल जिओ न्यूज के अनुसार फवाद चौधरी के भाई और वकील फैसल चौधरी ने पत्रकारों को कहा कि उनके भाई फवाद अगले साल आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ेंगे।

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-29, दिनांक 15.12.2023:** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (1) मुरी में स्टेशन के विकास हेतु 3 अदद प्लेटफॉर्म लाइन पर बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान। (2) रांची में स्टेशन के विकास हेतु 6 अदद प्लेटफॉर्म लाइन नं. 1, 1ए, 2, 3, 4 एवं 5 पर बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान। (3) हटिया स्टेशन में स्टेशन के विकास हेतु 5 अदद प्लेटफॉर्म लाइन (4 एवं 5 निर्माणाधीन फेज-II सहित) पर बैलास्ट रहित ट्रैक का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 10,13,572.67। **ईएमडी/बोली सुरक्षा:** रु. 20,300; **बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.01.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होने चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। (PR-936)

## जब भारत में इतनी सुंदरता है, तो लोग क्यों जाते हैं विदेश : भाग्यश्री



**श्रीनगर (हि.स.)।** अभिनेत्री भाग्यश्री ने सोमवार को कहा कि कश्मीर शांत और सुंदर है और उन्हें आश्चर्य होता है कि जब भारत में इतनी सुंदरता है, तो लोग विदेश क्यों जाते हैं। अपनी पहली फिल्म मैंने प्यार किया से प्रसिद्धि पाने वाली 54 वर्षीय अभिनेत्री भाग्यश्री इस समय अपने निजी दौरे पर कश्मीर में हैं। उन्होंने अनंतनाग जिले के एक पर्यटक रिसॉर्ट में संवाददाताओं के सामने कहा कि बहुत सारे पर्यटक घाटी की यात्रा करना चाहते हैं, लेकिन डरते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी मैं यहां आती हूं, तो मुझे अमीर खुसरो का दोहा याद आता है कि अगर धरती पर स्वर्ग है, तो वह यहीं है, वह यहीं है, वह यहीं है। कश्मीर में निजी दौरे पर आयीं भाग्यश्री ने कहा कि अपने जीवनकाल में कश्मीर जाना न भूलें। यहां इतना शांत और सुंदर माहौल है कि मुझे समझ नहीं आता कि लोग स्विट्जरलैंड या यूरोप क्यों जाते हैं। जब हमारे ही देश में इतनी सुंदरता है, तो कहीं और क्यों जाएं? भाग्यश्री ने कहा कि यहां के लोग कहते हैं कि कश्मीर एक मिनी-स्विट्ज़रलैंड है, लेकिन मैं कहती हूं कि स्विट्ज़रलैंड एक मिनी-कश्मीर है। यहां आपको आत्मिक शांति का अनुभव होता है। लोग इतने अच्छे हैं कि आपको कभी कोई समस्या नहीं होगी। अभिनेत्री ने कश्मीरी व्यंजनों और आतिथ्य की भी प्रशंसा की और कहा कि खाना बहुत स्वादिष्ट है और लोग गुड़ की तरह मीठे हैं।

# चीनी का उत्पादन 11 फीसदी गिरा



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में एक अक्टूबर से 15 दिसंबर के दौरान चीनी का उत्पादन 74.05 लाख टन रहा है। पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में 82.95 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। सालाना आधार पर चीनी के उत्पादन में 11 फीसदी की गिरावट आयी है। हालांकि, चालू चीनी मिलों की संख्या सालाना आधार पर 497 ही है।

चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोशिएशन (इस्मा) ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी का उत्पादन सालाना आधार पर 11 फीसदी घटकर 74.05 लाख टन रहा है, जो पिछले चीनी विपणन वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था। इस्मा ने इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का कम उत्पादन बताया है।

इस्मा के मुताबिक चालू चीनी विपणन वर्ष में महाराष्ट्र और कर्नाटक की चीनी मिल में पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद काम शुरू हुआ। आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में 33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन रहा है। इसी तरह कर्नाटक में उत्पादन 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन हो गया है।

### वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी का नौवां दौर कल से

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी का नौवां दौर 20 दिसंबर को शुरू करेगी। इसमें बोलीदाताओं को 26 कोयला ब्लॉक की पेशकश की जायेगी। कोयला मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी का नौवां दौर 20 दिसंबर से शुरू करने को तैयार है। इस अवसर पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी मुख्य अतिथि और रेलवे, कोयला एवं खान राज्यमंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे सम्मानित अतिथि होंगे। मंत्रालय के मुताबिक नीलाम की जाने वाली 26 कोयला खदानें चार राज्यों छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश और तेलंगाना में हैं।

## मुनाफावसूली के दबाव में लुढ़का शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को मुनाफावसूली का दबाव नजर आया। इस वजह से दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती नजर आयी, जिसके कारण निवेशकों को दिन भर के कारोबार के बाद 85 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक का मुनाफा हो गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.24 प्रतिशत और निफ्टी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 168.66 अंक टूट कर 71,315.09 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 38 अंक की कमजोरी के साथ 21,418.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज पूरे दिन के कारोबार के दौरान फार्मास्यूटिकल, टेली कम्युनिकेशंस, कैपिटल गुड्स और सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक तेजी बनी रही।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# खाने के तुरंत बाद पानी पीने से परेशानी



## डायबिटीज का कारण बन सकती है यह आदत

अक्सर बड़े बुजुर्ग आपको खाना खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीने की सलाह देते होंगे। हममें से अधिकतर लोगों की आदत होती है खाना खाया और हाथ मुंह धोने के तुरंत बाद पानी पी लिया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि ऐसा करना डायबिटीज का भी कारण बन सकता है। हम सोचते हैं कि आखिर क्यों खाने के तुरंत बाद पानी पीने से मना किया जाता है। हम आपको बताते हैं कि खाने के तुरंत बाद पानी पीने से कौन सी समस्याएं हो सकती हैः

घर के बुजुर्ग भी आपको बता सकते हैं कि आयुर्वेद में भी खाने के तुरंत बाद पानी पीने से मना किया गया है। आयुर्वेद के अनुसार जो भी हम खाते हैं वह नाभि के उल्टी तरफ मौजूद जठराग्नि में जाकर पचता है और जठराग्नि खाना खाने के एक घंटे तक सक्रिय रहती है। क्षुधा अग्नि के कारण हमें भूख लगती है और जठराग्नि से भोजन पचता है। ऐसे में खाने के तुरंत बाद पानी पीने से जठराग्नि शांत हो जाती है और खाना पचने में परेशानी होती है।

### क्या है कारण

अगर आप खाना खाने के बाद ऊपर से पानी पी लेते हैं तो पाचन में समस्या आती है। इसलिए आयुर्वेद कहता है कि खाना खाने के एक घंटे तक तक पानी नहीं पीना चाहिए। वहीं घर के बुजुर्ग भी कम से कम आधे घंटे का अंतर रखने की सलाह देते हैं।

### शरीर को दें समय

खाने में मौजूद प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों के अवशोषण के लिए शरीर को समय देना चाहिए। खाने के तुरंत बाद पानी पी लेने से इस प्रक्रिया पर असर पड़ता है। इसलिए खाना खाने के करीब 30 मिनट तक पानी नहीं पीने की सलाह दी जाती है।

न्यूट्रिशनिस्ट बताते हैं कि हम जो खाना खाते हैं, उसे पचने में करीब दो घंटे लगते हैं। खाना हमारी ग्रासनली से होकर पेट तक जाता है और मल के रूप में बाहर निलकने से पहले आंत तक जाता है। इस दौरान पेट में बनने वाले तरल पाचन क्रिया में मदद करते हैं। खाना और पानी में अंतर नहीं रखने से यह प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### गैस ओर एसिडिटी की समस्या

चिकित्सक बताते हैं कि खाने के तुरंत बाद पानी पीने के कारण गैस और एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने से शरीर का तापमान भी प्रभावित होता है। इसलिए डॉक्टर खाना खाने के 30 मिनट तक पानी नहीं पीने की सलाह देते हैं।

### डायबिटीज होने के भी खतरे

खाने के तुरंत बाद पानी पीने से पाचन क्रिया में रुकावट होती है। ऐसे में भोजन की काफी मात्रा पेट में छूट जाने से गलूकोज बनता रहता है, जो कि फैट में बदल जाता है। इस प्रक्रिया से आपको गैर जरूरी इंसुलिन बनने लगती है, जो ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित कर सकती है और डायबिटीज जैसी परेशानी भी पैदा कर सकती है।

### मीठा खाने के बाद पानी पीना खतरनाक

विशेषज्ञ ये भी बताते हैं कि यदि आप मीठा खाने के तुरंत बाद पानी पी लेते हैं तो आप अचानक से अपने ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा रहे हैं। इससे डायबिटीज होने की संभावना बढ़ जाती है। पानी ही शुगर लेवल बढ़ाने का काम करता है। अगर पानी न पिया जाए तो शुगर लेवल मेंटेन रह सकती है।

# डीहाइड्रेशन की वजह से होती है झुर्रियां



गर्दन और चेहरे पर झुर्रियां डीहाइड्रेशन की वजह से होती है। ज्यादातर यह समयस्या बढती उम्र में होती लोगों में होती है लेकिन कुछ लोग कम उम्र में इस समस्या से परेशान हो जाते है। झुर्रियां पड़ने पर त्वचा उम्र दराज सी दिखने लगती है। ऐसे में आप बहुत से प्रॉड्क्ट का इस्तेमाल करते है, जिनके कई साइड-इफैक्ट भी होते है। आप चाहे तो कुछ घरेलू तरीके अपनाकर भी गर्दन और चेहरे की झुर्रियों से छुटकारा पा सकते है।

### 1. कैस्टर ऑयल

कैस्टर ऑयल में बहुत सारे पोषक तत्व होते है। यह त्वचा को हाइड्रेट कर उसे मुलायम बनात है। इसको गर्दन पर लगाकर मसाज करने से झुर्रियां गायब हो जाती है।

### 2. पैट्रोलियम जैली

पैट्रोलियम जैली के झुर्रियों वाली त्वचा पर लगाने से मदद मिलती है। झुर्रियां धीरे-धीरे मिटने लगती है।

### 3. विटामिन ई तेल

कम उम्र में ही झुर्रियों की समस्या होने पर विटामिन ई का तेल लगाएं और अच्छे से मसाज करें। गर्दन की झुर्रियां मिट जाएंगी।

### 4. नारियल तेल

रात को सोने से पहले गर्दन पर रोज नारियल तेल से मालिश करें, इससे झुर्रियां कम होगी।

### 5. बादाम तेल

बादाम के तेल में विटामिन ई होता है जो त्वचा को अंदर से पोषण पहुंचाता है और झुर्रियों की समस्या को ठीक करता है।

# सर्दी के दिनों में दिल को स्वस्थ्य रखने के लिए करें वर्क आउट

जीवन को लंबा बनाए रखने के लिए दिल को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। नियमित व्यायाम के साथ सही डाइट के द्वारा दिल को सेहतमंद रखा जा सकता है। आप चाहे जितना भी वर्कआउट कर लें लेकिन बिना सही डाइट के आपका वर्कआउट कोई फायदा नहीं दिला सकता है। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप सही डाइट प्लान को फॉलो करें। दिल को स्वस्थ रखने में अच्छी डाइट का महत्वपूर्ण रोल है। कुछ ऐसे सुपरफूड्स हैं जिनका सर्दियों में सेवन करना दिल के स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है।



### विटामिन सी से भरपूर भोजन

दिल को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन सी युक्त खाना जैसे संतरा, नींबू और आंवला आदि को अपने आहार में शामिल करें। अपनी एंटी-ऑक्सीडेंट गुण के कारण यह साबित हो चुका है कि विटामिन सी दिल की बीमारियों को कम करने में मददगार है।

### ओट्स

फाइबर के गुणों से भरपूर ओट्स कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से आंत के ट्रांजिट टाइम में वृद्धि होती है और ग्लूकोज का अवशोषण कम होता है। ओट्स में बीटा ग्लूकन पाया जाता है, जो फैट कम करने में सहायक होता है। ओट्स को आप चपाती के रूप में भी अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

### नट्स

विटामिन ई से परिपूर्ण बादाम और अखरोट दिल के लिए बहुत ही अच्छे होते हैं। यह नट्स एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। साथ ही, इन मट्स में ओमेगा3 फैटी एसिड पाया जाता है।

### प्रोटीन

सोय और टोफू प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, मिनरल्स और पोली-अनसैचुरेटिड फैट से भरपूर होता है, जो कि दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। सोय बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी सहायक है।

### एंटी-ऑक्सीडेंट

एंथोसायनिन से भरपूर ब्लूबेरीज एक प्रभावी एंटी-ऑक्सीडेंट है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है।

# गुणकारी अमरूद

फलों को सेहत के लिए शुरू से ही माना गया है लेकिन अमरूद एक ऐसा फल है जिसके फायदे ही फायदे है। इसके सेवन से न जाने कितनी बीमारियों का इलाज हम घर बैठे ही आसानी से कर सकते है। इसके पेड़ लोग अपने घरों में भी लगाते है। यह बाजार में दुकानों पर भी आसानी से मिल जाता है।



### 1.पेट ठीक करने में सहायक

इसकी तासीर ठंडी होती है,ये पेट की बहुत सी बीमारियां जैसे अपच,गैस आदि में वरदान सिद्द होता है।

### 2.कैंसर से बचाव

अमरूद के सेवन से कैंसर के सेल्स मर जाते है। अमरूद खाने से ब्रैस्ट कैंसर, स्किन कैंसर और यहां तक की फेफड़ों के कैंसर से भी बचा जा सकता है।

### 3.झुर्रियों को खत्म करता

त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों को रोकने के लिए रोजाना एक अमरूद खाना चाहिए।इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ए त्वचा पर ग्लो लाता है।4.काले घेरे की समस्या से निजात

अमरूद की पत्तियों को पीसकर उसका पेस्ट बनाकर आंखों के नीचे लगाने से काले घेरे और सूजन कम हो जाती है।

### 5.विटामिन सी का स्त्रोत

अमरूद में विटामिन सी पाया जाता है।एक दिन में दो बार अमरूद खाने से विटामिन सी की कमी दूर होती है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ. जाती है।

### 6.पेट के कीड़े

बच्चों के पेट में कीड़े हो गए हों तो अमरूद का सेवन बहुत लाभ देता है।

### 7.कैल्शिम

अमरूद में कैल्शियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है।इसको रोज खाने से हड्डियां मजबूत होती है।

### 8.एलर्जी दूर करे

अमरूद की पत्तियों का रस किसी भी प्रकार की एलर्जी को दूर कर सकता है। यह एलर्जी पैदा करने वाली वायरस को खतम करता है।

# मोटापा से बचाये आसान

बदलते लाइफस्टाइल और खानपान के कारण आज हर 5 में से 3 व्यक्ति मोटापे का शिकार है। ऐसे में हर कोई स्लिम बॉडी पाने की चाहत रखता है। बॉडी को स्लिम करने के लिए लड़कियां ज्यादा मेहनत करती है, जिसके लिए वह तरह-तरह के उपाय और जिम जाकर एक्सरसाइज करती है लेकिन आप चाहे तो योग करके शरीर की अधिक चर्बी को कम और शरीर को लचीला बना सकते है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही योगासन के बारे में बताएंगे, जिन्हें करके आप आसानी से स्लिम बॉडी पा सकती है।

### 1. भुजंगासन

इस योगासन से पेट की चर्बी कम , कमर पतली और कंधे चौड़े, बाजू मजबूत होती हैं। इसको करने के लिए पहले पेट के बल लेट जाएं और दोनों हाथों को सिर के नीचे रखें। अब माथे को सामने वाली दिशा में उठाएं और दोनों बाजूओं को कंधो के समानांतर रखें। शरीर को स्ट्रेच करें और लंबी सांस लें।

### 2. पश्चिमोत्तानासन

यह योग सई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को दूर करता है और शरीर को लचीला बनाता है साथ ही अत्यधिक चर्बी को कम करने में मदद करता है। सीधे बैठकर दोनों पैरों को फैलाकर सीध में रख लें। अब हाथों को ऊपर की ओर उठाते हुए झुककर पैरों के अंगूठों को पकड़े। घूटने मूड़ने न पाएं।

### 3. पूर्वोत्तानासन

शरीर के निचले भाग और बाजुओं को सुडौल बनाने के लिए आसन है। पैरों को सामने की ओर फैलाकर रखें। फिर पंजे को आपस में जोडें और रीढ.की हड्डी को सीधा रखें। अब हाथों को नीचे जमीन पर टीकाकर कमर को ऊपर की ओर उठाएं।

### 4. बालासन

इस आसन में बच्चों की तरह पोज बनाया जाता है। पहले घुटनों के बल बैठें और फिर हाथों को ऊपर उठाये और धीर-धीरे आगे की तरफ झुकते हुए हथेलियों को जमीन से लगाए।

# सर्दियों में जरूर खायें मूंगफली



सर्दियों में मूंगफली खाना सभी पसंद करते है। इससे टाइम भी पास होता रहता है। मूंगफली स्वाद में जितनी अच्छी है सेहत के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है। जी हां, मूंगफली खाने से बहुत से लाभ मिलते है।

### मूंगफली खाने से मिलते है ये स्वास्थ्य लाभ

- मूंगफली में कैलोरी की मात्रा कम होती है। इसका सेवन करने से मोटापा नहीं बढ्ता है साथ ही भूख भी मिट जाती है।
- इसके सेवन से शरीर का कॉलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल रहता है। मूंगफली में मौजूद मोनो-सैचुरेटेड फैटी एसिड ह्लदय संबंधी रोगों को खत्म करने का काम करता है।
- मूंगफली एंटी-ऑक्सीडेंट और ट्रिप्टोफेन गुण काफी मात्रा में मौजूद होते है, जो तनाव की समस्या को दूर करते है। इसलिए रोजाना मूंगफली का सेवन करें।
- गर्भवती महिला के लिए मूंगफली काफी फायदेमंद होती है। इसमें मौजूद फॉलिक एसिड शिशु में होने वाले न्यूरल ट्यूब डीफेक्ट का खतरा कम करता है।
- इतना ही नहीं, मूंगफली के सेवन से त्वचा में ग्लो आता है। इसमें मिले मोनो-सैचुरेटेड एसिड और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण स्किन को नमी देते है। साथ ही त्वचा निखरती है।
- डायबिटीज के मरीजों के लिए मूंगफली काफी फायदेमंद है। इसमें मौजूद मैग्नेशियम रक्त में शुगर लेवल को कंट्रोल करता है।
- मूंगफली में विटामिन ए भरपूर मात्रा होती है, जिससे बाल लंबे और घने होते है। इसलिए रोजाना मूंगफली का सेवन करें।
- मूंगफली से मिलने वाले प्रोटीन शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण करते है और हड्डियों को मजबूत बनाते है।

# ऊर्जा से परिपूर्ण रखेगा यह आहार

पूरे दिन ऊर्जा से परिपूर्ण रहने के लिए सुबह में पौष्टिक नाश्ता करना चाहिए। इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि आप जो भी आहार ले रहे हैं उसमें प्रोटीन की भरपूर मात्रा होनी चाहिए। आज हम कुछ ऐसी खाने की चीजों के बारे में बताएंगे जो कई बीमारियों जैसे वजन घटाने में, कोलेस्ट्रोल को बेहतर करने में, आंखों की रोशनी के लिए, पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद हो सकती हैं। सुबह में पौष्टिक नाश्ता इसलिए करना जरूरी होता है क्योंकि हमारा पेट लंबे समय से खाली रहता है। शरीर के आंतरिक अंगों को लंबे समय के आराम के बाद भरपूर मात्रा में ऊर्जा की जरूरत होती है। इसलिए आपको खाली पेट खाने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में पता होना चाहिए।

### पपीता

फाइबर के गुणों से भरपूर पपीता वजन घटाने में अहम भूमिका निभाता है। वजन को नियंत्रित रखने के साथ-साथ पपीता बढे. वजन को भी कम करता है। यह एर बेहतरीन फल है जो पूरे शरीर के विषाक्त पदार्थों को साफ कर देता है। पपीता के सेवन से खराब कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है और ह्लदय संबंधित रोग भी दूर होते हैं।

### एलोवेरा

कई लोगों को पेट संबंधित समस्या रहती है या पेट साफ नहीं होता है। ऐसे लोगों को खाली पेट एलोवेरा जूस का सेवन करना चाहिए। पानी के साथ मिलाकर इस जूस का सेवन करने से पेट की सफाई हो जाती है। इतना ही नहीं एलोवेरा जूस के सेवन से कब्ज संबंधित समस्या भी दूर हो जाती है।

### गुनगुने पानी के साथ शहद

सुबह के समय, गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद डालकर पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक होता है। यह बहुत सारे मिनरल्स, विटामिन, फ्लेवोनोइड और एंजाइम प्रदान करेगा जो आपके पेट को साफ और स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक हैं।

इसके अलावा, यदि आप गर्म शहद पानी पीते हैं तो यह आपके मेटाबॉलिज्म को बढावा देगा और आपको वजन कम करने में भी मदद करेगा।

# सोया प्रकृति से वरदान के रूप मे मिला है

सोयाबीन एक ऐसा शाकाहारी भोजन है जिसमें मांसाहार से भी ज्यादा प्रोटीन और पौषक तत्व पाए जाते है। लोग इसे खाने के लिए तरह तरह से उपयोग में लाते है। सोया प्रकृति से वरदान के रूप मे मिला है।सोयाबीन खाने से आप खूबसूरत दिख सकते हैं।इसमें कैलिशयम,ओमेगा झ 6, ओमेगा -3,फाइबर जैसे तत्व मौजूद होते है जिससे शरीर की कितनी ही बीमारियों का इलाज संभव है।जो लोग बराबर सोयाबीन का सेवन करते है वे लोग जल्द बूढ़ा नही होते है।इसमें विटामिन बी कम्पलैक्स और विटामिन ई भी काफी मात्रा में पाया जाता है जो शरीर निर्माण में अमिनो ऐसिड प्रदान करते है। ये हमारे शरीर की जरूरतों को पूरा करके उसे उर्जा देने के लिए बहुत लाभदायक सिद्ध होता है।

### सोयाबीन खाने से होने वाले स्वास्थ लाभ

1.दिल के रोगों में फायदेमंद

सोयाबीन खून में कोलेस्ट्रोल की मात्रा को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इसलिए यह दिल के रोगियों के लिए लाभदायक है।

**2.उच्चरक्तचाप**

सिर्फ आधा कप रोस्टेड सोयाबीन रोज 8 हफ्तों तक खाने से ब्लैड प्रैशर कंट्रोल हो जाता है।

**3.त्वचा संबंधी रोगों में लाभकारी**

ये शरीर के खून को साफ करता है। एनीमिया से बचने के लिए भी सोयाबीन का उपयोग कर सकते है।

**4.डिप्रेशन कम करें**

सोयाबीन खाने से मेमोरी पावर बढ्ती है और तनाव व चिड़चिड़ापन खत्म हो जाता है, जिससे मन शांत रहता है।

**5.हड्डियों को मजबूत करें**

इसके लगातार प्रयोग से हड्डियों की कमजोऱी दूर होती है जिससे अस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी का खतरा नहीं रहता।

**6.कैंसर रोकने में सहायक**

इसमें भरपूर मात्रा में कैंसर प्रतिरोधक क्षमता पाई जाती है जिससे स्तन व प्रोस्टेट कैंसर काफी हद तक रोका जा सकता है।महिलाओं में 45 वर्ष की आयु के बाद मेनोपोज की समस्या से आने वाले बदलावों को भी काफी कम करता है।



**7.प्रोटीन**

शरीर के लिए प्रोटीन की बहुत आवश्यकता होती है और सोयाबीन दूध में अंडा, मांस , मछली से कहीं अधिक ज्यादा प्रोटीन होता है। सोयाबीन में शरीर को ताकत देने वाले जरूरी रसायन मौजूद होते हैं जिससे हमारे दिमाग, फेफड़े,दिल,नाखून, बाल आदि मजबूत होते है।

**8.विभिन्न प्रकार से उपयोग**

अलग-अलग वर्गों के लोग सोयाबीन का सेवन अुपने- अपने तरीके से करते हैं। जैसे कुछ लोग सोयाबीन का दूध का उपयोग करते हैं तो कुछ लोग सोयाबीन के पनीर की सब्जी बनाकर खाते हैं या सोयाबीन के पनीर को रुखा ही खाते हैं। अभी इस समय सभी जगह पर सोयाबीन के तेल का उपयोग भी काफी मात्रा में होता है। अगर आपको रात में अच्छी नींद नहीं आती है तो आपका दिन भी तनाव से भरा रहेगा। कई बार ऐसा होता है कि नींद तो आती रहती है लेकिन घबराहट के चलते हम सो नहीं पाते। रातें घड़ी की सुइयां देखते हुए बीत जाती हैं, जिसका नतीजा यह होता है कि हमारी सुबह भी अच्छी नहीं होती। शरीर में भारीपन रहता है, सिर दर्द होता है, आंखों में दर्द-जलन जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं।